## राज्यपाल बोले-जनता के विवेक पर छोड़ता हूं दोनों विश्वविद्यालयों के लिए क्या सही, क्या गलत

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत की। उन्होंने कहा कि कृषि और बागवानी विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्ति को लेकर लिया गया उनका फैसला सही था।

हाईकोर्ट की ओर से रोक लगाने पर कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वह यह प्रदेश की जनता पर छोड़ते हैं कि दोनों विश्वविद्यालय के लिए क्या सही है और क्या गलत है। कृषि



### कहा-हाईकोर्ट की ओर से लगाई रोक पर नहीं की जा सकती टिप्पणी

विश्वविद्यालय पालमपुर और बागवानी विश्वविद्यालय नौणी में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राजभवन और हिमाचल सरकार में टकराव की स्थिति बनी हुई है। राज्य सरकार की ओर से नियुक्ति आदेश खारिज करने के बाद भी राजभवन ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी थी। वीरवार को राजभवन सचिवालय ने कुलपतियों के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 12 अगस्त से बढ़ाकर 18 अगस्त शाम 5 बजे तक कर दिया था। इसी बीच वीरवार को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने कुलपतियों की भर्ती प्रक्रिया पर ही रोक लगा दी है। इसी बीच शनिवार को मीडिया से बात करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हाईकोर्ट ने इस मामले पर स्टे दिया है, मैं इसका स्वागत करता हूं। इस बाबत जो करना होगा, करूंगा।

राज्यपाल ने कहा कि मैं जनता से अपील करता हूं वह विचार करे कि बागवानी और कृषि विश्वविद्यालय के साथ ऐसा क्यों रहा है, सब समझ में आ जाएगा। इससे पहले शनिवार ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। ब्यूरो

अमर उजाला 17 AUG 2025



# हिमाचल में शिक्षकों के 9,535 पद भरेंगे 200 नए सीबीएसई स्कूल खुलेंगे : सुक्खू

## नेरचौक से सरकाघाट शिफ्ट होगा अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विवि, आपदा राहत को 100 करोड़ जारी, 3,000 करोड़ का आपदा न्यूनीकरण प्रोजेक्ट शुरू




सरकाघाट में राज्य सतरीय समारोह में गुर्ज हाथ में लिए सीएम। स्रोत : विभाग

सरकाघाट/शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में शिक्षकों के 9,535 से अधिक पद भरे जाएंगे और प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध 200 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई में बदला जाएगा। सत्र के बीच शिक्षकों की सेवानिवृत्ति नहीं होगी। उन्होंने आपदा राहत के लिए 100 करोड़ जारी करने और आपदा न्यूनीकरण एवं आजीविका सुरक्षा के लिए 3,000 करोड़ का प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की। सौ करोड़ में से अधिकतर राशि आपदा प्रभावित मंडी जिले में खर्च की जाएगी।

**मुख्यमंत्री ने सरकाघाट में की घोषणा**

सीएम सरकाघाट में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल सब्सिडी के लिए 61 करोड़ और ई-तिपहिया वाहनों के 2,000 परमिट जारी किए जाएंगे। अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विवि को नेरचौक से सरकाघाट स्थानांतरित करने का एलान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई साल में सरकारी क्षेत्र में 23,191 और निजी में 51,425 युवाओं को रोजगार मिला है। 5,452 शिक्षकों के पद भरे जा चुके हैं। आगामी समय में शिक्षा विभाग में 9,535 शिक्षकों के पद भरे जाएंगे। अगले माह 1,300 से अधिक युवाओं को पुलिस बल में भर्ती किया जाएगा। पटवारी के 600 पद, जेबीटी के 600 पद, डॉक्टर के 200 पद और पंचायत सचिव के 300 पद भी भरे जाएंगे। >> प्रो. चटर्जी समेत तीन को प्रेरणा स्रोत पुरस्कार ... पेज 2

### नशा मुक्ति रोकथाम पुनर्वास बोर्ड बनेगा

सीएम ने कहा कि नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड का गठन किया जाएगा। इसमें गृह, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, शिक्षा, युवा सेवा एवं खेल, पंचायती राज और कारागार विभाग के विशेषज्ञों के साथ-साथ गैर-सरकारी संगठन और सोशल साइंटिस्ट शामिल किए जाएंगे। उन्होंने एंटी ड्रग समितियों के गठन के निर्देश भी दिए, जिनमें पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एक पुलिस कांस्टेबल शामिल होगा। एचपी-एसएचओ पंचायत स्तर पर कांस्टेबलों की नियुक्ति करेंगे।

### प्रदेश में शुरू होगी एंटी चिट्टा वालंटियर योजना

नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने एंटी चिट्टा वालंटियर योजना शुरू करने की भी घोषणा की। योजना के तहत स्वयंसेवकों को पुलिस और आम जनता के मध्य सेतु का काम करने के लिए तैयार किया जाएगा। युवा स्वयंसेवक चिट्टे की तस्करी रोकने में मदद करने के साथ-साथ जागरुकता अभियानों और पुलिस को समय-समय पर गोपनीय जानकारी उपलब्ध करवाने में भी सहायता करेंगे। इससे ड्रग तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित होगी। स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान करेंगे।

# गांव और पंचायत स्तर पर नशे पर नजर रखेंगी एंटी ड्रग समितियां

शिमला। हिमाचल प्रदेश में नशे की बढ़ती समस्या और युवाओं को चिट्टे से बचाने के लिए गांव और पंचायत स्तर पर एंटी ड्रग समितियां गठित की जाएंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह एलान किया। उन्होंने कहा कि नशों में फंसे युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड स्थापित किया जाएगा। गठित होने वाली एंटी ड्रग समितियों में पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एक पुलिस कांस्टेबल शामिल होगा। पुलिस नशे से संबंधित जानकारी एकत्रित कर समिति के साथ साझा करेगी।

**एंटी चिट्टा वालंटियर योजना होगी शुरू**

पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी की ओर से पंचायत स्तर पर कांस्टेबलों की नियुक्ति, नियमित बैठकें और मासिक रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एंटी चिट्टा वालंटियर योजना शुरू करने की घोषणा की। योजना के तहत स्वयंसेवकों को पुलिस और आम जनता के मध्य सेतु का काम करने के लिए तैयार किया जाएगा। युवा स्वयं सेवक चिट्टे की तस्करी को रोकने में मदद करने के साथ-साथ जागरुकता अभियानों में भाग लेंगे और पुलिस को समय-समय पर गोपनीय जानकारी उपलब्ध करवाने में भी सहायता करेंगे। इससे ड्रग तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी। ब्यूरो

# स्वतंत्रता दिवस सम्मान का पर्व : शुक्ल

शिमला। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजभवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

राज्यपाल ने देश और प्रदेश के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और कर्मचारियों को मिठाइयां वितरित कीं। राज्यपाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राजभवन में तैनात पुलिस गार्ड ने गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। राज्यपाल ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है।

भारत अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। राज्यपाल ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सभी वीर सैनिकों और देश भक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। ब्यूरो

# अटल बिहारी वाजपेयी को अर्पित की श्रद्धांजलि



रिज पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल। संवाद

शिमला। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर रिज मैदान पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, विधायक हरीश जनारथा, नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान, उप महापौर उमा कौशल ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पार्षदगण, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक दूरदर्शी राजनेता थे जिन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में सर्वोच्च नैतिक मूल्यों को बनाए रखा। ब्यूरो

अमर उजाला 17 AUG 2025

# आपदा प्रभावितों के लिए राहत राशि को 25 गुना तक बढ़ाया : अग्निहोत्री

## रिज पर स्वतंत्रता समारोह में उप मुख्यमंत्री ने फहराया तिरंगा, विद्यार्थियों ने डाली महासुवी-किन्नौरी नाटी

संवाद न्यूज एजेंसी

शिमला। रिज मैदान पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर तिरंगा फहराया। इसके बाद भव्य परेड की सलामी ली जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर आशीष कौशल ने किया। सैकड़ों लोगों ने समारोह का लुत्फ उठाया।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि बारिश और बादल फटने से आई बाढ़ की घटनाओं से प्रदेश में जान-माल का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आपदा प्रभावितों के राहत एवं पुनर्वास के लिए हमारी सरकार ने विशेष राहत पैकेज का प्रावधान किया है, जिसमें राहत राशि को 25 गुना तक बढ़ाया है। युवाओं में नशे की बढ़ती आदत गंभीर चिंता का विषय है। इस सामाजिक बुराई के कारण हमने कई बहुमूल्य जीवन खोए हैं। हमारी सरकार ने नशे के आदि व्यक्तियों के उपचार, पुनर्वास और नशे सहित संगठित अपराध को रोकने के लिए विधेयक पारित किए हैं, जिनमें नशा तस्करों को मृत्युदंड, आजीवन कारावास, 10 लाख तक जुर्माना, संपत्ति जब्त करने का प्रावधान, उनके पुनर्वास एवं आजीविका सहायता सहित विभिन्न प्रावधान शामिल हैं। इससे पूर्व पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और एनएसएस टुकड़ियों ने परेड की शानदार प्रस्तुति दी।

स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर रंग जमाया। इसमें जयेश्वरी सांस्कृतिक दल ठियोग ने महासुवी नाटी डाली। इसके अलावा जवाहर लाल नेहरू राजकीय ललित कला महाविद्यालय लोहारब बनूटी की टीम ने देशभक्ति पर आधारित शास्त्रीय नृत्य, संभोता तिब्बतियन स्कूल ने तिब्बतियन नृत्य, धामी कॉलेज की टीम ने सोलन का गिद्दा डाला और राजकीय कन्या महाविद्यालय की टीम ने किन्नौरी नाटी डाली। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रम में राहवीर योजना के तहत अमित चौहान और मनोज कुमार को सम्मानित किया गया। दोनों युवक उत्तराखंड के उत्तरकाशी के रहने वाले हैं। इनको दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने पर प्रशस्ति पत्र दिए गए।

मार्ग बाधित होने के कारण यह दोनों समारोह में शामिल न हो पाए। इनका सम्मान आरटीओ शिमला अनिल शर्मा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन उप मुख्यमंत्री ने चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना योजनाओं का संदेश देते हुए गुब्बारे आसमान में छोड़कर किया।

इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, शहरी विधायक हरीश जनारथा, ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर, रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा, उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम केहर सिंह खाची, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल, उपाध्यक्ष हिमुडा यशवंत छाजटा, अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक देवेंदर श्याम, महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, सचिव जल शक्ति विभाग राखिल काहलों, डीसी अनुपम कश्यप, एसएसपी संजीव कुमार गांधी, भाषा एवं संस्कृति विभाग की निदेशक रीमा कश्यप मौजूद रहीं।



एक दो एक

रिज पर आयोजित समारोह के दौरान परेड का निरीक्षण करते उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। संवाद

### रिज मैदान पर कार्यक्रम में पूर्व डीजीपी ने डाली नाटी

पूर्व डीजीपी रतिराम वर्मा ने रिज मैदान पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नाटी डाली। 92 वर्षीय रतिराम को नाटी डालता देख हर कोई हैरान रह गया है। उन्होंने पूरी लय के साथ नाटी डाली जिसे लोगों ने अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद किया।



### मौसम खुलते ही होगा वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा रिज मैदान पर स्थापित कर दी है। इसका मौसम खुलते लोकार्पण किया जाएगा। बरसात में प्रदेश में हुए भारी नुकसान को देखते हुए प्रतिमा के अनावरण के कार्यक्रम को स्थगित किया है। मौसम खुलने पर कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से इस आयोजन में शामिल होने को लेकर बात कर सरकार अंतिम निर्णय लेगी। वीरभद्र सिंह प्रदेश के बड़े नेता रहे हैं, उन्होंने प्रदेश की जनता के दिलों में 50 साल तक राज किया है। प्रदेश के निर्माण में जिनका भी योगदान रहा है, उनमें हिमाचल निर्माता डॉ. वाईएस परमार की प्रतिमा और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा रिज मैदान पर पहले से लगी है। आधुनिक हिमाचल की आज जो भी तस्वीर है, वह पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की देन है। - **उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री**

### उप मुख्यमंत्री ने किया टीकाकरण का शुभारंभ

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रिज मैदान से मेगा डॉग वैक्सीनेशन (कुत्तों के टीकाकरण) ड्राइव का शुभारंभ किया।

उन्होंने वैक्सीनेशन ड्राइव में प्रयुक्त होने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान ह्यूमन पीपल एनजीओ, रामपुर, मिशन रेबीज, नगर निगम शिमला और पशुपालन विभाग के संयुक्त प्रयास चलेगा। इसमें शहर के सभी 34 वार्डों में कुत्तों का टीकाकरण होगा। अभियान के तहत शहर में करीब 4,000 कुत्तों को रेबीज के टीके लगाए जाएंगे।

### युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

अमर उजाला 16 AUG 2025

# जर्जर स्कूल भवनों से शिफ्ट होंगे बच्चे, मरम्मत कार्यों के लिए 16 करोड़ जारी

## अमर उजाला के अभियान पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने लिया संज्ञान, प्रदेश में 109 स्कूल भवन जल्द होंगे दुरुस्त

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जर्जर स्कूल भवनों में पढ़ाई कर रहे बच्चों को अब जल्द ही सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा। इन भवनों की मरम्मत और नवनिर्माण के लिए राज्य सरकार ने 16 करोड़ मंजूर कर दिए हैं।

अमर उजाला के कैसी है पाठशाला अभियान के तहत प्रकाशित खबरों पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने संज्ञान लेते हुए यह फैसला लिया है। अभियान के तहत कई जिलों में स्कूल भवनों की खस्ताहाल स्थिति को उजागर किया गया, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन स्कूल भवनों की स्थिति जर्जर हो चुकी है, उन्हें चिह्नित कर बच्चों को तुरंत वैकल्पिक सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए।

इसके अलावा नए भवनों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है। विभाग ने यह भी निर्णय लिया है कि भविष्य में नए स्कूल भवनों का निर्माण नदी-नालों या जल स्रोतों के पास नहीं किया जाएगा। फिलहाल राज्य में 10 जिलों के 109 स्कूलों की स्थिति खराब है, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाएगा। अमर उजाला के विशेष अभियान के तहत विभिन्न जिलों से आईं रिपोर्टों में बताया गया कि स्कूलों में कहीं छत टपक रही है, तो कहीं दीवारें झुकी हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जिला अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी को सुनिश्चित करना होगा कि मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। ब्यूरो






विद्यार्थियों की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी हालत में खस्ताहाल भवनों में कक्षाएं नहीं लगाई जाएंगी। भवनों की मरम्मत की जिम्मेदारी हिमुडा को सौंपी है।
**-रोहित ठाकुर, शिक्षा मंत्री**

>> भवन जर्जर, स्कूल लगने के साथ बज रही खतरे की घंटी ... पेज 10

अमर उजाला 17 AUG 2025



# ऊना-हमीरपुर जिले फोरलेन से जुड़ेंगे डीपीआर कंसल्टेंसी के लिए टेंडर जारी

## लठियाणी में गोबिंदसागर पर बनेगा उत्तरी भारत का सबसे लंबा केबल स्टेड ब्रिज

**कमलेश रतन भारद्वाज**

**हमीरपुर।** ऊना-हमीरपुर वाया भोटा फोरलेन निर्माण के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने डीपीआर निर्माण कंसल्टेंसी के लिए टेंडर जारी किया है। ऐसे में यह दोनों जिले अब फोरलेन से जुड़ेंगे।

ऊना के लठियाणी में गोबिंदसागर पर प्रस्तावित उत्तरी भारत के सबसे लंबे केबल स्टेड ब्रिज के दोनों ओर से लठियानी और बिहड़ू को फोरलेन से जोड़ा जाएगा। केंद्रीय मंत्रालय के आदेशों पर पीआईयू यूनिट हमीरपुर ने डीपीआर निर्माण कंसल्टेंसी के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। लठियाणी-बिहड़ू केबल स्टेड ब्रिज के बनने से ऊना से हमीरपुर की दूरी 21 किमी कम हो रही है जबकि अब फोरलेन के निर्माण यह दूरी और घटेगी। खास

एक्सक्लूसिव

बात यह है कि यह फोरलेन 182 किलोमीटर दूरी वाले प्रस्तावित शिमला-कांगड़ा फोरलेन से भोटा क्षेत्र में जुड़ेगा।

लंबे समय से फोरलेन निर्माण को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर प्रयास कर रहे थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष इस मांग को रखा था। इसके बाद अब मंत्रालय ने डीपीआर तैयार करने के लिए कंसल्टेंसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रोजेक्ट के सिरे चढ़ने से सफर अधिक सुगम होगा। फोरलेन की यह डीपीआर भोटा से लठियाणी और बिहड़ू से ऊना तक की तैयार की जाएगी। डीपीआर तैयार होने के बाद ही इसकी दूरी और लागत स्पष्ट हो पाएगी।

मंत्रालय की पीआईयू यूनिट हमीरपुर के अधिकारियों का कहना है कि मंत्रालय के निर्देशों पर डीपीआर निर्माण कंसल्टेंसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसका टेंडर जारी हो गया है। संवाद

**भारतीय राजमार्ग एवं सड़क मंत्रालय ने जारी किया डीपीआर कंसल्टेंसी टेंडर**

### ब्रिज से 21 किमी का सफर कम होगा, फोरलेन से और घटेगी दूरी



ऊना जिले में गोबिंद सागर झील पर लठियाणी से बिहड़ू तक प्रस्तावित उत्तर भारत के सबसे लंबे 860 मीटर फोरलेन केबल स्टेड और वायाडक्ट पुल निर्माण के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से प्रथम चरण की मंजूरी मिल चुकी है। यहां पर टेंडर भी अवार्ड हो गया है। इस पुल के दोनों ओर आठ किमी लंबा फोरलेन भी बनेगा। प्रोजेक्ट की कुल लागत 897 करोड़ प्रस्तावित है। पुल निर्माण से हमीरपुर-ऊना वाया बड़सर की दूरी 80 किमी से 21 किमी कम होकर 59 किमी रह जाएगी। 40 मिनट का सफर भी कम होगा। प्रोजेक्ट में 480 मीटर लंबा केबल स्टेड और 380 मीटर वायडक्ट पुल बनेगा। इस पुल के दोनों छोर की ओर कुल आठ किमी लंबा फोरलेन भी बनेगा। इस फोरलेन पर 50 मीटर का माइनर पुल और 150 मीटर एक वायडक्ट पुल बनेगा। इसके अलावा प्रोजेक्ट में दो व्हीकल ओवर पास और दो व्हीकल अंडर पास का निर्माण भी प्रस्तावित हैं।

# भवन जर्जर, स्कूल लगने के साथ बज रही खतरे की घंटी

## प्राथमिक पाठशाला चटोगा के भवन की न ही मरम्मत की गई न नवनिर्माण, एक कमरे में हो रही 37 बच्चों की पढ़ाई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**चुराह (चंबा)।** उपमंडल के चटोगा गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में स्कूल लगने के साथ ही हर रोज खतरे की घंटी बजने लगती है।

वजह है जर्जर भवन, टूटी दीवारें और बरामदे में उगे पौधे। स्कूल में चार कमरे हैं, लेकिन दो पूरी तरह से जर्जर हैं। एक आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है। ऐसे में सिर्फ एक कमरे में 37 बच्चों की पढ़ाई, मिड डे मील और कार्यालय की व्यवस्था हो रही है।

हालात इतने खराब हैं कि भवन में आईं दरारें, उखड़ा प्लास्टर और झड़ती छतें कभी भी बड़ा हादसा कर सकती हैं। बावजूद इसके,

कैसी है पाठशाला 14

विभाग की ओर से अब तक स्कूल को असुरक्षित घोषित नहीं किया गया है। जबकि पाठशाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) और अभिभावक कई बार विभाग को अवगत करवा चुके हैं। नतीजा यह है कि हर दिन यहां बच्चे डर और खतरे के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं। अभिभावक अशोक कुमार ने कहा कि इस स्कूल में चटोगा के साथ आसपास के गांवों से भी बच्चे आते हैं, स्कूल की हालत ऐसी है कि अभिभावक भी डर में हैं।



**चटोगा प्राथमिक पाठशाला का जर्जर भवन। -संवाद**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला चटोगा में भवन निर्माण संबंधी प्रस्ताव शिक्षा निदेशालय को भेजा गया है। बजट के अभाव में यह कार्य अटका हुआ है। इस बारे में फिर से निदेशालय बात की जाएगी।
**-बलवीर सिंह ठाकुर, उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा चंबा**

तीन कमरे जर्जर हैं, सिर्फ एक में ही पढ़ाई और बाकी सब कुछ चल रहा है। विभाग को कई बार पत्र लिखे, लेकिन कोई असर नहीं हुआ।
**-नरेश कुमार, अध्यक्ष, एसएमसी**

अमर उजाला 18 AUG 2025

# विमल नेगी मौत मामले में शिमला पुलिस के चार अफसर पूछताछ के लिए दिल्ली तलब

**शिमला।** पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शिमला पुलिस के चार अधिकारियों को पूछताछ के लिए दिल्ली तलब किया है।

यह सभी अधिकारी 18 से 21 अगस्त तक दिल्ली के सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड स्थित सीबीआई मुख्यालय में एक-एक कर पेश होंगे। यह घटनाक्रम मामले में महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है, जिसकी जांच उच्च न्यायालय के

### 18 से 21 अगस्त तक चार दिन पूछताछ करेगी सीबीआई

निर्देश पर सीबीआई को सौंपी गई थी। सीबीआई की टीम इन अधिकारियों से चार दिनों तक अलग-अलग और गहनता से पूछताछ करेगी।

शुरुआती पड़ताल में सीबीआई ने कई अहम सबूतों और बयानों को रिकॉर्ड किया है। अब इन चार अधिकारियों से पूछताछ का मकसद उन सभी सबूतों और बयानों की पुष्टि करना है। सीबीआई के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार सीबीआई की टीम प्रत्येक अधिकारी से अलग-अलग पूछताछ करेगी।

नेगी के परिजनों ने मौत के कारणों पर सवाल उठाए थे और पुलिस की शुरुआती जांच पर असंतोष व्यक्त किया था। विमल नेगी का शव मार्च में बिलासपुर जिले की गोबिंदसागर झील में मिला था। नेगी की पत्नी ने आरोप लगाया कि विमल नेगी कार्यस्थल पर उत्पीड़न और दबाव का सामना कर रहे थे। पुलिस की शुरुआती जांच पर कई सवाल उठे थे। ब्यूरो

# मानसून सत्र : भाजपा आज, कांग्रेस विधायक दल कल बनाएगा रणनीति

**शिमला।** विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल रविवार शाम सात बजे सरकार के खिलाफ रणनीति बनाएगा। वहीं भाजपा पर जवाबी हमले के लिए कांग्रेस विधायक दल सोमवार सुबह 10 बजे ओकओवर शिमला में रणनीति बनाएगा।

नेता विपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में होने वाले बैठक में प्रदेश सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। प्राकृतिक आपदा में सरकार

### आपदा में अनदेखी, संस्थान शिफ्ट करने पर घेरेगी भाजपा कांग्रेस भी रहेगी आक्रामक

की अनदेखी, महत्वपूर्ण संस्थानों का अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरण और कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति जैसे मुद्दों को प्रमुखता से सदन में उठाने को लेकर भाजपा चर्चा करेगी।

भाजपा बेरोजगारी, ट्रेनी नीति, लंबित महंगाई भत्ते और वेतन एरियर के मामलों को भी उठाएगी। वहीं, मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर सोमवार को होने जा रही बैठक में कांग्रेस विधायक दल सदन के भीतर आक्रामक रुख की तैयारी कर चुकी भाजपा के खिलाफ हमलावर रहेगा। इसके लिए रणनीति सत्र शुरू होने से ठीक तीन घंटे पहले बनेगी। सत्ता पक्ष इस मुद्दे पर विपक्ष के खिलाफ केंद्र से मदद नमिलने की बात कर जवाबी हमला बोलेगा। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि सत्र के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। ब्यूरो

# शानन परियोजना की पैन स्टॉक नंबर तीन में रिसाव

**जोगिंद्रनगर (मंडी)।** शानन प्रोजेक्ट के पैन स्टॉक नंबर तीन में अचानक रिसाव होने से परियोजना प्रबंधन में अफरातफरी का माहौल रहा। पावर हाउस में करीब दस घंटे विद्युत उत्पादन ठप रहा। पावर हाउस में कर्मचारियों की मुस्तैदी से बड़ा हादसा टला।

50 मेगावाट विद्युत परियोजना की एक मशीन की पैन स्टॉक नंबर तीन में हुए रिसाव को दुरुस्त करने के लिए तकनीकी कर्मचारियों को भी घंटों मशक्कत करनी पड़ी। रिसाव के बाद कर्मचारियों ने बरोट स्थित जलाशय से पानी की आपूर्ति रुकवाई।

पैन स्टॉक का मरम्मत कार्य पूरा कर 50 मेगावाट की टरबाइन में विद्युत उत्पादन फिर शुरू करवाया। शानन प्रोजेक्ट के एसई भूपेंद्र सिंह ने कहा कि शानन प्रोजेक्ट की पैन स्टॉक के ज्वाइंटों में अचानक हुए पानी के रिसाव से पावर हाउस को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची। संवाद

अमर उजाला 17 AUG 2025



## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद का दावेदार नहीं, पर जिम्मेदारी मिली तो निभाऊंगा : विनय

हमीरपुर। अगर कांग्रेस आलाकमान हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मुझे



सौंपती है, तो मैं सहजता से उसका पालन करूंगा। यह बात हमीरपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह में पहुंचे विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के दावेदार नहीं हैं। मगर मुख्यमंत्री ऐसा चाहते हैं तो वह इसका स्वागत करते हैं। कांग्रेस में वन मैन वन पोस्ट के चलते अगर उनसे सरकार इस्तीफा मांगती है, तो वह देने को तैयार हैं। आगामी विधानसभा सत्र को लेकर पूछे गए प्रश्न पर विनय कुमार ने बताया कि सत्र के लिए विधायकों की ओर से पूछे जाने वाले प्रश्नों के जवाब सरकार ने तैयार कर लिए हैं। विपक्ष की भूमिका अहम होती है और प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान चर्चा की जाएगी। संवाद

## पंप ऑपरेटरों के 1,386 पद सृजित करने के आदेश जारी

शिमला। प्रदेश सरकार ने जल शक्ति विभाग में पंप अटेंडेंट के 1386 पदों के सृजन के आदेश जारी किए हैं। 31 दिसंबर 2024 तक 12 वर्ष या उससे अधिक की सेवा पूरी कर चुके 1386 जल रक्षकों को विभाग में 18,000-56,900 रुपये वेतन मैट्रिक्स पर तैनाती के आदेश दिए हैं। जल शक्ति विभाग की सचिव राखिल काहलों की ओर से जारी निर्देशों में भविष्य में विभाग में पंप अटेंडेंट के पद पर रिक्तियां होने पर जल रक्षकों से ही पद भरे जाएं, जब तक विभाग में पदों की संख्या 1,386 नहीं हो जाती। निर्देशों में साफ कहा गया है कि सरकार द्वारा बनाई गई नीति का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। ब्यूरो

# कांग्रेस विधायकों को दूसरे प्रदेशों में सौंपी गईं अहम जिम्मेदारियां

## कुलदीप राठौर, रघुबीर बाली, सुरेश कुमार को मिली जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

जाहू/नगरोटा बगवां। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने चार राज्यों में जिला कांग्रेस कमेटी के चुनाव के लिए 121 प्रभारी संगठन सृजन अभियान के लिए नियुक्त किए हैं।

कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पंजाब में 29, उत्तराखंड में 26, झारखंड में 31 और ओडिशा में 35 प्रभारी लगाए हैं। हमीरपुर के भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार को पंजाब में संगठन सृजन अभियान का प्रभारी बनाया गया है। वह मध्य प्रदेश में भी प्रभारी रह चुके हैं।

कांगड़ा जिला के नगरोटा के विधायक रघुबीर सिंह बाली को भी पंजाब में प्रभारी लगाया गया है।

### इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन को बनाया गया झारखंड का पर्यवेक्षक

शिमला जिला के ठियोग-कुमारसैन के विधायक एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप राठौर को उत्तराखंड में संगठन सृजन अभियान में प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन को झारखंड का पर्यवेक्षक बनाया गया है। इससे पहले भी वे पंजाब सहित अन्य राज्यों में पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व निभा चुके हैं।

चारों ही विधायकों को संगठन के क्षेत्र में लंबा अनुभव है। इससे कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान को मजबूती मिलेगी।

# संस्थानों को बदलना सरकार की संकीर्ण मानसिकता : जयराम

## मेडिकल विवि बदलने की घोषणा पर जताई नाराजगी

मंडी। पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में संस्थानों को बदलना और उन्हें बंद करना प्रदेश सरकार की संकीर्ण मानसिकता का उदाहरण है।

उन्होंने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को नेरचौक से सरकाघाट शिफ्ट करने की घोषणा पर आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल में या तो संस्थानों को बंद किया है या फिर राजनीतिक लाभ से उन्हें बदला है।



पत्रकारों से मंडी में बात करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि संस्थान को बार-बार बदलने की जरूरत ही क्या है। बेहतर होता कि सीएम सरकाघाट के लिए कुछ नई सौगातें देते। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश के नाम संबोधन में देश के विकास का नया विजन प्रस्तुत किया। संवाद

अमर उजाला 17 AUG 2025

# मेडिकल विवि को शिफ्ट करने की घोषणा पर सियासी उबाल, सड़क पर उतरी भाजपा

## सरकाघाट शिफ्ट करने का विरोध, भाजपा नेता बोले-यूनिवर्सिटी के लिए एकजुट होकर करेंगे संघर्ष

संवाद न्यूज एजेंसी

**नेरचौक (मंडी)।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अटल मेडिकल एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय को बल्ह से हटाकर सरकाघाट ले जाने की घोषणा के खिलाफ शनिवार को भाजपा ने नेरचौक में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नेरचौक बाजार से मेडिकल कॉलेज तक रैली निकाली और सुक्खू सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रैली विधायक इंद्र सिंह गांधी की अध्यक्षता में निकाली गई। रैली के बाद मुख्यमंत्री को नायब तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद से सुक्खू प्रदेश में विकासात्मक कार्यों की बजाय केवल संस्थानों को बंद करने और उन्हें इधर-उधर शिफ्ट करने की राजनीति कर रहे हैं। सुक्खू का मंडी जिला से लगाव कैसा है, यह इसी बात से साफ हो जाता है कि उन्होंने अब तक मंडी में खोले गए संस्थानों को बंद करने या अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। कांग्रेस सरकार केवल घोषणाओं और संस्थान शिफ्ट करने की राजनीति तक सीमित है, जबकि मंडी के लोगों को वास्तविक विकास की सख्त जरूरत है।

इस अवसर पर जिला मंडी भाजपा अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को बल्ह से किसी भी कीमत पर बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। यदि सरकार ने जबरदस्ती इसे हटाने का प्रयास किया तो बल्ह की जनता और भाजपा व्यापक संघर्ष छेड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह यूनिवर्सिटी बल्ह क्षेत्र के युवाओं और आने वाली पीढ़ी के लिए बड़ी सौगात है और इसे छीनने का कोई भी कदम जनता के साथ अन्याय होगा। धरने में भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

सभी ने एक सुर में कहा कि यूनिवर्सिटी को बल्ह से किसी कीमत पर हटाया नहीं जाएगा और जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि बल्ह की जनता अपनी यूनिवर्सिटी की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेगी।




नेरचौक में मेडिकल यूनिवर्सिटी को शिफ्ट करने की घोषणा के विरोध में रैली निकालते हुए। संवाद

### वीरभद्र के योगदान से मिला विवि, मुख्यमंत्री सुक्खू से करेंगे बात

*नेरचौक को मेडिकल कॉलेज मिलने के बाद मेडिकल यूनिवर्सिटी मिली थी। इसमें तत्कालीन सीएम वीरभद्र सिंह व तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ठाकुर का योगदान है। विवि शिफ्ट करने के बारे में सीएम सुक्खू से बात की जाएगी। इसके बाद जनता के अनुरूप आगामी फैसला लेंगे। -प्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बल्ह*

## नेरचौक से सुंदरनगर, फिर बल्ह, अब सरकाघाट जाएगी मेडिकल यूनिवर्सिटी

**मंडी।** प्रदेश के इकलौते अटल मेडिकल एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय को अपने स्थायी भवन के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। सुंदरनगर के बाद बल्ह में जमीन की तलाश का कार्य जारी है, लेकिन इसी बीच मुख्यमंत्री ने इस विश्वविद्यालय को सरकाघाट शिफ्ट करने की घोषणा कर दी है। अब सरकाघाट में जमीन तलाशी जाएगी। प्रथम चरण में कम से कम 100 बीघा से अधिक भूमि की जरूरत रहेगी।

### स्थायी परिसर के लिए करना पड़ेगा इंतजार

इससे पहले सुंदरनगर के पास यूनिवर्सिटी के कैंपस के लिए चिह्नित की गई 130 बीघा भूमि को यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने खारिज कर दिया था। यहां चिह्नित की गई भूमि का जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और अन्य संस्थाओं के माध्यम से सर्वे करवाया गया। जांच में पाया गया कि यह भूमि स्थिर नहीं है। चिह्नित की गई भूमि के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से अनुमति मिल गई थी और इसे अधिग्रहीत करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी। करीब एक करोड़ रुपये पर्यावरण क्षति की एवज में भी जमा करवाने की तैयारी थी। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सुंदरनगर में जमीन का मामला बंद हो गया था। इसके बाद बल्ह घाटी में ही जमीन की तलाश की जा रही थी। तीन साइट देखी गई थीं, लेकिन अभी तक कोई फाइनल नहीं की गई है। अब यह सारा मामला सरकाघाट शिफ्ट हो गया है। मेडिकल विश्वविद्यालय के पहले चरण के लिए कम से कम 100 बीघा भूमि की आवश्यकता है। इसमें कैंपस बनाया जाएगा। इसमें प्रशासनिक भवन, लेक्चर रूम, सेमिनार हॉल, लेबोरेट्री, टीचर ट्रेनिंग सेंटर और रेजिडेंशियल कांप्लेक्स सहित अन्य आधारभूत ढांचा तैयार किया जाएगा। संवाद

पंजाब केसरी 17 AUG 2025

# आपदा राहत के लिए 100 करोड़, शिक्षकों के 9,535 पद भरे जाएंगे : सुक्खू

## राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने की आपदा न्यूनीकरण एवं आजीविका सुरक्षा परियोजना के लिए 3 हजार करोड़ रुपए की घोषणा

### पटवारी व जे.बी.टी. के 600-600, डाक्टर के 200 और पंचायत सचिव के 300 पदों पर होगी नियुक्ति

सरकाघाट(मंडी), 16 अगस्त (महाजन): प्रदेश में 79वां राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जिला मंडी के सरकाघाट में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभाव के कारण प्रदेश में आपदा की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने (शेष पृष्ठ 2 कालम 5 पर)



*सरकाघाट : मंडी के सरकाघाट में आयोजित 79वें राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सलामी लेते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू। (महाजन)*

### आपदा राहत के...

ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभाव के कारण प्रदेश में आपदा की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष, 2023 में प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश को 10,000 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ था। केंद्र सरकार द्वारा किए गए आकलन के बावजूद हिमाचल को 2 वर्ष के उपरांत क्षतिपूर्ति के रूप में मात्र 1,500 करोड़ रुपए ही मिले।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार शीघ्र ही आपदा प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

आपदा प्रभावितों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए अतिरिक्त 100 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त आपदा न्यूनीकरण और आजीविका की सुरक्षा के उद्देश्य से 3,000 करोड रुपए की परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की। राज्य चयन आयोग द्वारा पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए कम्प्यूटर आधारित परीक्षाओं को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सोलर पैनल सबसिडी के लिए 61 करोड़ रुपए तथा बेरोजगार युवाओं के 2000 ई-थ्री-व्हीलर टैक्सी के परमिट जारी करने की घोषणा की। इस वर्ष आपदाओं में जान गंवाने वाले 222 लोगों और सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में मसेरन बस दुर्घटना के 8 मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**सत्र के बीच नहीं होंगी सेवानिवृत्तियां :** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने घोषणा की कि सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों के शिक्षक अब शैक्षणिक सत्र के मध्य में नहीं, बल्कि सत्र के अंत में सेवानिवृत्त होंगे। इसके अलावा, उन्होंने राज्य में 200 सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम आधारित स्कूल खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आगामी समय में शिक्षा विभाग में 9,535 शिक्षकों के पद भरे जाएंगे। इसके अलावा पटवारी के 600 पद, जे.बी.टी. के 600 पद, डाक्टर के 200 पद और पंचायत सचिव के 300 पद भी भरे जाएंगे।

**एंटी चिट्टा वालंटियर योजना शुरू होगी :** नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने एंटी चिट्टा वालंटियर योजना शुरू करने की भी घोषणा की। योजना के तहत स्वयंसेवकों को पुलिस और आम जनता के मध्य सेतु का काम करने के लिए तैयार किया जाएगा। इन स्वयंसेवकों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड के गठन की भी घोषणा की।

**नुक्सान के मुकाबले केंद्र से मदद नहीं मिली : अग्निहोत्री :** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल में आपदा से बहुत नुक्सान हो रहा है। पहले 10 से 12,000 करोड़ का नुक्सान हुआ, लेकिन उसके मुकाबले में केंद्र से मदद नहीं मिल पाई।

इस बार फिर नुक्सान हुआ। खासतौर पर जल शक्ति विभाग को बहुत नुक्सान हुआ। केंद्र से मदद का आग्रह किया है, साथ ही अपने संसाधनों से भी प्रयास किए जा रहे हैं।

**प्रदेशवासियों के साहस की सराहना करता हूं : राज्यपाल :** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि सरकार आपदा से निपटने के लिए काम रही है। वह खुद प्रदेश के कई आपदा क्षेत्रों में गए हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रदेशवासियों के साहस की सराहना करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि जिस सड़क से जाने में मुझे डर लग रहा था, वहां वे फर्राटे से चल रहे थे।

## आपदा प्रभावित परिवारों को बसाने के लिए थोड़ी ढील दे केंद्र सरकार

शिमला, 16 अगस्त (राक्टा): मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आपदा प्रभावित अपने रिश्तेदार या दोस्त को 5 या 10 बिस्वा भूमि देगा तो उसकी रजिस्ट्रेशन फीस नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि जो प्रभावित परिवार हैं, वे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नहीं बसना चाहते हैं। ऐसे में केंद्र प्रदेश सरकार को अधिकार दे, ताकि आपदा प्रभावित परिवारों को वन भूमि में एक बीघा भूमि उपलब्ध करवाकर बसाया जा सके। मुख्यमंत्री शनिवार को शिमला में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश का जो 68 प्रतिशत भाग है, वह वन भूमि है तथा 32 प्रतिशत प्रदेश जनता के पास बच जाता है। इसे देखते हुए यदि केंद्र सरकार थोड़ी सी भी ढील देगी तो आपदा प्रभावितों को वन क्षेत्र में भूमि उपलब्ध करवाकर बसाया जा सकता है।

## एच.डी.एफ.सी. बैंक ने मुख्यमंत्री को ई-एम्बुलैंस उपलब्ध करवाने का दिया प्रस्ताव

शिमला, 16 अगस्त (ब्यूरो): मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से शनिवार ओकओवर में एच.डी.एफ.सी. बैंक के जोनल हैड विनोद शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक जि[illegible]ी पहल के तहत ई-एम्बुलैं[illegible]उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव दिया।

मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत अनेक अभिनव पहल की हैं और प्रदेश में ई-वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बैंक की यह पहल न केवल आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के सरकार के दृष्टिकोण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर और कलस्टर हैड शिवेंद्र श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।



*शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट करते हुए एच.डी.एफ.सी. के जोनल हैड विनोद शर्मा। (नि.स)*

38

पंजाब केसरी 17 AUG 2025

# कुलपति की नियुक्ति को लेकर राजभवन-राज्य सरकार फिर आमने-सामने

## विश्वविद्यालय के हित में जो किया है, वह सही : राज्यपाल

## चांसलर की पावर स्टेट लैजिस्लेटिव, सरकार की डायरैक्शन पर अमल होना चाहिए : सुक्खू

शिमला, 16 अगस्त (राक्टा): कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में कुलपति की नियुक्ति को लेकर फिर राजभवन और राज्य सरकार आमने-सामने हैं। शनिवार को रिज मैदान में एक कार्यक्रम के बाद राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि हाईकोर्ट के निर्णय पर वह कमैंट नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के हित के लिए उन्होंने जो किया है, वह सही था। हाईकोर्ट ने उस पर स्टे दिया है, जिसका वह आदर करते हैं। उन्होंने कहा कि जो करना होगा, वह करूंगा। साथ ही राज्यपाल ने कहा कि वह यह फैसला हिमाचल में रहने वाले लोगों पर छोड़ेंगे कि कृषि और बागवानी विश्वविद्यालय के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता विचार करे तो खुद सब समझ आ जाएगा।

वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्यपाल संवैधानिक पद पर हैं और वह उनका बहुत सम्मान करते हैं। विधानसभा ने कृषि व बागवानी वि.वि. से संबंधित बिल राजभवन को भेजा है, जो काफी समय से वहां पड़ा था और अब उन्होंने ऑब्जैक्शन लगाकर उसको वापस भेजा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चांसलर की पावर स्टेट लैजिस्लेटिव ने दी है। ऐसे में विधानसभा ने उन्हें चांसलर नियुक्त किया है और जब सरकार कोई डायरैक्शन देती है तो उस पर अमल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टेट लैजिस्लेटिव ने कहा कि जो भी यूनिवर्सिटी होगी, उसमें चांसलर गवर्नर होंगे, वह संवैधानिक नहीं है। वह राज्य सरकार द्वारा दी गईं शक्तियां हैं।

कई यूनिवर्सिटी जैसे अटल मैडीकल यूनिवर्सिटी है, उसमें गवर्नर को चांसलर की पावर स्टेट ने नहीं दी है, जबकि कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और डा. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में पावर स्टेट लैजिस्लेटिव ने दी है। उन्होंने कहा कृषि मंत्री जगत सिंह नेगी और कृषि सचिव ने पत्र लिखकर राजभवन को कहा था कि आप अभी कुलपति की एड को विज्ञापित न करें। राज्य सरकार ने इस विज्ञापन को वापस लिया लेकिन राजभवन ने फिर भी कुलपति के आवेदन की डेट बढ़ा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जल्द राज्यपाल से मिलेंगे और कोई न कोई समाधान निकालेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल के समक्ष किस प्रकार से किस अधिकारी ने केस पुटअप किया, वह अलग विषय है। राज्यपाल हमेशा हिमाचल के हितों की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक्ट ही नहीं, कई अन्य एक्ट भी राजभवन के पास पड़े हैं।



शिमला : पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल। (नरेश)

### क्या है मामला

गौर हो कि राजभवन ने 21 जुलाई को कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में कुलपति की नियुक्ति के लिए एक विज्ञापन जारी किया। 12 अगस्त को राज्य सरकार ने इस विज्ञापन को खारिज कर दिया। 13 अगस्त को राजभवन ने इस विज्ञापन को कंटिन्यू करते हुए आवेदन की तिथि 18 अगस्त तक बढ़ा दी।



शिमला : पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर रिज स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह व अन्य। (नरेश)

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

इससे पहले राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को ऐतिहासिक रिज पर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि वह एक दूरदर्शी राजनेता थे, जिन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में सर्वोच्च नैतिक मूल्यों को बनाए रखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का सभी सम्मान करते हैं और वह एक प्रखर और सच्चे राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने कहा कि वह अपने विचारों की स्पष्टता के लिए जाने जाते थे। कुल्लू जिले के प्रीणी में उनका घर है और हिमाचल प्रदेश से उनका विशेष लगाव था। वहीं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी दिवंगत नेता को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, विधायक हरीश जनारथा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान और अन्य गण्यमान्य लोग भी उपस्थित थे।

पंजाब केसरी 17 AUG 2025



# राज्यपाल ने दीं ठियोग दिवस की शुभकामनाएं, नशा मुक्त व समृद्ध हिमाचल का किया आह्वान

ठियोग, 16 अगस्त ( मनीष): ठियोग दिवस के अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने क्षेत्र के लोगों को शुभकामनाएं दीं। ठियोग में आयोजित समारोह में जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राज्य के विकास में क्षेत्र के लोगों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ठियोग प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध है और यहां के लोग मेहनती और साहसी हैं। राज्यपाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 में 20,000 से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ठियोग को बधाई दी।

उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी और पर्यटन के क्षेत्र में ठियोग की निरंतर प्रगति की सराहना की और यहां के युवाओं में देशभक्ति और देश सेवा की भावना पर प्रकाश डाला।

प्रजामंडल आंदोलन के सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस अमृतकाल में प्रत्येक नागरिक को देश के निर्माण में सार्थक योगदान देने की आवश्यकता है। उन्होंने जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वदेशी अपनाने पर बल दिया। राज्यपाल ने ठियोग के लोगों से नशे के विरुद्ध लड़ाई में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संकल्प की शक्ति से भी क्षेत्र के लोगों ने स्वच्छता में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और नशे के खिलाफ लड़ाई में भी एकजुटता से जीत हासिल की जा सकती है।



इस अवसर पर राज्यपाल ने श्याम द्वारा लिखित नशे के प्रति जागरूकता पर आधारित गीत भी लॉन्च किया। उन्होंने समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए विशिष्ट जनों को भी सम्मानित किया।

इससे पहले विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने राज्यपाल का स्वागत किया और प्रजामंडल आंदोलन को याद करते हुए कहा कि इस आन्दोलन ने शासक को जनता को सत्ता सौंपने के लिए मजबूर किया था। इसके परिणामस्वरूप ठियोग दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई।

नगर परिषद ठियोग के अध्यक्ष अनिल ग्रोवर ने समारोह के ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उपाध्यक्ष नीतू मेहता ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। स्थानीय कलाकारों द्वारा चोलटू नृत्य और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

# शिमला में मैगा डॉग वैक्सीनेशन ड्राइव शुरू, उपमुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखा वाहन किया रवाना

शिमला, 16 अगस्त (संतोष): शिमला शहर में मैगा डॉग वैक्सीनेशन ड्राइव शुरू हो गई है। इस मैगा ड्राइव का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऐतिहासिक रिज मैदान से करते हुए वैक्सीनेशन ड्राइव में प्रयुक्त होने वाले वाहनों को ग्रीन फ्लैग दिखाकर रवाना किया।

यह अभियान ह्यूमन पीपल एन.जी.ओ. रामपुर, मिशन रैबीज नगर निगम शिमला और पशुपालन विभाग के संयुक्त प्रयास से शिमला शहर में 15 से 29 अगस्त तक चलेगा, जिसमें शिमला नगर निगम के सभी 34 वार्ड कवर किए जाएंगे और लगभग 4,000 आवारा डॉग्स को रैबीज का टीका लगाया जाएगा।

रैबीज कंट्रोल शिमला के जिला नोडल अधिकारी डा. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संगठन मिशन रैबीज जो विश्वभर में रैबीज उन्मूलन के लिए कार्यरत है, पहली बार हिमाचल प्रदेश में यह अभियान संचालित कर रहा है। यह पहल न केवल रैबीज नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, अपितु यह पशु कल्याण एवं मानवीय मूल्यों का भी प्रतीक है।



शिमला : शहर में मैगा डॉग वैक्सीनेशन ड्राइव का शुभारंभ करने के दौरान इसके लिए प्रयुक्त होने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। (नरेश)



शिमला : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गंज मंदिर में शीश नवाते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। (नरेश)

# उपमुख्यमंत्री ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिमला के गंज बाजार स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने भगवान के श्री चरणों में शीश नवाकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना आयोजित की गई, जिसमें उपमुख्यमंत्री ने भी सहभागिता की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि यह जीवन में धर्म, कर्तव्य और निष्ठा का संदेश भी देता है।

उन्होंने प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और समाज में भाईचारे, एकता और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंदिर कमेटी को 10 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

इस मौके पर शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान व अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस पूरे कार्यक्रम में उत्साह एवं भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

पंजाब केसरी

17 AUG 2025

# शिमला को 24 घंटे पानी देने के लिए 872 करोड़ की योजना 2028 में होगी पूर्ण : अग्निहोत्री

## उपमुख्यमंत्री ने शिमला में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में फहराया तिरंगा

शिमला, 16 अगस्त (संतोष): जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की। उन्होंने ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली, जिसका नेतृत्व इंस्पैक्टर आशीष कौशल ने किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि हिमाचल ने भी स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। हमारे वीर जवानों ने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई, अपितु स्वतंत्रता के बाद भी राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा में अपनी वीरता का परिचय दिया है। यह गर्व की बात है कि हमारे प्रदेश के वीर सपूतों को देश सेवा के लिए 4 परमवीर चक्र, 2 अशोक चक्र, 10 महावीर चक्र और 24 कीर्ति चक्रों से नवाजा गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए ई-टैक्सी योजना शुरू हुई, जिसमें ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के तहत अभी तक 75 लाभार्थियों को अनुदान राशि प्रदान की जा चुकी है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला प्रदेश का अहम जिला है। शिमला शहर में 1734.70 करोड़ रुपए की लागत से देश का सबसे लंबा और दुनिया का दूसरा सबसे लंबा रोपवे बनने जा रहा है, जिसकी लम्बाई 13.79 किलोमीटर होगी। यह परियोजना स्वीकृति के अंतिम चरण में है और आगामी वर्षों में इसे जमीनी हकीकत में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह परियोजना 4 साल में पूरी हो सकेगी।

शहर में 50 करोड़ रुपए की लागत के 19 इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट बन रहे हैं, जिसमें लिफ्ट और एस्केलेटर इत्यादि शामिल हैं। शिमला शहर को शुद्ध पानी देने के लिए व्यापक योजनाओं पर काम चल रहा है। सतलुज नदी से शिमला को पानी देने के लिए 587 करोड़ रुपए की योजना तैयार है और इसी महीने इसकी टैस्टिंग शुरू की जाएगी, जबकि शिमला शहर के भीतर 24 घंटे पानी देने लिए 872 करोड़ रुपए की योजना पर काम चल रहा है, जिसे 2028 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उसके पश्चात उपमुख्यमंत्री ने चिल्ड्रन ऑफ स्टेट, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत इन योजनाओं का संदेश देते गुब्बारे आसमान में छोड़े।

वहीं, कार्यालय महालेखाकार (ए.जी. ऑफिस) में भी स्वतंत्रता दिवस की धूम रही। मुख्यातिथि प्रधान लेखाकार सुशील ठाकुर ने ध्वजारोहण किया और इसके साथ ही पौधारोपण अभियान चलाया गया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर साहस एन.जी.ओ. द्वारा संजौली में पौधारोपण व सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संस्था की और से हनीश चोपड़ा द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की गई। सूद सभा शिमला में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सूद सभा के प्रधान सी.ए. राजीव सूद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एस.एफ.आई. ने राज्य भर में झंडा-रोहण और जुलूस आयोजित किए, जिनमें शहीदों और इंकलाबी सिपाहियों की बेमिसाल कुर्बानियों और संघर्षों को याद किया गया, जिन्होंने औपनिवेशिक जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी। शिमला के सेंट थॉमस विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रा.व.मा.पा. खलग में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी रामलाल व एन.सी.सी. अधिकारी कमलेश कुमार की अगुवाई में स्वयंसेवियों व एन.सी.सी. कैडेट्स ने स्वतंत्रता दिवस मनाया।

**वीरभद्र की प्रतिमा का जल्द होगा लोकार्पण :** उन्होंने बताया कि आधुनिक हिमाचल के निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा रिज मैदान पर स्थापित कर दी गई है, जिसका जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा।

**विश्वविद्यालय में कुलपति ने तिरंगा फहराया :** एच.पी.यू. के कुलपति आचार्य महावीर सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के परिसर में ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिस और विश्वविद्यालय सुरक्षा टुकड़ी के संयुक्त गार्ड से सलामी ली। इस दौरान अधिष्ठाता अध्ययन आचार्य बी.के. शिवराम, कुलसचिव ज्ञान सागर नेगी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण आचार्य ममता मोक्टा, अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद आचार्य हरि मोहन, परीक्षा नियंत्रक आचार्य श्याम लाल कौशल, निदेशक सी.डी.ओ.ई. आचार्य प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। समारोह में अमर शहीद सिपाही धर्मेंद्र सिंह के पिता नरपत राम वर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अमर शहीद सिपाही धर्मेंद्र सिंह को स्मरणांजलि प्रस्तुत की गई।





शिमला : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रिज मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह के दौरान परेड का निरीक्षण करते व (दाएं) कलाकारों को सम्मानित करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। (नरेश)



शिमला : स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में आयोजित ऐट होम कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल। (नरेश)

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों वाले प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**कार्यक्रम** के दौरान जवाहर लाल नेहरू राजकीय ललित कला महाविद्यालय लोहारब बनूटी की टीम ने देशभक्ति पर आधारित शास्त्रीय नृत्य, जयेश्वरी सांस्कृतिक दल जैस ठियोग ने महासुवी नाटी, सम्भोता तिब्बतियन स्कूल ने तिब्बतियन नृत्य, राजकीय महाविद्यालय धामी की टीम ने सोलन का गिद्दा और राजकीय कन्या महाविद्यालय की टीम ने किन्नौरी नाटी की प्रस्तुति दी, जिनका लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। उपमुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि और सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया।

## रिज पर पूर्व डी.जी.पी. नाटी पर झूमे

**शिमला :** शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह इस बार एक अनोखी याद छोड़ गया। समारोह में जहां परेड, तिरंगा फहराना और सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे, वहीं 92 वर्षीय पूर्व पुलिस महानिदेशक (डी.जी.पी.) रत्ती राम वर्मा का नाटी पर थिरकना सबसे बड़ा आकर्षण बना रहा। वह अपने आप को नहीं रोक पाए और नाटी पर खूब थिरके।

## बधाल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं होने से निराशा

रामपुर बुशहर, 16 अगस्त (नोगल) : उपमंडल रामपुर के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बधाल में इस वित्त वर्ष में स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया, जिसके कारण स्थानीय लोगों में भारी रोष है। हालांकि बीते 30 वर्षों से इस स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था, लेकिन इस वर्ष स्कूल के मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया। स्वतंत्रता दिवस के आयोजन न होने से क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस वर्ष बच्चों में सांस्कृतिक आयोजन के लिए बना मनोबल भी टूट गया।

वहीं पंचायत वालों ने भी इस आयोजन के लिए कोई रुचि नहीं दिखाई है। अभिभावकों का कहना है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम दराली, बधाल, बधाल-2, हूमतु, नैनी, के अलावा बाहा क्षेत्र के लोगों भी कार्यक्रम में रुचि दिखाते हैं। इसके अलावा स्थानीय बच्चों, ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों ने पंचायत प्रतिनिधियों से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने का आग्रह किया है। पंचायत प्रधान विजय लक्ष्मी ने बताया कि इस वर्ष वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में प्रतिवर्ष 15 अगस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के मैदान में किया जाता है। स्कूल प्रधानाचार्य पुरुशोतम ने बताया कि वह 2 दिन से अवकाश पर है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया है।

पंजाब केसरी 17 AUG 2025

51

# रिकांगपिओ में राजस्व मंत्री ने फहराया तिरंगा

## आई.टी.बी.पी. मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79 वां जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह



रिकांगपिओ : स्वतंत्रता दिवस पर परेड का निरीक्षण करते हुए राजस्व मंत्री। (रिपन)





रिकांगपिओ : स्वतंत्रता दिवस पर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए कलाकार व (नीचे) भू-पट्टे प्रदान करने के बाद लाभार्थियों के साथ राजस्व मंत्री सामूहिक चित्र में। (राजकुमार)

रिकांगपिओ, 16 अगस्त (रिपन): जनजातीय क्षेत्र जिला किन्नौर में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह आई.टी.बी.पी. मैदान रिकांगपिओ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने की।

इस अवसर पर उन्होंने जिला किन्नौर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली।

### 40 लोगों को बांटे भू पट्टे

इस अवसर पर वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत आज किन्नौर जिले के 40 लोगों को राजस्व मंत्री द्वारा भू-पट्टे प्रदान किए गए तथा भूमिहीन व्यक्तियों को उनके अपनी जमीन का मालिकाना हक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राजस्व मंत्री ने कहा कि आज का दिन देश के उन सभी वीरों के नाम होता है जिन्होंने हमे आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलवाई।

वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत उरनी में देवता बद्रीनारायण व बुगाग नागस द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन नागस मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अनिल कुमार नेगी रहे, जबकि प्रधान ग्राम पंचायत उरनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भव्य परेड का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व पुलिस विभाग के सब इंस्पैक्टर बलबीर सिंह ने किया। इस दौरान आई.टी.बी.पी, पुलिस व महिला बल, पुरुष तथा महिला होमगार्ड, एन.सी.सी. एन.एस.एस., स्काऊट एंड गाइड व गृह रक्षा बैंड सहित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्पा व कोठी के बैंड ने परेड में भाग लिया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग किन्नौर, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रिकांगपिओ, महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग के जिला कल्याण कार्यालय व जिला कार्यक्रम कार्यालय रिकांगपिओ ने विभागीय झांकियों का भव्य प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान विभिन्न स्कूलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों, प्रेरणास्त्रोत लोगों, परेड में भाग लेने वाले जवानों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को मुख्यातिथि द्वारा स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

पंजाब केसरी 17 AUG 2025

# मेले और त्यौहार हमारी समृद्ध संस्कृति के प्रतीक : रोहित ठाकुर

ठियोग, 16 अगस्त (मनीष): प्रदेश शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिलाघुंड ऐतिहासिक रिहाली मेले में भाग लेकर देवता ग्रहणेश्वर के मंदिर में शीश नवाया और देवता का आशीर्वाद लिया। रोहित ठाकुर ने सभी देवठी शिलघुंछ निवासियों को रिहाली मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेले और त्यौहार हमारी समृद्ध संस्कृति के प्रतीक हैं और यह आवश्यक है कि हम सब इन सांस्कृतिक धरोहरों को संजो कर रखें, जिससे हमारी महान और अनूठी देव संस्कृति अनंत काल तक संरक्षित रह सके।

उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हमें आपसी प्रेम सद्भाव और मेलजोल का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि हमें जहां वर्तमान वैज्ञानिक युग में वैश्विक परिस्थितियों में सबके साथ आगे बढ़ना होगा, वहीं यह भी ज़रूरी है कि हम अपनी पुरातन और मूल संस्कृति से जुड़े रहें। उन्होंने बताया कि ठोडा हमारे पहाड़ी क्षेत्र का एक ऐतिहासिक खेल है, जिसका इतिहास महभारत कालीन योद्धाओं से जुड़ा हुआ है। वर्तमान समय में इस खेल में शाठी और पांशी क्षेत्र के लोग आपस में धनुष बाण से खेलते हैं। इसमें शाठी कौरवों और पांशी पांडवों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ठोडा को अंडर-19 खेलों के अंतर्गत मंजूरी प्रदान की है।

अब यह प्रतियोगिताएं स्कूलों के स्तर पर आयोजित की जाएंगी, साथ ही अपनी बोलियों को जीवंत रखने की दिशा में सरकार ने स्कूलों में प्रत्येक शनिवार को आधा घंटा अपनी बोली में वार्तालाप करने का निर्णय लिया है जिससे स्कूली बच्चे अपनी भाषा और बोली से जुड़े रहें।

रोहित ठाकुर ने मेले में आईं 4 ठोडा टीमों को 10-10 हजार रुपए और मेला कमेटी को 50,000 रुपए देने की घोषणा भी की, साथ ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगैन की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम पर 10,000 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रजनीश किमटा, मेला कमेटी प्रधान चेतराम चंदेल, प्रधान ग्राम पंचायत धमयाना रीना देवी, प्रधान ग्राम पंचायत बगैन मीरा देवी एवं आसपास के क्षेत्रों से आए हुए श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



ठियोग : शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ठियोग के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगैन के भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए। (नि.सं.)

## बगैन स्कूल के निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शनिवार को उपमंडल ठियोग के अंतर्गत बगैन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि इस भवन का निर्माण पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ा है। रोहित ठाकुर ने इस निर्माण से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह कार्य नवम्बर तक पूरा कर लिया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य के लिए शेष राशि भी शीघ्र ही उपलब्ध करवा दी जाएगी। इस भवन की सबसे ऊपरी मंजिल पर परीक्षा भवन बनाने के लिए तकनीकी पहलुओं पर विचार-विमर्श करने के बाद मंजूर कर लिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय बगैन का भवन जो 25 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन है, उसे अगले माह तक पूरा कर लिया जाएगा। यह निर्माण कार्य रिकार्ड समय में पूरा हो रहा है।

पंजाब केसरी 17 AUG 2025

43

# टोंगटोंगचे नाले में बाढ़ की समस्या से निपटने को खर्च किए जाएंगे 19 करोड़

रिकांगपिओ, 16 अगस्त (राजकुमार): हाल में सांगला वैली के टोंगटोंगचे नाले में आई बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए 19 करोड़ की डी.पी.आर. बनाकर सरकार को भेजी है, जिसमें से 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि शेष राशि भी राजस्व मंत्री ने जल्द आने का आश्वासन दिया है।

कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष उमेश नेगी ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि सांगला व कामरु गांवों के बीच टोंगटोंगचे में हर वर्ष बाढ़ आने से नाले के किनारे बसे दोनों गांवों के लिए खतरा बना इस नाले पर आ.सी.सी. वाल लगाने के किए सरकार करोड़ों रुपए व्यय कर रही है, ताकि नाले के आसपास के क्षेत्रों को खतरे से बचाया जा सके।




*रिकांगपिओ : टोंगटोंगचे नाले में बाढ़ से आए मलबे को हटाने में जुटी जे.सी.बी. मशीन। (राजकुमार)*

उन्होंने कहा कि नाले में बाढ़ आने से नाले के दोनों तरफ मकानों को खतरा बना है, वहीं सेब के बगीचों को भी नुक्सान पहुंच रहा है। नेगी कहा कि वर्ष 2023 में भी इस नाले में बाढ़ आने से भारी नुक्सान हुआ था। उस समय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू स्वयं सांगला आए थे व नुक्सान का जायजा लिया था।

मुख्यमंत्री व राजस्व एवं बागवानी मंत्री के निर्देश के बाद से आज कार्य प्रगति पर है। जल शक्ति विभाग ने इस नाले पर अब तक करीब 50 लाख रुपए खर्च कर आर.सी.सी. वाल लगा चुका है। उमेश नेगी ने कहा कि पिछले दिनों भी पुन: इस नाले में बाढ़ आई थी। कैबिनेट मंत्री के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग मलबे को हटाने में लगा है।

# संविदा कर्मचारी भी मातृत्व लाभ की हकदार : हाईकोर्ट



शिमला, 16 अगस्त (वार्ता) हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी संविदा कर्मचारी को मातृत्व अवकाश का लाभ केवल इसलिए कम नहीं किया जा सकता क्योंकि उसने नियमित किए जाने के समय मैडीकल फिटनेस प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया था। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने कामिनी शर्मा द्वारा दायर रिट याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि मैडीकल फिटनेस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने से प्रतिवादियों को याचिकाकर्ता को 21 अगस्त, 2021 से 180 दिनों की अवधि के लिए दिए गए मातृत्व अवकाश को कम करने का कोई अधिकार नहीं मिल सकता। याचिकाकर्ता को सितम्बर 2018 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गेटर में संविदा के आधार पर जूनियर बेसिक टीचर (जेबीटी) के रूप में नियुक्त किया गया था। अगस्त 2021 में, उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया और केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 1972 के अनुसार 180 दिनों के मातृत्व अवकाश पर चली गईं।

हालांकि, मातृत्व अवकाश के दौरान ही शिक्षा विभाग ने 21 अक्तूबर 2021 को उनकी सेवाओं को नियमित कर दिया। नियमित किए जाने के दौरान उन्होंने 22 अक्तूबर 2021 को अपनी कार्यभार ग्रहण रिपोर्ट और एक चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि वह अपने मातृत्व अवकाश के दौरान कार्यभार ग्रहण कर रही हैं। उस समय, विभाग ने कोई आपत्ति नहीं जताई। हैरानी की बात यह है कि दो महीने बाद, 13 दिसंबर 2021 को, विभाग ने मातृत्व अवकाश रद्द कर असाधारण अवकाश मान लिया, इस आधार पर कि स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना ड्यूटी में शामिल होना माना जाता है। शिक्षा विभाग के इस कदम से व्यथित होकर, याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

अदालत ने कहा, "याचिकाकर्ता ने मातृत्व अवकाश के बीच में कार्यभार ग्रहण नहीं किया। बल्कि, उसने पहले से स्वीकृत मातृत्व अवकाश की निरंतरता में नियमितीकरण स्वीकार किया। निरंतरता की स्वीकार्यता पर अधिकारियों ने कभी आपत्ति नहीं जताई।" तदनुसार, उनके मातृत्व अवकाश को रद्द करने के आदेश को रद्द कर दिया गया और राज्य को निर्देश दिया गया कि यदि छह सप्ताह के भीतर राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो याचिकाकर्ता को छह प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित पूरा वेतन जारी किया जाए।

हाल ही में इसी पीठ ने अर्चना शर्मा बनाम हिमाचल प्रदेश व अन्य (स्टाफ नर्स, सिविल अस्पताल पांवटा साहिब), में इसी तरह के एक मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। जहां मातृत्व अवकाश इस आधार पर अस्वीकार कर दिया गया था कि याचिकाकर्ता के पहले से ही दो जीवित बच्चे हैं। न्यायमूर्ति शर्मा ने इस मामले में भी याचिका स्वीकार की और कहा कि यदि तथ्य स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि यह अधिकार संवैधानिक गारंटी और मानवीय गरिमा से उत्पन्न होता है, तो केवल नीतिगत मानदंडों का हवाला देकर यांत्रिक तरीके से अवकाश देने से इनकार नहीं किया जा सकता।

पंजाब केसरी 17 AUG 2025

# राठौर उत्तराखंड, बाली-सुरेश पंजाब और मलेंद्र राजन झारखंड के पर्यवेक्षक नियुक्त

शिमला/नगरोटा बगवां, 16 अगस्त (ब्यूरो/दुसेजा): ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने हिमाचल के विधायक कुलदीप राठौर, आर.एस.बाली, मलेंद्र राजन और सुरेश कुमार को अन्य प्रदेशों में आबजर्बर नियुक्त किया है। इस संबंध में कांग्रेस के महासचिव वेणु गोपाल ने पत्र जारी किया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप सिंह राठौर को उत्तराखंड का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इससे पहले उन्हें मध्य प्रदेश और गुजरात का पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया गया है। राठौर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह जल्द ही उत्तराखंड जाकर कांग्रेस नेताओं से वन टू वन बैठक करेंगे और संगठन की मजबूती के लिए अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेंगे।






हिमाचल पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली को पंजाब कांग्रेस का आब्जर्वर नियुक्त किया है। बकौल बाली जो जिम्मेदारी पार्टी हाईकमान द्वारा सौंपी गई है उस पर खरा उतर संगठन को ओर अधिक सुदृढ़ करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे। इससे पहले भी कांग्रेस हाईकमान ने आर.एस. बाली को संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संगठन के विभिन्न पदों पर नियुक्ति दी है। आर.एस. बाली पश्चिम बंगाल में भी सह प्रभारी के तौर पर काम कर चुके हैं। आर.एस. बाली के साथ विधायक सुरेश कुमार को भी पंजाब में पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है।

इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन को भी पार्टी द्वारा संगठन सृजन अभियान के दृष्टिगत झारखंड राज्य का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। मलेंद्र राजन इससे पूर्व भी पंजाब सहित अन्य राज्यों में पार्टी द्वारा दिए गए विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

# घोषणा करके भूले मुख्यमंत्री, आपदा प्रभावितों से तो न बोलें झूठ : जयराम

मंडी, 16 अगस्त (ब्यूरो): पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में ध्वजारोहण कर छात्रों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। उन्होंने देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले अनगिनत नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। इस दौरान जयराम ठाकुर ने कहा कि यूं तो देशभर की सरकारें राष्ट्रीय महत्व के दिनों प्रमुख योजनाओं, सुविधाओं, राष्ट्रीय और प्रादेशिक महत्व के संस्थान खोलने, उनके उन्नयन से संबंधित घोषणाएं करने का ही चलन रहा है, लेकिन प्रदेश में चल रही व्यवस्था परिवर्तन की सरकार अलग रास्ते पर चल रही है। यह सरकार लोगों को नया देने की बजाय जो मिला हुआ है उसे कैसे छीने, कैसे लटकाए और भटकाएं इस नीति पर काम करती है। ताजा मामला भी मुख्यमंत्री की इसी संकीर्ण सोच का परिणाम है, मुख्यमंत्री प्रदेश को कुछ बेहतर देने की बजाय उलझाने में यकीन रखते हैं।



वहीं जयराम ठाकुर ने 16 अगस्त को आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें लोगों द्वारा भेजी गई आपदा राहत सामग्री एवं धनराशि का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने देवोल, शिल्लीबागी, जैंशला, शिवथाना, भाटकीधार गांव के 18 प्रभावित परिवारों को 25-25 हजार रुपए प्रदान किए।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सोलन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुए वाकया पर उन्होंने कहा कि हमने सरकार को पहले दिन से ही बता दिया था कि आने वाला समय आपके लिए कितना मुश्किल है। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि इस सरकार से सिर्फ आम लोग ही नहीं त्रस्त हैं, बड़े से बड़े लोगों को भी सरकार ने नहीं छोड़ा है। सरकार अपनी तानाशाही को छोड़े और जनहित पर ध्यान केंद्रित करे।

45

दिव्य हिमाचल 17 AUG 2025

# सुक्खू सरकार देगी 12535 नौकरियां

## सरकाघाट में मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान, 1300 युवा एक महीने में पहनेंगे खाकी



सरकाघाट। राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सलामी लेते सीएम सुक्खू

- लोक सेवा आयोग भर्ती पैटर्न भी बदलेगा, नक़ल पर नकेल को लाएगी विधेयक
- प्रदेश में 200 सीबीएससी स्कूल खोले जाएंगे
- मंडी की आपदा को 100 करोड़ रुपए की अतिरिक्त किश्त जारी
- युवाओं को अवसर देने के लिए 2000 ई-थ्री व्हीलर परमिट जारी होंगे
- जनजातीय और गैर जनजातीय क्षेत्रों में सौर परियोजनाओं पर सबसिडी
- नेरचौक से अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी सरकाघाट शिफ्ट
- पटवारियों के 600 पद, जेबीटी के 600, पंचायत सचिवों के 300 और डाक्टरों के 200 पद भरे जाएंगे
- नशे के खात्मे के लिए नशा निवारण समितियां बनेंगी, एंटी चिट्टा वालंटियर स्कीम लागू होगी

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — मंडी

हिमाचल प्रदेश में सरकारी क्षेत्र में पक्की नौकरियां मुहैया करवाने की तैयार कर रही राज्य सरकार ने मंडी में आई आपदा से पार पाने के लिए 100 करोड़ रुपए की अतिरिक्त किश्त जारी करने की घोषणा की है। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए राज्य सरकार अपने संसाधनों से 360 करोड़ खर्च कर चुकी है। युवाओं के लिए नौकरी के द्वार सुक्खू सरकार ने खोले हैं। सरकाघाट में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू युवाओं पर महरबाज हुए हैं और उनके लिए एक साल के भीतर 12,535 पदों पर तैनाती करते का ऐलान कर दिया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया है कि एक माह के भीतर पुलिस विभाग में ही 1300 युवाओं को नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा शिक्षा विभाग में

सुक्खू सरकार देगी : पृष्ठ छह पर

सुक्खू सरकार देगी...

9535 मास्टरों की तैनाती की जाएगी। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में कुछ बेहतर करने का जज्बा लिए हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने ऐलान किया है कि 200 सीबीएससी पाठ्यक्रम के स्कूल खोले जाएंगे। सीएम ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा की ओर आगे बढ़ेगा। इसके लिए स्कूलों में बेहत शैक्षणिक माहौल तैयार किया जाएगा और शिक्षकों के पद भरे जाएंगे। इसके साथ ही नकल को रोकने के लिए राज्य सरकार विधेयक लेकर आ रही है। राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए संवेदनशील है और सरकार बनने के बाद से ही अब तक 23191 युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई हैं। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के 51425 युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने नौकरियों में पारदर्शिता और सूचिता की बात भी की है। उन्होंने कहा है कि सरकार लोक सेवा आयोग की भर्ती पैटर्न को बदलने जा रही है। इसके लिए विधेयक लेकर आ रही है। राज्य में मैरिट के आधार पर सरकारी नौकरी में युवाओं का चयन होगा और लोक सेवा आयोग पहली बार लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के अंकों को जोड़कर के मैरिट सूची तैयार कर अभ्यर्थियों का चयन करेगा। सीएम ने युवाओं को अवसर देने के लिए प्रदेश में 2000 ई-थ्री व्हीलर परमिट जारी करने का ऐलान किया है। इसके अलावा जनजातीय और गैर जनजातीय क्षेत्रों में सोलर प्रोजैक्ट के लिए पांच प्रतिशत ब्याज सबसिडी देने की घोषणा की है। सोलर प्रोजैक्ट पर 61 करोड़ रुपए सरकार खर्च करने वाली है। राजस्व विभाग में पटवारियों की कमी को दूर करने के लिए 600 पद भरने का ऐलान किया गया है। डाक्टरों के 200 पद, पंचायत सचिवों के 300 और जेबीटी के 600 पद राज्य सरकार भरने जा रही है। साथ ही करीब तीन लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की सम्मान राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने नेरचौक से अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को सरकाघाट शिफ्ट करने की घोषणा भी की है। नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने नशे के खात्मे को नशा निवारण समितियां और एंटी चिट्टा वालंटियर स्कीम शुरू करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि नशे के खात्मे के लिए हर गांव और पंचायत में नशा निवारण समितियां बनेंगी।

### सरकार लाई हिम भोग आटा-दलिया-हल्दी

मंडी। जिला मंडी के सरकाघाट मे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिम भोग गेहूं का आटा, हिम भोग दलिया और हिम भोग हल्दी उत्पादों को लॉन्च किया। यह उत्पाद प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं और हल्दी से तैयार किए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को रसायन मुक्त उत्पाद उपलब्ध करवाए जा सकें।

### 2,96,279 महिलाओं को 1500-1500 रुपए

महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 59 वर्ष की 2,96,279 पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की सम्मान राशि दी जा रही है।

### सरकाघाट को नए बस स्टैंड की सौगात

मुख्यमंत्री ने सरकाघाट में नया बस अड्डा के निर्माण, नागरिक अस्पताल सरकाघाट में बेड की क्षमता को 100 से बढ़ाकर 150 करने और शिव मंदिर के निकट पार्किंग के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की।

दिव्य हिमाचल
17 AUG 2025

46

# बीच सत्र में रिटायर नहीं होंगे शिक्षक

## सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की घोषणा

अजय कुमार-मंडी

मंडी जिला के सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए जा रहे हैं। इसके फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। श्री सुक्खू ने घोषणा करते हुए कहा कि हिमाचल में सभी स्कूल, कालेज, मेडिकल कालेज, पॉलिटेक्निक कालेज में टीचरों की रिटायरमेंट शैक्षणिक सत्र के अंत में होंगे। बीच सत्र में किसी को रिटायर नहीं किया जाएगा। ऐसा करने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। प्रदेश में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार उचित कदम उठा रही है। -एचडीएम



मंडी। स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

### नेरचौक से मेडिकल यूनिवर्सिटी सरकाघाट शिफ्ट

मंडी। नेरचौक मेडिकल यूनिवर्सिटी कोर्स सरकाघाट में संचालित किया जाएगा मुख्यमंत्री ने अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को सरकाघाट शिफ्ट करने का ऐलान कर दिया है। समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम ने सरकाघाट को मेडिकल यूनिवर्सिटी की सौगात तो दे दी, लेकिन नेरचौक से एक उपलब्धि चिन्ह भी गई। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि शिमला जिला के चमियाणा अस्पताल में रॉबोटिक सर्जरी शुरू की गई है और इसे शीघ्र ही अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों में भी आरंभ कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार से शिपकी-ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का भी आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने जुब्बल निवासी फ्लाइट लेफ्टिनेंट आर्शवीर ठाकुर को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शौर्य के परिचय के लिए वीर चक्र से सम्मानित होने पर बधाई दी।

# सरकाघाट में मुख्यमंत्री ने फहराया तिरंगा

## स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम में पुलिस-होमगार्ड-एनसीसी कैडेट्स ने दी सलामी

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-मंडी



प्रदेश में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बारिश के खलल के बीच भी उल्लास और जोश में कोई कमी नजर नहीं आई। परेड का निरीक्षण करते समय सीएम हाथों में छाता थामे रहे और मार्च पास्ट में शामिल जवान सीना तान कर ध्वाजारोहण के लिए खड़े रहे। इस अवसर पर राज्य, जिला और उपमंडल स्तर पर भव्य समारोह आयोजित किए गए। समारोह में मुख्यातिथियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और आईटीबीपी की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली गई। मंडी के सरकाघाट में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने भारी बारिश के बीच पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी , आईटीबीपी, उत्तराखंड पुलिस, तृतीय भारत रिजर्व बटालियन पंडोह, जिला मंडी पुलिस, यातायात पुलिस, पूर्व सैनिक लीग और होमगार्ड बैंड की टुकड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी ली। पुलिस उप-अधीक्षक उमेश्वर राणा ने परेड का नेतृत्व किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए सरकाघाट के लिए जगनाथ ने मुख्यमंत्री को एक लाख रुपए का चेक भेंट किया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

विधायक चंद्रशेखर, सुरेश कुमार, रणजीत राणा, दलीप ठाकुर, पूर्व मंत्री रंगीला राम राव और प्रकाश चौधरी, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के संयोजक अतुल कड़ाहटा, हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह, कांग्रेस नेता पवन ठाकुर, नरेश चौहान, जीवन ठाकुर और चंपा ठाकुर, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हिमाचल प्रदेश में नशे का नाश करेंगी एंटी ड्रग समितियां

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-मंडी

- मुख्यमंत्री सुक्खू ने एंटी चिट्टा वालंटियर योजना की लॉन्च



नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को चिट्टे से बचाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। सरकार ने पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम लागू किया है और ड्रग तस्करों की 42 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की है। सरकार ने पुलिस भर्ती में चिट्टा परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने एंटी चिट्टा वालंटियर योजना शुरू करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड के गठन की भी घोषणा की। इस बोर्ड में गृह, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, शिक्षा, युवा सेवा एवं खेल, पंचायती राज और कारागार विभागों के विशेषज्ञों के साथ-साथ गैर-सरकारी संगठन और सोशल साइंटिस्ट को शामिल किया जाएगा। चिट्टे के नाश के लिए गांवों और पंचायतों में एंटी ड्रग समितियों के गठन के निर्देश दिए हैं, जिनमें पंचायत सचिव, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पुलिस कांस्टेबल शामिल होंगे।

47

दिव्य हिमाचल 17 AUG 2025

# तीन प्रसिद्ध हस्तियों को 'प्रेरणा स्रोत' पुरस्कार

## सरकाघाट में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिया सम्मान

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- मंडी**



मंडी। मुख्यमंत्री का हार पहनाकर स्वागत करते अधिकारी

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की तीन प्रसिद्ध हस्तियों को 'प्रेरणा स्रोत' पुरस्कार से सम्मानित किया। शिमला के प्रो. हिम चटर्जी को कांगड़ा मिनिएचर पेंटिंग को पुनर्जीवित करने और नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान सुरंग में दुनिया के सबसे लंबे सार्वजनिक आर्टवर्क के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोक, शास्त्रीय, गजल, भजन और समूहगान विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला शिमला के डा. राम स्वरूप शांडिल को पुरस्कृत किया गया। शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. प्रेम कुमार खोसला को वानिकी शिक्षा में उनके अग्रणी योगदान के लिए सम्मानित किया। 'हिमाचल गौरव' पुरस्कार के तहत धर्मशाला की चंद्ररेखा डढवाल को उल्लेखनीय साहित्यिक योगदान, कुल्लू के सेउबाग की शालिनी वत्स को दृष्टिबाधित, दिव्यांगजनों, महिलाओ के सशक्तिकरण तथा छोटा शिमला के डा. लाल सिंह को

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में बढ़ाया हौसला

सतत आजीविका, जैव विविधता संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा और कृषि नवाचार पर 50 से अधिक परियोजनाओं का नेतृत्व करने के लिए सम्मानित किया गया। ग्रामीण विकास विभाग के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू को राज्य स्तरीय सिविल सेवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया ।

# सीएम से एचडीएफसी बैंक के जोनल हैड ने की भेंट



शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से ओकओवर में एचडीएफसी बैंक के जोनल हैड विनोद शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत ई-एंबुलेंस उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत अनेक अभिनव पहल की है और प्रदेश में ई-वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक की यह पहल न केवल आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के सरकार के दृष्टिकोण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर और क्लस्टर हैड शिवेंद्र श्रीवास्तव भी उपस्थित थे



## मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को रिज पर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वह अपने विचारों की स्पष्टता के लिए जाने जाते थे। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, नगर निगम के पार्षदगण, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे...

दिव्य हिमाचल 17 AUG 2025



# 21 महिलाओं को साहित्यिक पहचान पर सम्मान

## सीएम ने चंद्र रेखा ढडवाल को हिमाचल गौरव पुरस्कार से किया सम्मानित

दिव्य हिमाचल ब्यूरो—मंडी



मंडी। राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में चंद्र रेखा ढडवाल को सम्मानित करते सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू

राज्य स्तरीय स्वतंत्रता समारोह के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तीन लोगों को हिमाचल गौरव सम्मान दिया। इनमें चंद्र रेखा ढडवाल भी रही, जिन्हें 'दिव्य हिमाचल' दैनिक समाचार पत्र में 21 महिलाओं को साहित्यिक पहचान दिलाने पर हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। साहित्य जगत में विशिष्ट सेवाएं और उल्लेखनीय उपलब्धियों के चलते हिमाचल गौरव पुरस्कार दिया गया है। चंद्र रेखा ढडवाल से दिव्य हिमाचल समाचार पत्र में 21 महिला साहित्य कर्मियों के परिचय और रचना प्रक्रिया का संपादन किया। इसके साथ ही हिमाचल की हिंदी कविता पर आलेखों का संपादन किया है। चंद्र रेखा ढडवाल का कविता संग्रह अक्खरां दे दिये, चौरसी विवाह संस्कार गीत सहित कांगड़ा की लोक गाथाओं में नारी तथा सुहाग गीतों में के स्त्री चेतना पर लघु शोध प्रबंधन प्रकाशित हुए हैं। हिमाचल गौरव पुरस्कार पाने से पहले चंद्ररेखा ढडवाल को चंद्रधर गुलेरी भाषा सेतु सम्मान सहित कई अन्य पुरस्कार मिल चुके हैं। चंद्र रेखा ढडवाल पिछले चार दशकों से साहित्य लेखन कर रही हैं।

# विधायिका ने दी है गवर्नर को चांसलर की शक्तियां

## मुख्यमंत्री बोले; सरकार की कैबिनेट ने यदि कोई निर्देश दिया है, तो उस पर अमल होना चाहिए

राज्य ब्यूरो प्रमुख–शिमला

कृषि और बागबानी विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति को लेकर सरकार और राजभवन में चल रहे टकराव पर मुख्यमंत्री सुक्खू और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अपना-अपना पक्ष रखा है। मौका था रिज पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि का। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल का वह आदर करते हैं। वह संवैधानिक पद पर हैं, लेकिन विधानसभा ने बागबानी और कृषि विश्वविद्यालयों का उनके पास पारित करके बिल भेजा है, जो उन्होंने काफी समय के बाद आपत्ति लगाकर भेज दिया है। दूसरा, मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं। राज्यपाल को चांसलर की पावर विधानसभा ने यह कानून पारित करके दी है। इसलिए सरकार जब कोई निर्देश देती है, तो उस पर अमल होना चाहिए। स्टेट लेजिस्लेटिव ने तय किया था कि जो भी विश्वविद्यालय होंगे, उसमें चांसलर की पावर

### कई अधिनियम लंबित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल के पास और कई एक्ट लंबित पड़े हैं। इसमें सुखाश्रय का कानून भी शामिल है। भ्रष्टाचार और दल बदल को रोकने के लिए ऐसे विधायकों की पेंशन बंद करने का कानून भी पेंडिंग है। मैं उनसे मिलकर बात करूंगा और बैठकर कोई न कोई समाधान निकल आएगा। जहां तक उनके संविधानिक पद की बात है, तो सरकार उनके हर दिशा-निर्देश मानती है ।

### राज्यपाल के हर दिशा-निर्देश का पालन करती है सरकार

गवर्नर के पास होगी। हिमाचल में ही कई विश्वविद्यालय ऐसे हैं, जिनमें गवर्नर के पास यह शक्तियां नहीं दी हैं। इनमें अटल मेडिकल और टेक्निकल यूनिवर्सिटी भी है। अब कैबिनेट ने ये कहा कि राज्यपाल से बात की जाए कि कृषि और बागबानी विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्ति का जो भर्ती विज्ञापन है, उसे फिलहाल टाला जाए जब तक लंबित कानून पर फैसला नहीं हो जाता। पहले हमारे एग्रीकल्चर मिनिस्टर ने बात की। पत्र भी लिखा। फिर कृषि सचिव ने चिट्ठी लिखी। कैबिनेट ने विज्ञापन को रोकने को कहा तो उन्होंने इसकी डेट 18 अगस्त तक बढ़ा दी।

### हाई कोर्ट के फैसले पर कमेंट नहीं



कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागबानी विश्वविद्यालय नौणी सोलन में कुलपति नियुक्ति के मामले में हाई कोर्ट की स्टे पर राज्यपाल ने कहा कि वह फैसले पर कोई कमेंट नहीं कर सकते। मैं इतना जानता हूं कि मैंने विवि के हित में जो किया, वह सही किया। कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक का भी आदर है। इस बारे में जो कानूनी रूप से करना होगा, करूंगा। लेकिन मैं यह फैसला लोगों पर छोड़ता हूं कि कृषि और बागबानी विश्वविद्यालयों के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है? जब जनता इस पर विचार करेगी, तो खुद समझ आ जाएगा।

दिव्य हिमाचल 17 AUG 2025



# 'जय कन्हैया लाल की' से गूंजी राजधानी

## उपमुख्यमंत्री ने श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में लिया भाग

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिमला के गंज बाजार स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने भगवान श्री चरणों में शीश नवा कर प्रदेशवासियों की सुख- समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना आयोजित की गई, जिसमें उप-मुख्यमंत्री ने भी सहभागिता की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि यह जीवन में धर्म, कर्तव्य और निष्ठा का संदेश भी देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और समाज में भाईचारे, एकता और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंदिर कमेटी को 10 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इस मौके पर शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान व अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस पूरे कार्यक्रम में उत्साह एवं भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# रिकांगपिओ में मंत्री नेगी ने फहराया तिरंगा

## आईटीबीपी ग्राउंड में 79वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस पर भव्य परेड की ली सलामी

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-रिकांगपिओ



आईटीबीपी ग्राउंड रिकांगपिओ में 79वां जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया। इस दौरान उन्होंने ध्वजारोहण किया तथा भव्य परेड की सलामी ली। राजस्व मंत्री ने कहा कि आज का दिन देश के उन सभी वीरों के नाम होता है जिन्होंने हमे आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुती देकर भारत को अंग्रेजो से आजादी दिलवाई। इस अवसर पर भव्य परेड का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व पुलिस विभाग के सब इंस्पैक्टर बलबीर सिंह ने किया। इस दौरान आईटीबीपी, पुलिस व महिला बल, पुरूष तथा महिला होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाईड, गृह-रक्षा बैंड सहित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्पा व कोठी के बैंड ने परेड में भाग लिया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग किन्नौर, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रिकांगपिओ, महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग के जिला कल्याण कार्यालय व जिला कार्यक्रम कार्यालय रिकांगपिओ ने विभागीय झांकियों का भव्य प्रदर्शन किया। इस दौरान रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियो प्रेरणास्त्रोत लोगों परेड में भाग लेने वाले जवानों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को मुख्यातिथि द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वन अधिकर अधिनियम 2006 के तहत आज किन्नौर जिला के 40 लोगों को राजस्व मंत्री द्वारा भूपट्टे प्रदान किए गए तथा भूमिहीन व्यक्तियों को उनके अपने जमीन का मालिकाना हक प्रदान किया गया।

दिव्य हिमाचल 17 AUG 2025

50

**जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह**

# उपमुख्यमंत्री ने फहराया तिरंगा, कई सौगात की घोषणा

## राहवीर योजना के तहत लोगों को किया सम्मानित, आपदा प्रभावितों के लिए की राहत राशि को 25 गुना बढ़ाने का ऐलान, लोगों ने जताया आभार

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह शिमला के रिज पर मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की। मुख्यातिथि ने ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर आशीष कौशल ने किया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के वीर सपूतों ने देश सेवा करते हुए चार परमवीर चक्र, दो अशोक चक्र, 10 महावीर चक्र और 24 कीर्ति चक्रों से नवाजा गया है। देश का पहला परमवीर चक्र प्रदेश के वीर सपूत मेजर सोमनाथ शर्मा को प्राप्त हुआ था। इसके अतिरिक्त, कर्नल डीएस थापा, कैप्टन विक्रम बत्रा, सूबेदार मेजर संजय कुमार को उनके शौर्य व बलिदान के लिए परमवीर चक्र से नवाजा गया। समारोह में जवाहर लाल नेहरू राजकीय ललित कला महाविद्यालय लोहारब बनुटी की टीम ने देशभक्ति पर आधारित शास्त्रीय नृत्य, जयेश्वरी सांस्कृतिक दल जैस ठियोग ने महासुवी नाटी, सम्भोता तिब्बतन स्कूल ने तिब्बतन नृत्य, राजकीय महाविद्यालय धामी की टीम ने सोलन का गिद्धा और राजकीय कन्या महाविद्यालय की टीम ने किन्नौरी नाटी की प्रस्तुति दी। उपमुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने राहवीर योजना के तहत किए सराहनीय, साहसिक एवं आदर्श सामाजिक कार्य के लिए अमित चौहान और मनोज कुमार, जोकि जिला उत्तरकाशी, उत्तराखंड से संबंध रखते हैं, को दुर्घटना में घायल लोगों को सहायता करने पर प्रशस्ति पत्र दिए। वह भारी भूस्खलन की वजह से मार्ग बाधित होने के कारण यह दोनों समारोह में शामिल न हो पाए। इनका सम्मान आरटीओ शिमला अनिल शर्मा ने प्राप्त किया।



### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा, विधायक ठियोग कुलदीप सिंह राठौर, विधायक रोहडू मोहन लाल ब्राक्टा, उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम केहर सिंह खाची, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार गोगुल बुटेल, उपाध्यक्ष हिमुडा यशवंत छाजटा, अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक देवेंदर श्याम, मेयर सुरेंद्र चौहान, उप महापौर उमा कौशल, पार्षद, सचिव जल शक्ति विभाग राखिल काहलों, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी, निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग रीमा कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### शिमला को 587 करोड़ रुपए से दिया जाएगा 24 घंटे पानी



मुख्यातिथि ने कहा कि, शिमला शहर को शुद्ध पानी देने के लिए व्यापक योजनाओं पर काम चल रहा है। सतलुज नदी से शिमला को पानी देने के लिए 587 करोड़ रुपये की योजना तैयार है और इसी महीने इसकी टेस्टिंग शुरू की जाएगी, जबकि शिमला शहर के भीतर 24 घण्टे पानी देने लिए 872 करोड़ रुपए की योजना पर काम चल रहा है जिसे 2028 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। ठियोग क्षेत्र के लिये प्रदेश की सबसे बड़ी कुरपण खड्ड पेयजल परियोजना का निर्माण कार्य लगभग 315 करोड़ की लागत से युद्ध स्तर पर जारी है। इस पेयजल परियोजना को जून, 2026 तक लोगों को समर्पित किया जाएगा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला शिमला में विभिन्न क्षेत्रों के लिये 819 करोड़ रुपए की 236 योजनाएं स्वीकृत हुई है, जिसमें अब तक कुल 706.87 करोड़ रुपये धनराशि खर्च की जा चुकी है।

### वीरभद्र की प्रतिमा का जल्द होगा लोकार्पण



कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा रिज मैदान पर स्थापित कर दी गई है जिसका जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार

युवाओं के लिए ई-टैक्सी योजना शुरू हुई, जिसमें ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के तहत अभी तक 75 लाभार्थियों को अनुदान राशि प्रदान की जा चुकी है। सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित करने पर बल दे रही है। इसके तहत, निजी भूमि पर 100 से 500 किलोवाट तक के सौर संयंत्र लगाने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। पशुपालकों को गाय के दूध पर 51 रुपए और भैंस के दूध पर 61 रुपए प्रति लीटर समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही सरकार

मुख्यातिथि ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। सरकार ने मंडी-मध्यस्थता योजना के तहत सेब उत्पादकों की सभी देनदारियों का भुगतान के लिए 153 करोड़ जारी किए। किसानों और बागवानों को सेब कीटनाशकों और उर्वरकों पर मिलने वाली सब्सिडी को पिछली भाजपा सरकार ने बंद कर दिया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे बहाल कर दिया है। कांग्रेस की राज्य सरकार ने सेब के समर्थन मूल्य में 1.50 रुपए प्रति किलोग्राम की ऐतिहासिक वृद्धि की है, जिससे सेब का समर्थन मूल्य अब 12 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है।

### 1734.70 करोड़ रुपए शिमला में तैयार हो रहा रोपवे

शिमला शहर में 1734.70 करोड़ रुपए की लागत से देश का सबसे लंबा और दुनिया का दूसरा सबसे लंबा रोपवे बनने जा रहा है, जिसकी लम्बाई 13.79 किलोमीटर होगी। यह परियोजना 4 साल में पूरी हो सकेगी। इसके अतिरिक्त शिमला शहर में 50 करोड़ से 19 इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट बन रहे हैं जिसमें लिफ्ट और एस्केलेटर शामिल हैं।

# देश भक्ति के नारों से गूंजा यूनिवर्सिटी परिसर

सिटी रिपोर्टर-शिमला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य महावीर सिंह ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिस और विश्वविद्यालय सुरक्षा टुकड़ी के संयुक्त गार्ड से सलामी ली। सादगी एवं गरिमापूर्ण आयोजित कार्यक्रम में अधिष्ठाता अध्ययन आचार्य बीके शिवराम, कुलसचिव ज्ञान सागर नेगी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण आचार्य ममता मोक्टा, अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद आचार्य हरि मोहन, परीक्षा नियंत्रक आचार्य श्याम लाल कौशल, निदेशक सीडीओई आचार्य प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। इस समारोह में अमर शहीद सिपाही धर्मेन्द्र सिंह के पिता नरपत राम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान शहीद सिपाही धर्मेन्द्र सिंह की स्मरणांजलि प्रस्तुत की गई। सिपाही धर्मेन्द्र सिंह द्वारा कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय अभियान में भाग लेते हुए कर्तव्य-निष्ठा, कार्यदक्षता एवं अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने युद्ध के दौरान भारतीय सेना की सर्वोच्च परंपरा को कायम



रखते हुए राष्ट्र विरोधी तत्वों से मुठभेड़ में बहादुरी से अंतिम सांस तक लड़ते हुए 30 जून 1999 को मात्र 20 वर्ष की आयु में मातृभूमि के लिए अपना बलिदान दिया। इस 79वें स्वतंत्रता दिवस पर विश्वविद्यालय मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कई अधिष्ठाता, विभागों के विभागाध्यक्ष, केंद्रों के निदेशक, मुख्य सुरक्षा अधिकारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकारिणी परिषद सदस्य सुनील दत्त, विश्वविद्यालय कोर्ट सदस्य सुरेश कुमार, प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग, सुरक्षा कर्मचारीवर्ग, मॉडल स्कूल के प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर 52 यूनिट रक्त किया एकत्रित



शिमला। भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब शिमला ने रोटरी टाउन हॉल में रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें कुल 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर रोटेरियन, रोटरी पार्टनर्स, बच्चों और रोटरी क्लब शिमला के सभी रोटरैक्ट क्लबों से आए 20 रोटरैक्टर्स ने भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए सदस्यों पर राष्ट्रीय ध्वज के बैज लगाए गए। रोटेरियन एवं स्वयंसेवकों के लिए दोपहर का भोजन रोटरी क्लब शिमला द्वारा प्रायोजित किया गया। क्लब ने डाक्टर कंचन और केएनएच डाक्टरों की ब्लड बैंक टीम का उनके समर्पित सेवा भाव के लिए हार्दिक धन्यवाद किया।

51

दिव्य हिमाचल 17 AUG 2025

## डिप्टी सीएम शिमला, उद्योग मंत्री चंबा में

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने ऊना, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री शिमला, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल सोलन, कृषि मंत्री चंद्र कुमार धर्मशाला, उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान चंबा, बागबानी मंत्री जगत नेगी किन्नौर, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बिलासपुर, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार हमीरपुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह नाहन, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी केलांग लाहुल-स्पीति और आयुर्वेद मंत्री यादवेंद्र गोमा ने कुल्लू में ध्वजारोहण किया।

## चार पुलिस अफसरों,15 जवानों को अवार्ड

मंडी। मंडी की आपदा में 52 अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य स्तरीय स्वतंत्रत दिवस के अवसर को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मुख्यमंत्री सुक्खू ने सकारघाट में प्रदान किया है। मंडी जिला के चार पुलिस अधिकारियों सहित 15 पुलिस को भी सम्मानित किया गया है। इसके अलावा मंडी एडीएम मदन कुमार और डीआरडीए प्रमुख गोदी चंद के काम को भी सराहना मिली है। आपदा की घड़ी में लोगों को राहत पंहुचाने और पुर्नवास के कार्यों को अंजाम देने के लिए मंडी 52 अधिकारी और कर्मचार सम्मानित किए गए हैं। इसमें लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत बोर्ड सहित होम गार्ड के पांच जवान शामिल हैं।

52

दिव्य हिमाचल 17 AUG 2025

# मानसून के जख्मों पर तपेगा सदन

## सरकार लाएगी केंद्र से विशेष आर्थिक मदद को प्रस्ताव

- विधानसभा सत्र में बड़ी रणनीति के साथ पलटवार को उतरेगी सरकार

चीफ रिपोर्टर- शिमला




हिमाचल प्रदेश को मानसून से मिले जख्मों पर विधानसभा का मानसून सत्र तपेगा, जहां एक तरफ विधायक अपने-अपने एरिया में हुए नुकसान की बात रखेंगे वहीं हिमाचल सरकार बताएगी कि केंद्र सरकार ने अब तक विशेष रूप से हिमाचल की कोई मदद नहीं की है। दिल्ली के चक्कर काटने और सभी नेताओं को हिमाचल की हालत बताने के बाद भी केंद्र सरकार विशेष मदद देने को तैयार नहीं है। विधानसभा की मार्फत एक बार फिर केंद्र सरकार से विशेष आर्थिक मदद की गुहार लगाने को प्रस्ताव पारित करने का प्रयास होगा। सरकार की तरफ से इस तरह का प्रस्ताव सदन में लाने की तैयारी है जिसमें विपक्षी दल भाजपा का क्या रुख रहेगा यह देखन होगा। मॉनसून सत्र के हंगामेदार रहने के पूरे आसार हैं। सरकार विशेष आर्थिक मदद नहीं मिलने को हथियार बनाएगी। प्रदेश सरकार अपने संसाधनों में कितनी मदद प्रभावित लोगों की कर रही है और आगे प्रदेश सरकार के क्या प्रयास रहेंगे इसकी जानकारी मुख्यमंत्री सदन में देंगे मगर मसला वही है कि अब तक केंद्र सरकार ने विशेष आर्थिक मदद नहीं दी है। केंद्र सरकार ने दो विशेष टीमें यहां पर भेजी थीं जिनकी रिपोर्ट भी गृह मंत्रालय को सौंपी जा चुकी है। मगर इसके बाद भी अब तक वहां से कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। इतना ही नहीं, सरकार की तरफ से खुद मुख्यमंत्री ने दिल्ली जाकर केंद्रीय नेताओं को हिमाचल में आई आपदा के बारे में जानकारी दी है और मदद मांगी है वहीं भाजपा के नेता प्रधानमंत्री तक से मिल चुके हैं। यहां विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पीएम से मुलाकात कर हिमाचल में हुई आपदा के बारे में बताया है। अभी तक कोई विशेष मदद नहीं मिली है।

### कल कांग्रेस विधायक दल ने बुलाई बैठक

कांग्रेस विधायक दल ने अपनी रणनीति बनाने के लिए सोमवार को विधायक दल की बैठक बुलाई है। विधानसभा में ही यह बैठक हो सकती है, जिसमें कांग्रेस के विधायक अपनी रणनीति बनाएंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विधायक कौन-कौन से मुद्दे उठाएंगे और किस मुद्दों पर घेराबंदी करेंगे इसकी रणनीति बनाएंगे। यहां सदन में आने वाली चर्चाओं को लेकर भी रणनीति बनाई जाएगी जिसमें विधायकों की जिम्मेदारी तय होगी।

### केंद्र से उठाया वन भूमि देने का मामला

विधानसभा के इस सत्र में दोनों राजनीतिक दलों के बीच मामले को लेकर घमासान होना तय है। सरकार ने विशेष आर्थिक पैकेज घोषित किया लेकिन पीड़ितों को नए सिरे से बसाने के लिए सरकार के पास सरकारी जमीन नहीं है। ऐसे में केंद्र से वन भूमि देने का मामला भी उठाया है। अब तक इस दिशा में भी कुछ नहीं हो सका है। कुल मिलाकर इन मामलों पर सदन में पक्ष और विपक्ष आमने-सामने होगा। अब इसमें एक बार फिर विपक्ष के बैकफुट पर जाने की संभावना है क्योंकि केंद्र में भाजपा की सरकार है।

### चांसलर की शक्तियां खत्म करने को संशोधन विधेयक की तैयारी

सरकार दो विश्वविद्यालयों में चांसलर की शक्तियों को खत्म करने को लेकर संशोधन विधेयक लाने जा रही है, जिस मामले को लेकर यहां पर टकराव चल रहा है। कैसे इनमें चांसलर की शक्तियों को खत्म करके कुलपति नियुक्ति का अधिकार सरकार अपने पास रखेगी यह देखना होगा। इसे लेकर कांग्रेस के विधायकों को किस तरह से मामला उठाना है इस पर विधायक दल की बैठक में चर्चा होगी। इसके अलावा नशे के खिलाफ भी सरकार एक अहम विधेयक लाने जा रही है, वहीं नकल रोकने व करवाने वालों के खिलाफ भी एक महत्वपूर्ण विधेयक सदन में लाया जाना है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में सभी मुद्दों पर पलटवार की रणनीति बनेगी। सभी विधायक रविवार शाम तक शिमला पंहुच जाएंगे।

दिव्य हिमाचल 7 AUG 2025

# रेल विकास निगम की धीमी रफ्तार से सरकार नाराज

## दो हजार करोड़ के काम में धीमी रफ्तार, मार्च तक का टारगेट

**शकील कुरैशी — शिमला**

दिव्य हिमाचल एक्सक्लूसिव

हिमाचल प्रदेश में बिजली ट्रांसमिशन के लॉस रिडक्शन का काम देख रहे रेल विकास निगम की सुस्ती से सरकार नाराज है। जिस टारगेट पर रेल विकास निगम को काम करना था, वो उसने नहीं किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सामने पूरा मामला रखने के बाद उन्होंने अधिकारियों को रेल विकास निगम से बातचीत करने के निर्देश दिए थे, जिन्होंने धर्मशाला में समीक्षा की है। जिस रफ्तार से रेल विकास निगम को यहां पर काम करना था, वो नहीं किया गया लिहाजा उन्हें निर्देश दिए गए हैं। यदि मार्च 2026 तक यह काम पूरे नहीं होते हैं तो उनसे काम वापस लेकर सरकार नई एजेंसी को दे सकती है। रेल विकास निगम को बिजली क्षेत्र में करीब दो हजार करोड़ रुपए के काम सौंपे गए हैं। राज्य के जनजातीय क्षेत्रों के साथ-साथ उन्हें प्रदेश के दूसरे क्षेत्रों में भी लॉस रिडक्शन के काम करने हैं, परंतु अभी तक जमीन पर कोई काम शुरू नहीं हुए हैं। अभी तक इनके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में सामान पहुंचाया जा रहा है, लेकिन इस पर आगे काम शुरू नहीं किया गया है। बताया जाता है कि बिजली बोर्ड के एमडी संदीप कुमार ने धर्मशाला में जो समीक्षा बैठक रेल विकास निगम के अधिकारियों के साथ की, उनका कहना था कि कई जगहों पर जमीन अधिग्रहण को लेकर दिक्कतें पेश आ रही हैं। वन विभाग ने उनका सामान भी जब्त किया है। ऐसे मामलों में सरकार निर्देश दे, ताकि वह अपना काम शुरू कर सकें। इन मामलों को बिजली बोर्ड प्रबंधन मुख्यमंत्री के सामने रखेगा।— **एचडीएम**

### ट्रांसमिशन में होने वाली हानियां रुकेंगी

केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत यहां पर सरकार बनने के बाद पिछले टेंडर रद्द कर दिए गए थे। इन पर कई तरह के सवाल खड़े किए गए थे। लिहाजा सरकार ने नए सिरे से टेंडर किए। इसमें केंद्र सरकार की एजेंसी रेल विकास निगम को पूरा काम सौंपा गया। उनको दो हजार करोड़ रुपए के टेंडर सौंपे गए हैं। रेल विकास निगम को प्रदेश में ट्रांसमिशन में होने वाली हानियों को रोकने के लिए नया ढांचा खड़ा करना है।

### प्रदेश में बनाए जाएंगे 25 नए सब-स्टेशन

प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर 25 नए सब स्टेशन तैयार किए जाने हैं। इन सब स्टेशनों के बनने से बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। कई ऐसे स्थान हैं, जहां पर पुराने ट्रांसफार्मर हैं, उनको बदलकर नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं। ऐसे करीब 4700 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने का काम भी रेल विकास निगम को ही सौंपा गया है। छह हजार पुराने ट्रांसफार्मर को अपग्रेड किया जाना है, ताकि उनकी केपेस्टी बढ़े और उनसे सुचारू आपूर्ति हो सके। इसके साथ ही पुरानी लाइनों को बदला जाना है जिनमें नए कंडक्टर लगाकर उन्हें सुचारू बनाया जाएगा।

### स्मार्ट मीटरिंग का काम रफ्तार पर

आरडीएसएस योजना के तहत दो कंपोनेंट पर काम किया जा रहा है। इसमें एक लॉस रिडक्शन के काम हैं, जोकि रेल विकास निगम को दिए गए हैं तो वहीं दूसरी तरफ स्मार्ट मीटरिंग के भी दो हजार करोड़ के काम हैं, जोकि किसी अन्य कंपनी को दिए हैं। स्मार्ट मीटरिंग के प्रोजेक्ट ने यहां अच्छी रफ्तार पकड़ रखी है, मगर दूसरे प्रोजेक्ट में काम नहीं हो पा रहा है।

84

दिव्य हिमाचल 17 AUG 2025

# मानसून सत्र को आज रणनीति बनाएगा भाजपा विधायक दल

दिव्य हिमाचल ब्यूरो – शिमला

- शिमला में मीटिंग लेंगे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर
- आपदा राहत, रोजगार कानून व्यवस्था के मामलों पर फोकस करेगी भाजपा

विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारी के लिए विपक्षी दल भाजपा ने विधायक दल की बैठक बुला ली है। रविवार शाम को शिमला के होटल विल्ली पार्क में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। इसमें विपक्षी दल 12 दिन के मानसून सत्र को लेकर रणनीति बनाएगा। भाजपा इस बार आपदा राहत, सरकारी रोजगार और कानून व्यवस्था जैसे मसलों पर सरकार को घेरना चाहती है। दूसरी तरफ, राज्य सरकार की तरफ से प्राकृतिक आपदाओं पर चर्चा के लिए सरकारी नोटिस विधानसभा सचिवालय को भी दिया गया है। मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा, जो दो सितंबर तक चलेगा। बरसात में बादल फटने और बाढ़ के कारण हुए नुकसान को लेकर भाजपा विधायक अपने-अपने चुनाव क्षेत्र की बात रखेंगे। मंडी जिला के थुनाग से शिफ्ट हुए बागवानी कॉलेज और नेरचौक से अब अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को शिफ्ट करने की घोषणा के मसले भी विधानसभा में गूंज सकते हैं

### नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने देवोल-शिल्लीबागी-जैंशला-शिवथाना-भाटकीधार गांव में दी मदद

# 18 परिवारों को 25-25 हजार रुपए

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-मंडी



- प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जाना पीड़ितों का हालचाल

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश को कुछ बेहतर देने की बजाय उलझाने में यकीन रखते हैं। यूं तो देशभर की सरकारें राष्ट्रीय महत्त्व के दिनों प्रमुख योजनाओं, सुविधाओं, राष्ट्रीय और प्रादेशिक महत्त्व के संस्थान खोलने, उनके उन्नयन से संबंधित घोषणाएं करने का ही चलन रहा है, लेकिन प्रदेश में चल रही व्यवस्था परिवर्तन की सरकार अलग रास्ते पर चल रही है। यह सरकार लोगों को नया देने की बजाय जो मिला हुआ है उसे कैसे छीने, कैसे लटकाए और भटकाएं इस नीति पर काम करती है। जयराम ठाकुर ने शनिवार को आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें लोगों द्वारा भेजी गई। इस दौरान उन्होंने देवोल, शिल्लीबागी, जैंशला, शिवथाना, भाटकीधार गांव के 18 प्रभावित परिवारों को 25-25 हजार रुपए प्रदान किए। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों को सात लाख रुपए देने की घोषणा करके खामोश बैठ गई, जबकि उसे सात लाख में से साढ़े चार लाख रुपए सीधे-सीधे केंद्र द्वारा दिए जाते हैं। लोगों के घर पूरी तरीके से जर्जर हो चुके हैं अंदर जाने लायक नहीं हैं, लेकिन उन घरों के क्षतिग्रस्त होने की रिपोर्ट नहीं लगाई जा रही है। सरकार क्या चाहती है? जो लोग त्रासदी में बच गए क्या वह लोग सरकार की नाकामी का शिकार हो जाए। मुख्यमंत्री से मेरा सिर्फ इतना आग्रह है कि मेहरबानी करके आपदा प्रभावितों के साथ झूठ न बोले। सरकार अपनी तानाशाही को छोड़े और जनहित पर ध्यान केंद्रित करें। अपनी गारंटियों से मुकरने पर ही प्रदेश के लोग सरकार को छोड़ने वाले नहीं हैं।

# प्रदेश में 311 सड़कों पर यातायात बंद

## दो एनएच; 348 बिजली ट्रांसफार्मर, 119 पेयजल योजनाएं ठप

चीफ रिपोर्टर – शिमला

- अब तक राज्य को 2144 करोड़ रुपए का नुकसान



प्रदेश में शनिवार शाम तक भी 311 सड़कें बंद पड़ी हुई हैं। इसके साथ दो नेशनल हाई-वे बाधित पड़े हैं। प्रदेश में 348 बिजली ट्रांसफार्मर और 119 पेयजल योजनाएं पूरी तरह से ठप पड़ी हुई हैं। राज्य को इस मानसून की वजह से अब तक 2144 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। हालांकि आगामी एक सप्ताह में अब मानसून की रफ्तार धीमी पड़ जाएगी, जिससे लोगों को राहत मिलेगी, परंतु पिछले 24 घंटों की बात करें, तो कई जगहों पर बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। बाधित सड़कों की बात करें, तो बिलासपुर में एक सड़क बंद पड़ी है, वहीं चंबा में 12 सड़कें पूरी तरह से बंद हैं। यहां भरमौर सब-डिवीजन की दो, भटियात में आठ व तीसा की दो सड़कें बाधित हैं। कांगड़ा में इस समय कुल 25 सड़कें बंद हैं। किन्नौर में एक नेशनल हाइवे-5 के साथ दो सड़कें बाधित हैं। कुल्लू में नेशनल हाइवे-एक के साथ कुल 63 सड़कें बंद हैं। लाहुल-स्पीति में चार सड़कें बंद चल रही हैं। मंडी जिला में सबसे अधिक 175 सड़कें अभी भी खुल नहीं पाई हैं। यहां धर्मपुर की 14, मंडी-दो की 7, करसोग की 18, जोगिंद्रनगर की चार, गोहर की तीन, थलौट की 48 और सराज की 68 सड़कें यातायात के लिए पूरी तरह से बंद पड़ी हुई हैं। शिमला जिला की बात करें, तो यहां पर 13 सड़कें बंद हैं, जबकि सिरमौर जिला में कुल सात सड़कें बाधित चल रही हैं। सोलन में दो व ऊना में सात सड़कों पर आवाजाही पूरी तरह से बंद है। हिमाचल प्रदेश में कुल 261 लोगों की मौत अब तक मानसून सीजन में हो चुकी है। इसमें सड़क हादसों के शिकार भी शामिल हैं। राज्य को इस मानसून ने बड़े जख्म दिए हैं। कुल 2144 करोड़ 57 लाख की संपत्ति का नुकसान हिमाचल प्रदेश को हो चुका है। यह नुकसान का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

दैनिक जागरण
17 AUG 2025

# नेरचौक से सरकाघाट स्थानांतरित होगी अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी : सुक्खू

जागरण संवाददाता, सरकाघाट (मंडी) : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल वीरों की भूमि है। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए देवभूमि के बेटों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। पहला परमवीर चक्र प्राप्त करने का सौभाग्य प्रदेश के लाल मेजर सोमनाथ को प्राप्त हुआ था। आपरेशन सिंदूर में भी प्रदेश के बेटे फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्शवीर ठाकुर ने योगदान दिया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट के खेल मैदान में स्वतंत्रता दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह में वर्षा के दौरान हाथ में छाता लेकर मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण किया।

उन्होंने अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय नेरचौक को सरकाघाट स्थानांतरित करने की घोषणा की। इससे पहले सरकार ने विश्वविद्यालय के लिए सुंदरनगर में भूमि चिह्नित की थी। यह आठ वर्ष से नेरचौक मेडिकल कालेज परिसर से संचालित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने सोलर पैनल सब्सिडी के लिए 61 करोड़ रुपये व ई-तिपहिया वाहनों के 2,000 परमिट जारी करने की घोषणा की। नए सत्र से 200 सीबीएसई स्कूल खोले जाएंगे। अब अकादमिक सत्र के बीच शिक्षकों की सेवानिवृत्ति नहीं होगी। इनमें तकनीकी व मेडिकल संस्थानों के शिक्षक भी शामिल हैं। नेरचौक, टांडा व हमीरपुर मेडिकल कालेज में रोबोटिक सर्जरी सुविधा शुरू की जाएगी। उन्होंने मंडी सहित प्रदेश के अन्य भागों में आपदा को गंभीर बताते हुए कहा कि अब तक 222 लोगों की जान जा चुकी है। शिक्षा विभाग में 9,535 शिक्षकों के पद भरे जाएंगे। निजी क्षेत्र में 51,425 युवाओं को रोजगार मिला है। अगले माह में 1,300 से अधिक युवाओं को पुलिस बल में भर्ती किया जाएगा। पटवारी के 600 पद, जेबीटी के 600 पद, चिकित्सकों के 200 व पंचायत सचिव के 300 पद भी भरे जाएंगे।


मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शुक्रवार को सरकाघाट में राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में संबोधित करते हुए • डीपीआरओ

- नेरचौक, हमीरपुर और टांडा मेडिकल कालेज में भी शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी
- स्वतंत्रता दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने हाथ में छाता लेकर किया ध्वजारोहण
- सोलर पैनल सब्सिडी के लिए 61 करोड़ रुपये, ई-तिपहिया वाहनों के 2,000 परमिट होंगे जारी

## केंद्र से शिपकी-ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का आग्रह

केंद्र सरकार से शिपकी-ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का भी आग्रह किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्यों करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने सरकाघाट में नया बस अड्डा के निर्माण, नागरिक अस्पताल सरकाघाट में बिस्तरों की क्षमता को 100 से बढ़ाकर 150 करने व शिव मंदिर के निकट पार्किंग के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गृहरक्षकों ने जीवनरक्षक तकनीकों का प्रभावी मंचन किया। मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने भारी वर्षा के बीच हाथ में छाता लेकर पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, आइटीबीपी, उत्तराखंड पुलिस, तृतीय भारत रिजर्व बटालियन पंडोह, जिला मंडी पुलिस, यातायात पुलिस, पूर्व सैनिक लीग व होमगार्ड बैंड की टुकड़ियों के मार्चपास्ट की सलामी ली। पुलिस उपाधीक्षक उमेश्वर राणा ने परेड का नेतृत्व किया।

## त्वरित आपदा राहत के लिए 100 करोड़ रुपये की घोषणा

आपदा व मसेरन बस हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जो घर रहने योग्य नहीं हैं उन्हें पूर्ण क्षतिग्रस्त माना जाएगा। पालीहाउस क्षति पर 25,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। मंडी जिले के आपदा प्रभावितों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए अतिरिक्त 100 करोड़ रुपये जारी करने की घोषणा की। आपदा न्यूनीकरण एवं आजीविका की सुरक्षा के उद्देश्य से 3,000 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की। 2023 में आपदा से 10,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था, केंद्र से मात्र 1,500 करोड़ रुपये की मदद मिली, वह भी दो वर्ष बाद। इस बार भी वह दिल्ली में कई मंत्रियों से मिल चुके हैं लेकिन अब तक कोई सहायता नहीं मिली है।

दैनिक जागरण 17 AUG 2025



# प्रेरणा स्रोत और हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित की हस्तियां

## स्वतंत्रता दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने हिम भोग उत्पाद किए लांच

**जागरण संवाददाता, सरकाघाट (मंडी) :** स्वतंत्रता दिवस पर सरकाघाट में राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश की विशिष्ट हस्तियों को प्रेरणा स्रोत व हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री हिम भोग गेहूं का आटा, हिम भोग दलिया व हिम भोग हल्दी जैसे रसायनमुक्त उत्पाद भी लांच किए। यह सभी उत्पाद प्राकृतिक रूप से उगाई गई फसलों से तैयार किए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक सामग्री उपलब्ध करवाई जा सके।

समारोह में मुख्यमंत्री ने शिमला के प्रो. हिम चटर्जी को कांगड़ा मिनिएचर पेंटिंग को पुनर्जीवित करने व दिल्ली स्थित प्रगति मैदान सुरंग में दुनिया के सबसे लंबे सार्वजनिक आर्टवर्क के लिए सम्मानित किया। लोक, शास्त्रीय, गजल, भजन व समूहगान विधाओं में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट योगदान के लिए शिमला के डा. राम स्वरूप शांडिल को पुरस्कृत किया गया। वहीं, वानिकी शिक्षा में अग्रणी योगदान, जिसमें बीएससी, एमएससी व पीएचडी कार्यक्रम शुरू करने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन के चांसलर प्रो. प्रेम कुमार खोसला को सम्मानित किया गया।

**हिमाचल गौरव पुरस्कार के विजेता :** धर्मशाला की चंद्ररेखा डढवाल को साहित्यिक योगदान के लिए, कुल्लू के सेउबाग की शालिनी वत्स को दृष्टिबाधित, दिव्यांगजनों, महिलाओं व बच्चों के सशक्तिकरण में योगदान के लिए तथा छोटा शिमला के डा. लाल सिंह को सतत आजीविका, जैव विविधता संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा व कृषि नवाचार पर 50 से अधिक परियोजनाओं का नेतृत्व करने के लिए सम्मानित किया गया।

**सिविल सेवा पुरस्कार व सामाजिक योजनाओं के लाभ :** राज्यस्तरीय सिविल सेवा पुरस्कार 2025 ग्रामीण विकास विभाग के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व भारतीय रेडक्रास सोसायटी कुल्लू को प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने सरकाघाट व धर्मपुर क्षेत्र के पांच लाभार्थियों को मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत विवाह अनुदान के रूप में 2-2 लाख रुपये दिए। साथ ही, सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के 11 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के अंतर्गत गृह निर्माण की पहली किस्त के रूप में 1.5-1.5 लाख रुपये प्रदान किए। शेष राशि आवास की छत का कार्य पूरा होने पर दी जाएगी।




स्वतंत्रता दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह सरकाघाट में आयोजित किया गया। समारोह में हिम भोग आटा, दलिया व हल्दी उत्पाद लांच करते मुख्यमंत्री सुक्खू • सौ. डीपीआरओ

### आपदा राहत में योगदान देने वालों को भी मिला सम्मान

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने इस वर्ष मंडी जिले में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य में सराहनीय योगदान देने वाले विभिन्न विभागों के 42 अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। समारोह में प्रदेश की उपलब्धियों के साथ आपदा प्रबंधन में सामूहिक प्रयासों की सराहना की गई।

दैनिक जागरण 17 AUG 2025

# आपदा प्रभावित को 10 बिस्वा तक भूमि देने पर अब रजिस्ट्रेशन फीस नहीं लगेगी

## सीएम सुक्खू बोले, केंद्र से विशेष आपदा रिलीफ पैकेज का अभी इंतजार

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति आपदा प्रभावितों को पांच या 10 बिस्वा भूमि प्रदान करता है, तो इसके लिए रजिस्ट्रेशन फीस माफ कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवार अब आपदाग्रस्त क्षेत्रों में बसने के इच्छुक नहीं हैं। ऐसे में केंद्र सरकार को हिमाचल सरकार को अधिकार देना चाहिए, ताकि प्रभावित परिवारों को वन भूमि में एक बीघा भूमि उपलब्ध करवाई जा सके।



सुखविंदर सुक्खू • जागरण आर्काइव

मुख्यमंत्री सुक्खू ने शनिवार को शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हिमाचल का 68 प्रतिशत भाग वन भूमि है, जबकि केवल 32 प्रतिशत भूमि प्रदेश की जनता के पास है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार थोड़ी सी ढील देती है, तो प्रभावितों को वन क्षेत्र में भूमि उपलब्ध कराकर बसाया जा सकता है। इस संदर्भ में उन्होंने केंद्र सरकार की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने वर्ष 2023 में आई बड़ी आपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय सरकार ने 4500 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज अपने संसाधनों से लाया था। उन्होंने विपक्ष के सदस्यों से आग्रह किया था कि वे दिल्ली चलें, लेकिन कोई भी नेता नहीं गया।

अब केंद्रीय मंत्री नड्डा सभी को साथ लेकर केंद्र के समक्ष गए हैं, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश को विशेष आपदा रिलीफ पैकेज का अभी भी इंतजार है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि आपदा प्रभावित मंडी जिले के लिए सरकार ने 100 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे अधिक लाभ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के विधानसभा क्षेत्र को होगा, जहां नुकसान भी अधिक हुआ है। सुक्खू ने यह भी बताया कि चारों सांसद और अन्य विपक्षी सदस्य केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के नेतृत्व में दिल्ली गए थे, जो एक सकारात्मक कदम है।

### प्रदेशवासियों के साहस की सराहना करता हूं : शुक्ल



शिव प्रताप • जागरण आर्काइव

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार आपदा से निपटने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने प्रदेशवासियों के साहस की सराहना की और कहा कि जिस सड़क पर जाने में उन्हें डर लग रहा था, वहां लोग सहजता से चल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरित की जा रही थी, वहां के लोगों में एक-दूसरे के प्रति सम्मान देखने को मिला, जो हिमाचल की विशेषता है।

### नुकसान के मुकाबले केंद्र सरकार से मदद नहीं मिली : अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल में आपदा से बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले 10 से 12 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था, लेकिन उसके मुकाबले केंद्र से मदद नहीं मिली। इस बार भी जल शक्ति विभाग को बहुत नुकसान हुआ है। कई परियोजनाएं बह गई हैं और उन्हें बहाल करने के लिए बड़ी राशि की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र से मदद का आग्रह किया है और साथ ही अपने संसाधनों से भी राहत कार्य जारी रखने की बात कही। प्रदेश सरकार हर आपदा प्रभावित को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है।



मुकेश अग्निहोत्री • जागरण आर्काइव

### राजभवन में 'ऐट होम' का आयोजन, कई लोग पहुंचे

शिमला : राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर 'ऐट होम' का आयोजन किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री उपस्थित रहे। सांसद हर्ष महाजन, विधायक हरीश जनारथा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, ले. जनरल देवेंद्र शर्मा, विभिन्न आयोगों, बोर्डों, निगमों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भी उपस्थित थे। (राब्यू)

दैनिक जागरण 17 AUG 2025



# रेडक्रास सोसायटी कुल्लू को मिला सिविल सर्विस अवार्ड




सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह से सिविल सर्विस अवार्ड प्राप्त करतीं उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश • सौ. स्वयं

संवाद सहयोगी, जागरण • कुल्लू : भारतीय रेडक्रास सोसायटी की कुल्लू शाखा को स्वतंत्रता दिवस समारोह पर सिविल सर्विस अवार्ड से नवाजा गया है। रेडक्रास सोसायटर कुल्लू महिलाओं के लिए नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र के संचालन तथा समाज में पीड़ित वर्गों के उत्थान एवं सहायता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंडी जिला के सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह में जिला रेडक्रास सोसायटी को सम्मानित किया।

उपायुक्त एवं रेडक्रास सोसायटी की अध्यक्ष तोरुल एस रवीश ने यह सम्मान प्राप्त किया। सचिव विनोद मोदगिल भी उपस्थित रहे। प्रशस्ति पत्र और 1.25 लाख रुपये सोसायटी को दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा कुल्लू की स्थापना एक अप्रैल 1998 को की गई।

# नशे के विरुद्ध लड़ाई में भागीदारी सुनिश्चित करें : राज्यपाल

संवाद सूत्र, जागरण • ठियोग : ठियोग दिवस के अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ठियोग के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राज्य के विकास में क्षेत्र के लोगों के योगदान की सराहना की। राज्यपाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में 20,000 से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ठियोग को बधाई दी।

राज्यपाल ने ठियोग के लोगों से नशे के विरुद्ध लड़ाई में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने श्याम द्वारा लिखित नशे के खिलाफ जागरूकता पर आधारित गीत भी लांच किया। उन्होंने समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए विशिष्ट जनों को सम्मानित किया। विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने इससे पहले प्रजामंडल आंदोलन को याद करते हुए कहा कि इस आंदोलन ने शासक को सत्ता जनता को सौंपने के लिए मजबूर किया था। इसके परिणामस्वरूप ठियोग दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। उन्होंने क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक पहलों पर भी प्रकाश डाला और राज्यपाल के नशा विरोधी अभियान की सराहना की।

# कुलपति की नियुक्ति पर राजभवन व सरकार में ठनी

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा, दोनों विश्वविद्यालयों के हित में ही लिया निर्णय
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बोले, राज्यपाल को विधानमंडल ने दी कुलाधिपति की शक्तियां

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागबानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, सोलन में कुलपति की नियुक्ति को लेकर राजभवन और हिमाचल सरकार में फिर ठन गई है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि मैंने दोनों विश्वविद्यालय के हित में सही निर्णय लिया है तो मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्यपाल को विधानमंडल ने ही कुलाधिपति की शक्तियां दी हैं और उन्हें सरकार की बात माननी चाहिए।

शिमला स्थित रिज मैदान पर शनिवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में पहले राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह व पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज सहित अन्य लोग मौजूद थे। उसके बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पहुंचे। इसके बाद दोनों ने मीडिया से बात की। दोनों की ओर से रखे गए कथन से राजभवन और सरकार के बीच में टकराव की स्थिति पैदा हो गई है।

**क्या है मामला :** हाल ही में राजभवन सचिवालय ने दोनों विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे थे, जिसे सरकार ने रद कर दिया था जबकि राजभवन ने आवेदन की तिथि बढ़ा दी। इस बीच हाईकोर्ट ने इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी। सरकार ने विधानसभा में कुलपति की नियुक्ति के लिए संशोधन बिल पारित किया, जिसे राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा गया था। राज्यपाल ने इस बिल पर आपत्ति जताते हुए उसे वापस भेजा है।

राज्यपाल शुक्ल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, हार्टिकल्चर एंड फारेस्ट्री संशोधन विधेयक को दोनों विश्वविद्यालयों के हित में वापस भेजा है। जहां तक हाईकोर्ट ने जो रोक लगाई है, उस पर मुझे कुछ कहना नहीं है। जो निर्णय लिया है, वह प्रदेश और विश्वविद्यालय के हित में है। जो करना होगा वह करेंगे। अब जनता को इस पर निर्णय लेना है। आखिर कृषि और बागबानी विश्वविद्यालय के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है, इस जनता विचार करेगी तो स्वयं समझ आ जाएगा।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि विश्वविद्यालय में कुलाधिपति को राज्य विधानमंडल शक्तियां देता है। जब सरकार कोई निर्देश देती है तो उसे कुलाधिपति को मानना चाहिए व उसका अनुपालन किया जाना चाहिए। सरकार ने कुलपति की नियुक्ति की अधिसूचना को वापस लेने को कहा, लेकिन राजभवन ने आवेदन की तिथि बढ़ा दी। अब हाईकोर्ट ने भी उसमें रोक लगा दी है। सरकार ने कृषि और बागबानी विश्वविद्यालय को लेकर बिल पारित किया है जो मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास पड़ा रहा। अब राजभवन ने उसमें कुछ आपत्तियां लगाई हैं और बिल को वापस भेजा है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इससे आगे कहा कि इसके अतिरिक्त भी कई महत्वपूर्ण बिल राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए लंबित हैं, जिसमें सुखाश्रय बिल, भ्रष्टाचार संबंधी बिल है, जिसे मंजूरी नहीं मिली है। इस संदर्भ में राज्यपाल से बात करूंगा और जल्द समाधान निकाला जाएगा।

दैनिक जागरण 17 AUG 2025

# नशा मुक्ति के लिए दो बोर्ड करेंगे काम

## नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड के गठन के साथ एंटी चिट्टा वालंटियर योजना होगी शुरू

**जागरण टीम, मंडी/शिमला :** हिमाचल में नशे, विशेषकर चिट्टे के बढ़ते मामलों को रोकने और प्रभावित युवाओं के पुनर्वास के लिए अब दो विशेष बोर्ड कार्य करेंगे। इनमें से एक नशा निवारण बोर्ड का गठन किया गया है, जिसके संयोजक के रूप में हमीरपुर के नरेश ठाकुर और उप संयोजक के रूप में ठियोग के संजय भारद्वाज को नियुक्त किया गया है। अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंडी के सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड के गठन के साथ एंटी चिट्टा वालंटियर योजना की शुरुआत की घोषणा की है।



सुखविंदर सुक्खू • जागरण आर्काइव

इस बोर्ड में गृह, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, शिक्षा, युवा सेवा एवं खेल, पंचायती राज और कारागार विभागों के विशेषज्ञों के साथ-साथ गैर-सरकारी संगठनों और सोशल साइंटिस्टों को शामिल किया जाएगा। 'दैनिक जागरण' द्वारा चलाए गए 'धंसता हिमाचल' विशेष अभियान के तहत भी युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया है। स्कूलों और कालेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड का उद्देश्य नशे पर अंकुश लगाना और नशे के चंगुल में फंसे युवाओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है। राज्य सरकार नशे के शिकार युवाओं के कल्याण के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार करेगी। इसके लिए नीति आयोग, एम्स, पीजीआइ और स्वास्थ्य विभाग मिलकर एक कार्य योजना विकसित करेंगे।

दैनिक जागरण' ने 'धंसता हिमाचल' अभियान के तहत प्रदेश के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के विरुद्ध किया था जागरूक




### हर पंचायत में तैयार होंगे एंटी चिट्टा स्वयंसेवक

एंटी चिट्टा वालंटियर योजना के तहत स्वयंसेवकों को पुलिस व आम जनता के मध्य सेतु का काम करने के लिए तैयार किया जाएगा। युवा स्वयंसेवक चिट्टे की तस्करी को रोकने में मदद करने के साथ-साथ जागरूकता अभियानों और पुलिस को समय-समय पर गोपनीय जानकारी उपलब्ध करवाने में सहायता करेंगे। इससे तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इन स्वयंसेवकों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रविधान किया जाएगा। चिट्टे के समूल नाश के लिए गांवों व पंचायतों में एंटी ड्रग समितियों के गठन के निर्देश दिए गए हैं। इनमें पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व एक पुलिस कांस्टेबल शामिल होंगे। पुलिस नशे से संबंधित जानकारी एकत्रित कर समिति के साथ साझा करेगी। पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी द्वारा पंचायत स्तर पर कांस्टेबलों की नियुक्ति, नियमित बैठकें और मासिक रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित होगा।

संपादकीय » नशे के विरुद्ध


पाकिस्तान से पंजाब व दिल्ली होकर हिमाचल पहुंच रहा चिट्टा

चिट्टे का शौक पहले बना रहा आदी, फिर अपराधी

चिट्टे के लिए किसी भी हद तक जा रहे युवा

चिट्टा तस्करी में युवतियों के भी हाथ काले

पंजाब की सीमा से चल रहा चिट्टे का खेल

परिवार पकड़े हाथ, तभी छूटेगा नशे का साथ

दैनिक जागरण में प्रकाशित समाचार।

# स्वतंत्रता दिवस पर डीए की घोषणा न होने से सरकारी कर्मचारी निराश

**राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला :** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ के तीन गुटों ने राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस पर महंगाई भत्ते (डीए) की घोषणा नहीं होने पर नाराजगी और निराशा जताई है। प्रत्येक कर्मचारी संगठन मानता है कि अब सरकार को चाहिए कि लंबित डीए की किस्तें चरणबद्ध ढंग से देना शुरू करे। वर्तमान सरकार से कर्मचारियों को डीए की दो किस्तें चार-चार प्रतिशत की मिल चुकी हैं। अब 4-4-3-2 प्रतिशत के साथ कुल 13 प्रतिशत डीए लंबित हो चुका है। केंद्र सरकार की ओर से जुलाई की किस्त घोषित होने पर डीए का बोझ और अधिक बढ़ जाएगा। केंद्रीय कर्मचारियों को मिल रहा डीए 55 प्रतिशत पहुंच चुका है, जबकि प्रदेश का कर्मचारी वर्ग 42 प्रतिशत डीए पर खड़ा है।



"कर्मचारियों को आस थी कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री डीए जारी करने की घोषणा करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं होने से कर्मचारी वर्ग को निराशा हाथ लगी है।

**–प्रदीप ठाकुर,** अध्यक्ष, राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (प्रदीप गुट)।

बढ़ती महंगाई के बीच समय पर डीए की किस्त मिलनी चाहिए थी। जो कर्मचारियों के लिए एक राहतकारी कदम होना था। जिससे आर्थिक सहूलियत और परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती थी।

**–त्रिलोक ठाकुर,** अध्यक्ष राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (त्रिलोक गुट)।

सरकार को चाहिए कि डीए की किस्तें देने की प्रक्रिया को शुरू करें। कर्मचारी वर्ग चाहता है कि उनको हो रहे वित्तीय नुकसान के बारे में सरकार गंभीरतापूर्वक विचार करे। डीए देने के लिए स्वतंत्रता दिवस और अन्य किसी तरह के दिवस की आवश्यकता नहीं है।

**–विनोद कुमार,** अध्यक्ष, राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (विनोद गुट)।

डीए की किस्त जारी करने के संबंध में राज्य सचिवालय कर्मचारी संगठन पहले मुख्य सचिव और उसके बाद मुख्यमंत्री से मिला था। कर्मचारी वर्ग को निराशा हाथ लगी है। अभी तक प्रदेश सरकार ने डीए की दो किस्तें दी हैं।"

**–संजीव शर्मा,** अध्यक्ष, सचिवालय कर्मचारी सेवाएं महासंघ।

दैनिक जागरण 17 AUG 2025

# अतीत से प्रेरणा ले उज्ज्वल भविष्य का संकल्प लें : मुकेश

जागरण संवाददाता, शिमला : जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह शिमला के रिज मैदान में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुआ। उपमुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर आशीष कौशल ने किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जब अस्तित्व में आया, उस समय साधनों की कमी सहित कई चुनौतियां थीं। हिमाचल लग्न, परिश्रम व बुलंद हौसले के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। यह गौरव की बात है कि हिमाचल आज दूसरे पहाड़ी राज्यों के लिए विकास का आदर्श माडल बनकर उभरा है। इसलिए अतीत की गौरवगाथा से प्रेरणा लेकर भविष्य को उज्जवल बनाने का संकल्प लें।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 व 2025 में भारी वर्षा और बादल फटने के कारण आई बाढ़ से प्रदेश को भारी जान-माल का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस वर्ष भी आपदा प्रभावितों के राहत व पुनर्वास के लिए कांग्रेस सरकार ने विशेष राहत पैकेज का प्रविधान किया जिसमें राहत राशि को 25 गुणा तक बढ़ाया गया है। शिमला शहर में 1734.70 करोड़ रुपये से देश का सबसे लंबा और दुनिया का दूसरा सबसे लंबा रोपवे बनने जा रहा है। यह परियोजना चार साल में पूरी हो सकेगी। इसके अतिरिक्त शिमला शहर में 50 करोड़ रुपये के 19 इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट बन रहे हैं जिसमें लिफ्ट और एस्कलेटर शामिल हैं। उन्होंने पहाड़ों में सड़कों के महत्व, परिवहन निगम, इलेक्ट्रानिक बसों से लेकर इलेक्ट्रानिक चार्जिंग स्टेशनों के बारे में जानकारी दी।

मुख्यातिथि ने राहवीर योजना के तहत किए गए सराहनीय, साहसिक व आदर्श सामाजिक कार्य के लिए अमित चौहान और मनोज कुमार को सम्मानित किया। इन्हें दुर्घटना में घायल लोगों की सहायता करने पर प्रशस्ति पत्र दिए। भारी वर्षा से हुए भूस्खलन के कारण ये दोनों समारोह में शामिल नहीं हो पाए।



जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सांस्कृतिक दल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते • जागरण

- जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया ध्वजारोहण
- राहवीर योजना के तहत सराहनीय कार्य के लिए अमित और मनोज को सम्मानित किया

## पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का लोकार्पण जल्द

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा रिज मैदान पर स्थापित कर दी गई है जिसका जल्द लोकार्पण किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने चिल्ड्रन आफ स्टेट, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत इन योजनाओं का संदेश देते गुब्बारे आसमान में छोड़े।

## मेगा डाग वैक्सीनेशन ड्राइव का शुभारंभ

उपमुख्यमंत्री ने मेगा डाग वैक्सीनेशन ड्राइव का शुभारंभ किया। उन्होंने वैक्सीनेशन ड्राइव में प्रयुक्त होने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान ह्यूमन पीपल एनजीओ रामपुर, मिशन रेबीज, नगर निगम शिमला और पशुपालन विभाग के संयुक्त प्रयास से शिमला शहर में 15 से 29 अगस्त तक चलेगा। इसमें शिमला नगर निगम के सभी 34 वार्ड शामिल किए जाएंगे और करीब 4,000 आवारा कुत्तों को रेबीज का टीका लगाया जाएगा।

61

दैनिक जागरण 17 AUG 2025

# शांडिल ने सोलन में सम्मानित कीं विभूतियां

संवाद सहयोगी, जागरण • सोलन : स्वतंत्रता दिवस के जिलास्तरीय समारोह में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डा. धनीराम शांडिल ने ठोडो मैदान सोलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। उन्होंने छोटे साहिबजादे वेलफेयर सोसायटी रेड़ू के अध्यक्ष नरिन्द्र सिंह को रक्तदान शिविर, लंगर व जरूरतमंदों की सहायता के लिए सम्मानित किया।

एक्ट ह्यूमन फाउंडेशन की अध्यक्ष हर्लिन कौर को दिव्यांगजन कल्याण व शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मान मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कुमारी को कुपोषण उन्मूलन और पोषण वाटिका विकसित करने पर पुरस्कृत किया गया। रमनीक अटल को बीए की परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। राजस्व अधिकारी प्रतीक शर्मा को अवैध कब्जे हटाने व राहत पुनर्वास कार्यों के लिए सराहना मिली। कबड्डी कोच संजीव कुमार को सम्मानित किया गया। सोलन पुलिस के कई अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिनमें निरीक्षक कविता, निरीक्षक मोती सिंह, निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक दलीप सिंह, एएसआइ विनोद कुमार, मुख्य आरक्षी अमित कटोच, विकास शर्मा, एएसआइ गोपाल और अमर सिंह शामिल रहे।



उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री डा. धनीराम शांडिल • जागरण

दैनिक जागरण 17 AUG 2025



# प्रदेश की संस्कृति संजोएं युवा : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने दो दिवसीय जिलास्तरीय रिहाली मेला में शिरकत की

संवाद सूत्र, जागरण • ठियोग : शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को दो दिवसीय जिलास्तरीय रिहाली मेला (ठियोग उत्सव) में शिरकत की। उन्होंने युवाओं से प्रदेश की समृद्ध संस्कृति को संजोए रखने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि ठियोग सफाई के क्षेत्र में पूरे हिमाचल प्रदेश में पहले नंबर पर रहा जो शिमला जिला के लिए गौरव का विषय है। ठियोग क्रांतिकारियों का क्षेत्र भी रहा है और इस क्षेत्र ने अपनी परंपरा, सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखा है।

इसके लिए भी यहां के लोग बधाई के पात्र हैं। ठियोग में सिविल अस्पताल जल्द जिला अस्पताल होगा जिसके लिए मुख्यमंत्री ने सैद्धांतिक स्वीकृति दी है। इससे लगभग नौ विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को लाभ होगा।

उन्होंने सभी अधिकारियों और नगर परिषद की पूरी टीम को कार्यक्रम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मिस ठियोग प्रतियोगिता में बेटियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने बेटियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बगैन स्कूल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

संवाद सूत्र, जागरण • ठियोग : शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगैन के भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस भवन का निर्माण कई वर्षों से लंबित है। रोहित ठाकुर ने इस निर्माण से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह कार्य नवंबर तक पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए शेष राशि शीघ्र उपलब्ध करवा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय बगैन का भवन 25 लाख की लागत से निर्माणाधीन है, उसे अगले माह तक पूरा कर लिया जाएगा। यह निर्माण कार्य रिकार्ड समय में पूरा हो रहा है। वहीं, रोहित ठाकुर दौरे के अगले चरण में शिलाघुण्ड पहुंचे और वहां ऐतिहासिक रिहाली मेला में भाग लेकर देवता ग्रहणेश्वर के मंदिर में शीश नवाया। उन्होंने सभी देवठी शिलघुण्ड निवासियों को रिहाली मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ठोड़ा प्रतियोगिताएं स्कूलों के स्तर पर आयोजित की जाएंगी। अपनी बोलियों को जीवंत रखने की दिशा में सरकार ने स्कूलों में प्रत्येक शनिवार आधा घंटा अपनी बोली में वार्तालाप करने का निर्णय लिया है।

### अनन्या मिस ठियोग भुवनेश्वरी फर्स्ट रनरअप

ठियोग उत्सव में पहली बार मिस ठियोग प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के लिए 18 युवतियों ने पंजीकरण करवाया था जिसमें से 10 युवतियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा अनन्या को मिस ठियोग, फर्स्ट रनरअप भुवनेश्वरी और सेकंड रनरअप साऊ वर्मा को चुना गया। निर्णायक के रूप में मिस यूनिवर्स हिमाचल 2024 अनुष्का दत्ता और सिमरन ने अहम भूमिका निभाई।



ठियोग उत्सव के दौरान आयोजित मिस ठियोग प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी जागरण

# मंत्री पद से संतुष्ट, प्रदेशाध्यक्ष बनाते हैं तो भी तैयार हूं : रोहित ठाकुर



रोहित ठाकुर • जागरण आर्काइव

जागरण संवाददाता, बिलासपुर : प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के लिए चल रही खींचतान के बीच अध्यक्ष पद की दौड़ में चल रहे शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने परोक्ष रूप से अपनी इच्छा जाहिर की है। उन्होंने साफ कहा कि वह अध्यक्ष बनना चाहते हैं, जिम्मा मिलने पर काम करने की बात कही। बिलासपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में हाईकमान के सामने पक्ष रख दिया है, जिसमें मुख्य रूप से कहा है कि अभी बतौर शिक्षा मंत्री भी अपने दायित्व से संतुष्ट हैं, लेकिन अगर हाईकमान चाहती है और मौका देती है तो बतौर प्रदेश अध्यक्ष भी ईमानदारी व निष्ठा से काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश सरकार ने विपक्ष की मांग को ध्यान रखते हुए मानसून सत्र 15 दिन तक चलाने का निर्णय लिया है।

# अब केवल दो गिफ्ट डीड्स पर अटका नाहन बाइपास

जागरण संवाददाता, नाहन : नाहन शहर का वैकल्पिक बाईपास बनोग-धारक्यारी अब केवल दो गिफ्ट डीड्स के कारण रुका है। इस समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर काम करने के आदेश दिए हैं।

आजादी के बाद से ही नाहन पंचायत के धारक्यारी गांव को सड़क नहीं मिल पाई थी। छह से अधिक गांवों के लोगों की यह मांग नाहन विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ा चुनावी मुद्दा बन गई थी। सत्ता में रहे दोनों प्रमुख दलों के नेताओं के साझा प्रयासों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क तो बन गई थी लेकिन करीब 15 साल से यह बाईपास सेना और सिविलियन के बीच विवाद के कारण आज तक पूरा नहीं हो पाया है। नाहन प्रवास के दौरान शनिवार सुबह विधायक अजय सोलंकी के नेतृत्व में धारक्यारी और जाबल का बाग ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधिमंडल सर्किट हाउस में लोक निर्माण मंत्री से मिला। विधायक अजय सोलंकी ने बताया कि इस सड़क को पक्का करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा 12.5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।



बाईपास की समस्या को लेकर विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात करते ग्रामीण • जागरण

## नशा रोकने के लिए सरकार प्रयासरत : विक्रमादित्य

विक्रमादित्य सिंह ने सिरमौर जिला के दो दिवसीय प्रवास के दौरान पांवटा साहिब में 11 करोड़ 48 लाख रुपये से निर्माणाधीन श्री गुरु गोविंद सिंह राजकीय महाविद्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने जल्द निर्माण के लिए अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल प्रदेश बास्केटबाल एसोसिएशन द्वारा खालसा स्पोर्ट्स क्लब के सहयोग से गुरुनानक मिशन पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब में 15 से 17 अगस्त तक आयोजित 46वीं राज्यस्तरीय बास्केटबाल चैंपियनशिप के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज नशे का प्रचलन युवा पीढ़ी के लिए अभिशाप बना हुआ है और हम सबके लिए चिंता का विषय है। नशे को रोकने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। उन्होंने मिशन स्कूल हरिपुर टोहाना में इंटरलाकिंग टाइल के लिए तथा बास्केटबाल मैदान नाहन में लाइट की सुविधा के लिए दो लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान विधायक अजय सोलंकी ने विक्रमादित्य सिंह का सिरमौर प्रवास के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके प्रवास कार्यक्रम से जिला में लोक निर्माण विभाग के कार्यों को गति मिलेगी।

दैनिक जागरण 7 AUG 2025

# राजनीति का अखाड़ा बने मंडी के तीन बड़े शिक्षण संस्थान

- एसपीयू के पर कतरे, औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग से गोहर किया है स्थानांतरित
- अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय को सरकाघाट स्थानांतरित करने की घोषणा

हंसराज सैनी • जागरण

मंडी : मंडी जिला के तीन बड़े शैक्षणिक संस्थान इन दिनों ज्ञान व शोध का केंद्र बनने के बजाय राजनीतिक खींचतान का अखाड़ा बन गए हैं। जहां विद्यार्थियों को सपनों की ऊंचाई पकड़नी चाहिए थी वहां अब सियासी रस्साकशी उनके भविष्य को उलझा रही है। अब मुख्यमंत्री ने अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय को नेरचौक से सरकाघाट स्थानांतरित करने की घोषणा कर दी है। शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मेडिकल कालेज परिसर से नेरचौक बाजार तक रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू), जिसका सपना निचले हिमाचल की युवा पीढ़ी को नया आयाम देने का था। घर द्वार उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाना था। सत्ता परिवर्तन के बाद विश्वविद्यालय के और सुदृढ़ होने की उम्मीद थी। कांगड़ा व चंबा जिलों को इससे अलग कर दर्जा घटा दिया गया। पूर्व भाजपा सरकार के समय स्थापित हुआ विश्वविद्यालय अब मंडी, कुल्लू व लाहुल स्पीति तक सीमित होकर रह गया है।

30 जून की प्राकृतिक आपदा के बाद थुनाग के औद्यानिक एवं वानिकी महाविद्यालय की दिशा बदली गई। किसानों व बागबानों की उम्मीदों से जुड़े इस संस्थान में भी राजनीति का हस्तक्षेप गहराता चला गया। महाविद्यालय को वैसे तो इसे स्थानांतरित करने की चर्चा कई माह से चल रही थी, लेकिन अब आपदा की आड़ में महाविद्यालय को थुनाग से गोहर स्थानांतरित कर दिया गया। आपदा से विश्वविद्यालय भवन को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

अब नया विवाद नेरचौक के अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय को लेकर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय को सरकाघाट स्थानांतरित करने की घोषणा की है। वहां सैनिक प्रशिक्षण संस्थान में इसे स्थापित करने की योजना है। हालांकि अभी वहां जमीन चिह्नित नहीं हुई है। करीब 100 बीघा से अधिक जमीन चाहिए। भाजपा ने इस पर आपत्ति जताई है।

## पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने दिया था मंडी को विश्वविद्यालय

अटल विश्वविद्यालय चुनावी बेला में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने मंडी को दिया था। प्रदेश के दूसरे बड़े जिले में कोई विश्वविद्यालय नहीं था। कांगड़ा में कृषि, सोलन में औद्यानिकी एवं वानिकी, शिमला में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा हमीरपुर में तकनीकी विश्वविद्यालय पहले से स्थापित था।



अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय • जागरण आर्काइव

## सियासी पालने में झूल रहे दोनों विश्वविद्यालय

मंडी को मिले दोनों विश्वविद्यालय अब सियासी पालने में झूल रहे हैं। कभी इन्हें दर्जा घटाने की बातें होती हैं तो कभी स्थानांतरण की। यह अस्थिरता छात्रों व अभिभावकों के सपनों को तोड़ने लगी है। चौंकाने वाली बात यह है कि सत्ताधारी दल के कई नेता भी इन निर्णयों से खुश नहीं हैं।

## चुनाव के समय भाजपा बना सकती है बड़ा मुद्दा

इस पर भाजपा पहले ही तेवर दिखा चुकी है। चुनावों के समय यह मुद्दा विपक्ष के हाथ में बड़ा हथियार बन सकता है। सत्ताधारी दल के नेताओं को जनता के प्रश्नों का सामना करना पड़ेगा। जब अभिभावक व युवा यह पूछेंगे कि उनकी शिक्षा व भविष्य क्यों राजनीति की भेंट चढ़ा, तब उत्तर देना आसान नहीं होगा।

# राठौर उत्तराखंड और बाली व सुरेश पंजाब के पर्यवेक्षक नियुक्त



कुलदीप राठौर • जागरण आर्काइव

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : कांग्रेस हाईकमान ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर सहित प्रदेश के दो अन्य नेताओं को अन्य राज्यों में जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी हाईकमान ने कुलदीप सिंह राठौर को उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली व विधायक सुरेश कुमार को पंजाब में पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस



पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली व सुरेश कुमार • जागरण आर्काइव

कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं।

तीनों नेता पहली बार विधानसभा में चुनकर आए हैं। राजनीतिक अनुभव की बात की जाए तो कुलदीप को इससे पहले मध्य प्रदेश और गुजरात का पर्यवेक्षक नियुक्त किया जा चुका है। राठौर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। हाईकमान ने राठौर को संगठन सृजन अभियान के तहत आब्जर्वर नियुक्त किया है। वह जल्द उत्तराखंड में कांग्रेस नेताओं से बैठक करेंगे और रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेंगे। राठौर ने नियुक्ति के लिए पार्टी हाईकमान का आभार जताया है। राठौर को पहले प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में भी शामिल बताया जा रहा था लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि वह दौड़ में शामिल नहीं हैं। बाली नगरोटा बगवां और सुरेश कुमार भोरंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनकर आए हैं।

## आदर्श अस्पतालों में 350 प्रकार के टेस्ट की सुविधा

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : प्रदेश के आदर्श अस्पतालों में 350 टेस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इनमें से कुछ अस्पतालों में यह सुविधा शुरू हो चुकी है, जबकि अन्य में इसे शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाओं को भी प्रदान किया जाएगा, जिसके लिए नई मशीनों की स्थापना की जा रही है। पीपीपी मोड पर सेवाओं के लिए प्रक्रिया भी चल रही है। हर विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श अस्पताल स्थापित किया जाएगा, जिसमें पहले से चल रहे अस्पतालों को आदर्श अस्पताल का दर्जा दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने बताया कि आदर्श अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने के प्रयास हैं। जिन सुविधाओं में कमी है, उन्हें दूर करने का कार्य भी जारी है।

## राजीव ने अनिमेष के निधन पर शोक व्यक्त किया

शिमला : सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार ने पीआरएसआइ शिमला चैप्टर के अध्यक्ष रणवीर वर्मा के पुत्र अनिमेष वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त स्वजन को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की प्रार्थना की। सूचना एवं जन संपर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अनिमेष वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। (राब्यू)

65

दैनिक जागरण 17 AUG 2025

# नगर निकाय व पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटा निर्वाचन आयोग

- आयोग ने सभी नगर निकायों की स्थिति को स्पष्ट करने को कहा
- जनवरी से पहले पंचायत व अप्रैल से पहले नगर निकाय का चुनाव

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला: हिमाचल प्रदेश में जनवरी से पहले पंचायत और अप्रैल से पहले नगर निकायों के चुनाव की तैयारियों को राज्य निर्वाचन आयोग ने तेज कर दिया है। यह कदम समय पर चुनाव कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। शहरी निकायों के मतदाता सूची को तैयार करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसमें भारतीय चुनाव आयोग के डाटा का उपयोग किया जा रहा है।

सरकार द्वारा नवगठित नगर निकायों के लिए चुनाव की अवधि निर्धारित करने की अधिसूचना के बाद, शहरी विकास विभाग से नगर निकायों की स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है। वर्तमान में प्रदेश में 74 नगर निकाय हैं, जिनमें से शिमला को छोड़कर अन्य नगर निगमों में चुनाव होंगे।

हिमाचल सरकार की अधिसूचना के अनुसार, बद्दी, ऊना और हमीरपुर में तीन नए नगर निगम स्थापित किए गए हैं। धर्मशाला, पालमपुर, सोलन और मंडी पुराने नगर निगम हैं, जहां चुनाव संभावित हैं।

इसके अतिरिक्त, लगभग 13 नगर परिषद और नगर पंचायतें भी नई बनी हैं, हालांकि कुछ के क्षेत्र में बदलाव आया है। प्रदेश में कुल 3577 पंचायतों, 12 जिला परिषदों और 91 ब्लाक समितियों के चुनाव भी होने हैं।

**प्रदेश में नगर निगमों के चुनाव पार्टी चुनाव चिह्न पर :** प्रदेश में केवल नगर निगमों के पार्षदों का चुनाव पार्टी चुनाव चिह्न पर होता है। जिसके बाद महापौर और उपमहापौर का चयन नियमों के तहत होता है। सभी नगर पंचायत, नगर परिषद और पंचायतों से लेकर जिला परिषद सदस्यों के चुनाव पार्टी चुनाव चिह्न पर नहीं होते हैं।

# सीएम से करेंगे बात, नेरचौक से न शिफ्ट की जाए विश्वविद्यालय : चौधरी

**जागरण संवाददाता, मंडी :** कांग्रेस नेता एवं पूर्व आबकारी एवं कराधान मंत्री प्रकाश चौधरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय को नेरचौक से सरकाघाट स्थानांतरित करने की घोषणा पर आपत्ति जताई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस मामले में मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलकर आग्रह करेंगे कि विश्वविद्यालय को नेरचौक से न हटाया जाए।



प्रकाश चौधरी • जागरण आर्काइव

प्रकाश चौधरी ने कहा कि नेरचौक न केवल मंडी जिले का, बल्कि पूरे प्रदेश का केंद्र है। यहां से राज्य के सभी क्षेत्रों तक आवागमन सुगम है। इसे दूसरी जगह ले जाने से इसकी भौगोलिक व प्रशासनिक महत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय की स्थापना पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह व कौल सिंह ठाकुर के प्रयासों से नेरचौक में हुई थी। यह संस्थान चिकित्सा शिक्षा को नई दिशा दे रहा है। इसे शिफ्ट करना जनता के हित में नहीं है।

प्रकाश चौधरी ने फेसबुक पर पोस्ट में लिखा कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र और जिले के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं व आगे भी रहेंगे। विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे। नेरचौक में स्थापित यह विश्वविद्यालय यहां के लोगों की वर्षों की मांग और मेहनत का परिणाम है। इसे यहां से हटाने का निर्णय पुनर्विचार योग्य है। इस बयान के बाद विश्वविद्यालय को लेकर राजनीतिक हलकों में नई बहस छिड़ गई है। जहां कांग्रेस के भीतर ही इस फैसले पर अलग-अलग राय सामने आ रही है।

# नशे के विरुद्ध

हिमाचल प्रदेश के युवाओं में चिट्टे (सिंथेटिक ड्रग्स) की बढ़ती प्रवृत्ति को सरकार ने गंभीरता से लिया है। नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कई माफिया पकड़े गए हैं और उनकी संपत्तियों को जब्त किया गया है। नशे की रोकथाम के लिए हाल ही में नशा निवारण बोर्ड का गठन किया गया है। स्वतंत्रता दिवस पर नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड के गठन और एंटी चिट्टा वालंटियर योजना की घोषणा सराहनीय है। इस बोर्ड में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो युवाओं को नशे के दलदल से निकालकर मुख्यधारा में लाने का कार्य करेंगे। एंटी चिट्टा वालंटियर योजना नशा उन्मूलन में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। नशे की जड़ें समाज में काफी गहरी हो चुकी हैं और इसके उन्मूलन में केवल पुलिस प्रशासन सक्षम नहीं हो सकता। इसमें सक्रिय जनसहभागिता की आवश्यकता है। इस योजना के तहत स्वयंसेवकों को तैयार किया जाएगा, जो नशा तस्करी की सूचना पुलिस को देंगे और नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे। इन स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। पंचायतों में नशे के खिलाफ समितियों का गठन किया जाएगा, जिससे नशा माफिया पर चौतरफा प्रहार किया जा सकेगा। गांवों से भी नशे के खिलाफ दृढ़ता से आवाज उठेगी। इस संगठित अभियान से समाज में चेतना आएगी और युवा नशे के दुष्प्रभावों को समझेंगे। आशा की जानी चाहिए कि सरकार के प्रयास जल्द ही धरातल पर उतरेंगे और हिमाचल प्रदेश नशामुक्त होगा।

> नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड के गठन का निर्णय सराहनीय है।

# अटल मेडिकल विश्वविद्यालय का स्थानांतरण संकीर्ण सोच : जयराम

**जागरण संवाददाता, मंडी :** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय महत्व के दिन नई योजनाओं और विकासात्मक घोषणाओं की उम्मीद रखने वाली जनता को इस बार निराशा हाथ लगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्यस्तरीय समारोह में अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय को नेरचौक से सरकाघाट स्थानांतरित करने की घोषणा कर दी। इस फैसले को सरकार की संकीर्ण सोच करार दिया व कहा कि सरकार जनता के हित में निर्णय लेने की बजाय संस्थानों को उलझाने में जुटी है।



जयराम ठाकुर • जागरण आर्काइव

जयराम ठाकुर ने कहा कि अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय लगभग आठ वर्ष से कार्यरत है और भाजपा सरकार के समय इसका संचालन सुचारू रूप से चल रहा था। कांग्रेस सरकार अभी तक यह तय नहीं कर पाई है कि इसके साथ करना क्या है। पहले इसे हमीरपुर स्थानांतरित करने की चर्चा चली, अब सरकाघाट का नाम सामने आ गया। इससे यह साफ है कि सरकार चिकित्सा शिक्षा को स्थिर दिशा देने में असफल रही है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार का आधा कार्यकाल बीत चुका है, लेकिन नई परियोजनाएं शुरू करने और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार का प्रिय शगल है...चले हुए संस्थान बंद करना, जिन प्रोजेक्ट के टेंडर हो गए हों उन्हें रोकना, स्वीकृत बजट वापस मंगाना व चल रहे काम ठप करना।

दैनिक भास्कर 17 AUG 2025



मुख्यमंत्री ने सरकाघाट में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

# आपदा राहत के लिए अतिरिक्त 100 करोड़ जारी, 3000 करोड़ की परियोजना होगी शुरू

भास्कर न्यूज | सरकाघाट

सरकाघाट में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, आईटीबीपी, उत्तराखंड पुलिस, तृतीय भारत रिजर्व बटालियन पंडोह, जिला मंडी पुलिस, यातायात पुलिस, पूर्व सैनिक लीग और होमगार्ड बैंड की टुकड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड का नेतृत्व उप-पुलिस अधीक्षक उमेश्वर राणा ने किया। मुख्यमंत्री ने संबोधन में कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदाओं से हिमाचल को लगभग 10,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जबकि केंद्र सरकार ने आकलन के बावजूद केवल 1,500 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति दी। इस वर्ष भी विशेषकर मंडी जिला भारी नुकसान झेल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रभावितों को सहायता देने के लिए राज्य सरकार अब तक 360.42 करोड़ रुपए वितरित कर चुकी है और अतिरिक्त 100 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा की। इसके साथ ही 3,000 करोड़ रुपए की आपदा न्यूनीकरण एवं आजीविका सुरक्षा परियोजना शुरू करने का भी ऐलान किया। सीएम ने विशेष राहत पैकेज की जानकारी देते हुए कहा कि पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के मुआवजे को 1.3 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपए, आंशिक क्षतिग्रस्त मकानों के मुआवजे को 12,500 से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दिया गया है। जो मकान रहने योग्य नहीं हैं, उन्हें भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मानकर मुआवजा दिया जाएगा। सीएम ने बताया कि सरकार ने पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम लागू किया है।

▪ शेष पेज 7 पर



राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान सीएम

## अगर कोई आपदा प्रभावित अपने रिश्तेदार या दोस्त को 5 या 10 बिस्वा जमीन देगा तो रजिस्ट्रेशन फीस नहीं लगेगी: सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति आपदा प्रभावित अपने रिश्तेदार या दोस्त को 5 या 10 बिस्वा जमीन देगा तो उसकी रजिस्ट्रेशन फीस नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि जो प्रभावित परिवार है, वह आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नहीं बसना चाहते है। ऐसे में केंद्र प्रदेश सरकार को अधिकार दे, ताकि आपदा प्रभावित परिवारों को वन भूमि में एक बीघा भूमि उपलब्ध करवा कर बसाया जा सकें। मुख्यमंत्री ने शनिवार को शिमला में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश का 68% भाग वन भूमि है और 32% प्रदेश जनता के पास बच जाता है। इसे देखते हुए अगर केंद्र सरकार थोड़ी सी भी ढील देंगी तो आपदा प्रभावितों को वन क्षेत्र में भूमि उपलब्ध करवाकर बसाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में अब केंद्र सरकार पर सब कुछ निर्भर करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित मंडी जिला के सरकार ने स्पेशल 100 करोड़ के पैकेज की घोषणा की है।

▪ शेष पेज 7 पर

### आपदा राहत के लिए अतिरिक्त 100 करोड़

**जारी...** ड्रग तस्करों की 42 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस भर्ती में ड्रग टेस्ट अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही 'एंटी-चिट्टा वॉलंटियर योजना' और नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड के गठन की घोषणा की। इस बोर्ड में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता और एनजीओ भी शामिल होंगे। शिक्षा क्षेत्र में सुधारों की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों के शिक्षक शैक्षणिक सत्र के अंत में ही सेवानिवृत्त होंगे। राज्य में 200 नए सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित स्कूल खोले जाएंगे और शिक्षा विभाग में 9,535 पद भरे जाएंगे। अगले माह 1,300 से अधिक युवाओं की पुलिस भर्ती होगी। इसके अलावा पटवारी के 600, जेबीटी के 600, डॉक्टर के 200 और पंचायत सचिव के 300 पद भी भरे जाएंगे।

### अगर कोई आपदा

**प्रभावित...** निश्चित तौर से उसका सबसे अधिक लाभ यदि किसी विस क्षेत्र को होगा तो वह पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के विस क्षेत्र को होगा, वहां नुकसान भी अधिक हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम चाहते है कि जिन परिवारों के घर उजड़ गए है, उन्हें बसाया जाए।

दैनिक भास्कर 17 AUG 2025

# ठियोग का स्वतंत्रता इतिहास गौरवपूर्ण : शिवप्रताप शुक्ल



**ठियोग** | ठियोग नगर के स्वतंत्रता संग्राम और प्रजामंडल से जुड़े ऐतिहासिक नेहरू मैदान में दो दिवसीय आजादी का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार को प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला मेले में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

उन्होंने ठियोग में आजादी के लिए संघर्ष करने वाले प्रजामंडल के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उत्तर प्रदेश के बलिया और ठियोग के गौरवपूर्ण इतिहास की चर्चा की। उन्होंने ठियोग रियासत के तत्कालीन प्रमुख की भी सराहना की जिन्होंने जनता को सत्ता सौंप दी थी। राज्यपाल ने हिमाचल में सेब लाने वाले स्वर्गीय सत्या नन्द स्टोक्स को भी याद किया। उन्होंने कहा कि ठियोग ने आजादी के संघर्ष और विकास के लिए कई सपूत पैदा किए। उन्होंने कहा कि ठियोग क्षेत्र में देव गुरों का आदेश और विकास एक साथ चलता है। उन्होंने लोगों से अपनी विरासत को बचाने और प्रजामंडल के सेनानियों से प्रेरणा लेने की अपील की। वन निगम के उपाध्यक्ष केहरसिंह खाची भी मेले में शामिल हुए। इस अवसर पर महानाटी में प्रजामंडल से जुड़े लोगों के परिजनों और प्रमुख

अतिथियों ने भी नृत्य किया। उधर मेले में लोक गायकों और स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों की धूम रही। कार्यक्रमों में पहाड़ी संस्कृति को महत्व दिया गया। 15 अगस्त को दो दिवसीय ठियोग उत्सव के पहले दिन देश के 79वें स्वतंत्रता नेहरू मैदान में ध्वजारोहण समारोह बढ़ी धूम-धाम से मनाया गया।

# राज्यपाल ने पुण्यतिथि पर पूर्व पीएम को अर्पित की श्रद्धांजलि



**शिमला** | राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के ऐतिहासिक रिज पर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि वह एक दूरदर्शी राजनेता थे जिन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में सर्वोच्च नैतिक मूल्यों को बनाए रखा। उन्होंने कहा कि वह हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर मानते थे। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी दिवंगत नेता को पुष्पांजलि अर्पित की। नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान, पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह, उप-महापौर उमा कौशल, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, उपायुक्त अनुपम कश्य उपस्थित रहे। कलाकारों ने देशभक्ति गीत एवं भजन भी प्रस्तुत किए।

# बारिश के बीच बिलासपुर में मंत्री रोहित ठाकुर ने फहराया तिरंगा



**बिलासपुर** | स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोह बिलासपुर में धूमधाम से मनाया गया। बारिश की हलकी फुहारों के बीच शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने तिरंगा फहराने के साथ ही मार्च पास्ट की सलामी भी ली। उन्होंने शहीद स्मारक में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शूरवीरों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इनमें स्वतंत्रता सेनानी सहजराम, स्वतंत्रता सेनानी संगठन की अध्यक्ष प्रेमी देवी शास्त्री, स्वतंत्रता सेनानी छोटाराम की पत्नी प्रेमी देवी, देवीराम के पुत्र प्रेमलाल, गांधीराम के पुत्र राजकुमार, पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष अमरनाथ धीमान, केके फाउंडेशन अध्यक्ष केके कश्यप शामिल रहे।

# गांव, गरीब, किसानों की खुशहाली ही हमारी प्राथमिकताः चंद्र कुमार



**धर्मशाला** | स्वतंत्रता दिवस पर कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने धर्मशाला में ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब और किसानों की खुशहाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री ने बताया कि आपदा राहत पैकेज को 25 गुना बढ़ाया गया है। कांग्रेस सरकार ने चुनावी गारंटियों में से 6 पूरी की हैं और कर्मचारियों के लिए ओपीएस बहाल की गई है। महिलाओं को 1500 रुपये मासिक सम्मान निधि दी जा रही है। पशुपालकों को गाय के दूध पर 51 और भैंस के दूध पर 61 रुपये प्रति लीटर समर्थन मूल्य मिल रहा है। ढगवार में 201 करोड़ की लागत से आधुनिक दूध संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। किसानों को प्राकृतिक खेती पर भी विशेष लाभ मिल रहा है।

# बगैन स्कूल के निर्माणाधीन भवन का रोहित ठाकुर ने किया निरीक्षण



**ठियोग** | शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शनिवार को उपमंडल ठियोग के अंतर्गत बगैन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगैन के भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि इस भवन का निर्माण पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ा है। रोहित ठाकुर ने इस निर्माण से सम्बंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिये है कि यह कार्य नवम्बर तक पूरा कर लिया जाये। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य के लिए शेष राशि भी शीघ्र ही उपलब्ध करवा दी जाएगी। इस भवन की सबसे ऊपरी मंजिल पर परीक्षा भवन बनाने के लिए तकनीकी पहलुओं पर विचार विमर्श करने के बाद मंजूर कर लिया जा,गा। शिक्षा मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय बगैन का भवन जो 25 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन है उसे अगले माह तक पूरा कर लिया जायेगा। यह निर्माण कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा हो रहा है।

रोहित अपने दौरे के अगले चरण में शिलाघूंड पहुंचे जहाँ पर उन्होंने ऐतिहासिक रिहाली मेला में भाग लेकर देवता ग्रहणेश्वर के मंदिर में शीश नवाया और देवता का आशीर्वाद लिया। रोहित ठाकुर ने कहा कि मेले और त्यौहार हमारी समृद्ध संस्कृति का प्रतीक है। हम सब इन सांस्कृतिक धरोहरो को संजो कर रखें।

दैनिक भास्कर 17 AUG 2025

## दो विश्वविद्यालयों में वीसी की नियुक्ति पर राज्यपाल और सरकार आमने-सामने

# विश्वविद्यालय के हित में जो किया है वो सही था: शुक्ल VS सरकार की डायरेक्शन पर अमल होना चाहिए: सीएम

शिमला | कृषि विश्वविद्यालय और नौणी विश्वविद्यालय में वीसी की नियुक्ति को लेकर राजभवन और सरकार एक बार फिर आमने सामने आ गए है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय के हित में जो कुछ किया है वह सही था। हाईकोर्ट ने उस पर स्टे दिया है वह उसका आदर करते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि वह फैसला जनता पर छोड़ेंगे। नौणी और पालमपुर विश्वविद्यालय के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है। जनता सोच विचार करे समझ में अपने आप ही आ जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला में भारत रतन अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद यह बात कही। वहीं सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस मामले में कहा, कि वह राज्यपाल का बहुत सम्मान करते है लेकिन कुलपति को चांसलर की पावर स्टेट लेजिस्लेटिव ने दी है। उन्होंने कहा, विधानसभा ने गवर्नर को चांसलर नियुक्ति किया है, तो सरकार की डायरेक्शन पर अमल होना चाहिए। स्टेट लेजिस्लेटिव ने कहा, जो भी यूनिवर्सिटी होगी, उसमें चांसलर गवर्नर होंगे वो संवैधानिक नहीं है, वो राज्य सरकार द्वारा दी गई शक्तियां है। उन्होंने कहा कृषि मंत्री जगत सिंह नेगी व कृषि सचिव सी पाल रासू ने पत्र लिखकर राजभवन को कहा, आप अभी पालमपुर और नौणी यूनिवर्सिटी के कुलपति की एड को विज्ञापित न करें। राज्य सरकार ने इस विज्ञापन को वापस लिया। मगर राजभवन ने फिर भी कुलपति के आवेदन की डेट बढ़ा दी। सीएम ने कहा, वह जल्द राज्यपाल से मिलेंगे। कुलपति की नियुक्ति मामले में उनसे बात करेंगे। उन्होंने कहा कि राजभवन में और भी कई एक्ट लंबित है।

इससे पहले राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा, हाईकोर्ट के निर्णय पर वह कमेंट नहीं करेंगे। वह जानते हैं कि उन्होंने यूनिवर्सिटी के हित में जो कुछ किया, वो सही था। हाईकोर्ट ने उस पर स्टे दिया जिसका वह आदर करते हैं। वह फैसला जनता पर छोड़ेंगे, नौणी व पालमपुर यूनिवर्सिटी के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है, जनता सोच विचार करें, समझ में अपने आप आ जाएगा।

### ये है मामला : 21 जुलाई को राज्यपाल ने नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया, 12 अगस्त को सरकार ने इसे खारिज

बता दें कि राजभवन ने 21 जुलाई को चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में कुलपति की नियुक्ति के लिए एक विज्ञापन जारी किया। 12 अगस्त को राज्य सरकार ने इस विज्ञापन को खारिज कर दिया। 13 अगस्त को राजभवन ने इस विज्ञापन को कंटीन्यू करते हुए आवेदन की तिथि 18 अगस्त तक बढ़ा दी।

---

## प्रदेश के बागवानों को मिली बड़ी राहत...

# 20 लाख का कोल्ड स्टोर स्थापित करने पर मिलेगी 50% सब्सिडी

शिमला | प्रदेश में बागवानों के लिए खुशखबरी है। कोल्ड स्टोर लगाने पर किसानों को 50% सब्सिडी दी जाएगी। हर कोल्ड स्टोर की क्षमता 10 मीट्रिक टन होगी, जिसमें लगभग 500 सेब की पेटियां सुरक्षित रखी जा सकेंगी। प्लांट लगाने की निर्माण लागत 20 लाख होगी जिसमें विभाग 10 लाख रुपए की सब्सिडी देगा। बागवानी विभाग ने 10 नए कोल्ड स्टोर लगाने की मंजूरी दे दी है। सुविधा केंद्र प्रायोजित मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर यानि एमआईडीएच योजना के तहत उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में कई नियंत्रित वातावरण सीए स्टोर मौजूद हैं, लेकिन छोटे किसानों के लिए उनका इस्तेमाल मुश्किल होता है। बड़े चैम्बर भरने के लिए कई किसानों को मिलकर फसल रखनी पड़ती है।

### सेब की कीमतें गिरने पर फायदा

कोल्ड स्टोर से किसानों को मंडियों में दाम गिरने की स्थिति में राहत मिलेगी। वे फसल को रोककर बेहतर दाम मिलने पर बेच पाएंगे। जैसे अभी अदानी या दूसरे अन्य उद्यमी कर रहे हैं। इसमें यह बड़े घराने बागवानों से सेब खरीद कर अपने कोल्ड स्टोर में रख लेते हैं और बाद में मार्केट ऊंची होने पर उत्पाद को बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। अब यही मुनाफा सीधे किस बागबान अपने यहां 10 मीट्रिक टन की क्षमता वाला कोल्ड स्टोर खोल करके अपने उत्पाद को सुरक्षित रख सकेगा। पहले चरण में यह कोल्ड स्टोर किन्नौर जिले में खोला जाएगा। सचिव बागवानी सी पाल रासु ने कहा कि सरकार ने 10 एमटी की क्षमता वाले 10 कोल्ड स्टोर को खोलने की मंजूरी देती है। इसमें सरकार बागवानों को कोल्ड स्टोर की निर्माण लागत का 50% सब्सिडी के तौर पर देगी।

---

## प्रदेश ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का पुनर्गठन

# जगदीश रेड्डी समर्थक जंजैहली क्षेत्र के 3 व्यापारी सदस्य नियुक्त

गोहर| प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का पुनर्गठन किया है, जिसमें जंजैहली क्षेत्र के तीन व्यापारियों को गैर-आधिकारिक सदस्य के रूप में नामित किया गया है। 28 जुलाई 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्यपाल ने बोर्ड के लिए विभिन्न अधिकारियों और गैर-आधिकारिक सदस्यों की नियुक्ति की है। जंजैहली क्षेत्र से नामित किए गए सदस्यों में व्यापार मंडल जंजैहली के अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर (अरमान) कमल देव और पवन सूर्यवंशी शामिल हैं। यह तीनों जगदीश रेड्डी के समर्थक माने जाते हैं। इनके अलावा, प्रदेश के अन्य विधान सभा क्षेत्रों से भी 45 व्यापारियों को बोर्ड में शामिल किया गया है। बोर्ड का गठन व्यापारियों की शिकायतों को संबोधित करने और उनके कल्याण के लिए किया गया है।

आधिकारिक सदस्यों में माननीय मुख्यमंत्री (अध्यक्ष), मुख्य सचिव, और विभिन्न प्रशासनिक सचिव शामिल हैं, जबकि राज्य कर एवं उत्पाद शुल्क आयुक्त को सदस्य-सचिव नियुक्त किया गया है। यह कदम व्यापारिक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। वीरेंद्र कुमार ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और जगदीश रेड्डी का आभार जताया है।

### शिमला में धूमधाम से मना आजादी का महोत्सव, उपमुख्यमंत्री ने रिज पर फहराया तिरंगा

# हमें अतीत की गौरव गाथा से प्रेरणा लेते हुए उज्ज्वल भविष्य का संकल्प लेना होगाः मुकेश

भास्कर न्यूज़| शिमला

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप-मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश मुकेश अग्निहोत्री ने की। उप-मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर आशीष कौशल ने किया। अग्निहोत्री ने कहा कहा आज का दिन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, त्याग और संघर्ष की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें यह अमूल्य स्वतंत्रता दिलाई। स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, एकता, अखंडता और भाईचारे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें अतीत की गौरव गाथा से प्रेरणा लेते हुए उज्ज्वल भविष्य का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि ने भी स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश जब अस्तित्व में आया, उस समय साधनों की कमी सहित कई चुनौतियां थी। लेकिन हिमाचल लग्न, परिश्रम एंव बुलंद हौसलों के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि हिमाचल आज दूसरे पहाड़ी राज्यों के लिए विकास का आदर्श का मॉडल बनकर उभरा है। वर्ष 2023 में हिमाचल ने गम्भीर प्राकृतिक आपदा का सामना किया। इससे उबरने के लिए प्रदेश सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से आपदा राहत पैकेज वितरित किया। उन्होंने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया।

## पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का जल्द होगा लोकार्पणः डिप्टी सीएम

डिप्टी सीएम ने बताया कि आधुनिक हिमाचल के निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा रिज मैदान पर स्थापित कर दी गई है जिसका जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने राहवीर योजना के तहत किये गए सराहनीय, साहसिक एवं आदर्श सामाजिक कार्य के लिए अमित चौहान और मनोज कुमार, जोकि जिला उत्तरकाशी, उत्तराखंड से संबंध रखते हैं, को दुर्घटना में घायल लोगों की सहायता करने पर प्रशस्ति पत्र दिए।



समारोह के दौरान परेड की सलामी लेते डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

## नाटी पर नाचने से खुद को नहीं रोक 92 वर्षीय पूर्व डीजीपी वर्मा



कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी। उपमुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान 92 वर्षीय पूर्व डीजीपी आरआर वर्मा भी पहाड़ी नाटी पर अपने आप को नाचने से नहीं रोक सकें। कार्यक्रम के दौरान जब रिज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ और जैसे ही पहाड़ी नाटियों का दौर शुरू हुआ तो पूर्व डीजीपी अपनी सीट से उठ कर नर्तक दलों के बीच चले गए और वहां पर दिल खोल कर नाचने लगे। जिसे देख पंडाल में बैठे अधिकारियों और राजनेताओं सहित सभी दर्शकों ने उनके इस हौसले को खुब सराहा और खूब तालियां बजाई। इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा, विधायक ठियोग कुलदीप सिंह राठौर, विधायक रोहड़ू मोहन लाल ब्राक्टा, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान, उप महापौर उमा कौशल, पार्षदगण और अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 17 AUG 2025



सिटी एंकर

## शिमला में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन, उप-मुख्यमंत्री मुकेश ने परेड की सलामी ली

# राहवीर योजना में साहसिक कार्य करने वाले सम्मानित

सिटी रिपोर्टर | शिमला

जिला के स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान स्कूल कॉलेजों में जहां छात्रों ने देशभक्ति गीतों पर नाच गाना किया वहीं रिज पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की। उप-मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर आशीष कौशल ने किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, त्याग और संघर्ष को याद किया। कहा कि जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें यह अमूल्य स्वतंत्रता दिलाई है। स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, एकता, अखंडता और भाईचारे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करने का अवसर भी है। हमारे वीर जवानों ने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई बल्कि स्वतंत्रता के बाद भी राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा में अपनी वीरता का परिचय दिया है। यह गर्व की बात है कि हमारे प्रदेश के वीर सपूतों को देश सेवा के लिए 4 परमवीर चक्र, 2 अशोक चक्र, 10 महावीर चक्र और 24 कीर्ति चक्रों से नवाजा गया है।

मुख्यातिथि ने राहवीर योजना के तहत सराहनीय, साहसिक एवं आदर्श सामाजिक कार्य के लिए अमित चौहान और मनोज कुमार, जोकि जिला उत्तरकाशी, उत्तराखंड से संबंध रखते हैं को दुर्घटना में घायल लोगों की सहायता करने पर प्रशस्ति पत्र दिए। भारी बारिश से हुए भूस्खलन की वजह से मार्ग बाधित होने के कारण यह दोनों समारोह में शामिल नहीं हो सके। इनका सम्मान आरटीओ शिमला अनिल शर्मा ने प्राप्त किया।



**• सभी वार्डों में होगी डॉग वैक्सीनेशन ड्राइव:** डिप्टी सीएम ने रिज मैदान से मेगा डॉग वैक्सीनेशन ड्राइव का शुभारंभ किया। वैक्सीनेशन ड्राइव में प्रयुक्त होने वाले वाहनों को ग्रीन फ्लैग दिखाकर रवाना किया। यह अभियान ह्यूमन पीपल एनजीओ, रामपुर, मिशन रेबीज, नगर निगम शिमला और पशुपालन विभाग, हिमाचल प्रदेश के संयुक्त प्रयास से शिमला शहर में 15 अगस्त से 29 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें शिमला नगर निगम के सभी 34 वार्ड कवर किए जाएंगे और लगभग 4,000 आवारा कुत्तों को रैबीज का टीका लगाया जाएगा।

**• बेटी बचाओ का संदेश देते हवा में छोड़े गुब्बारे:** कार्यक्रम के अंत में डिप्टी सीएम ने चिल्ड्रन ऑफ स्टेट, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत इन योजनाओं का संदेश देकर आसमान में गुब्बारे छोड़े गए। इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा, विधायक ठियोग कुलदीप सिंह राठौर, विधायक रोहड़ू मोहन लाल ब्राक्टा, उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम केहर सिंह खाची, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल आदि मौजूद थे।

**• सांस्कृतिक दलों को भी इनाम:** कार्यक्रम के दौरान जवाहर लाल नेहरू राजकीय ललित कला कॉलेज लोहारब बनुटी की टीम ने देशभक्ति पर आधारित शास्त्रीय नृत्य, जयेश्वरी सांस्कृतिक दल जैस ठियोग ने महासुवी नाटी, सम्भोता तिब्बतियन स्कूल ने तिब्बतियन नृत्य, धामी कॉलेज की टीम ने सोलन का गिद्धा और आरकेएमवी की छात्राओं ने किन्नौरी नाटी की प्रस्तुति दी। परेड के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम ही मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। डिप्टी सीएम ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

दैनिक भास्कर 17 AUG 2025

72

# एनीमिया मामलों में 75 फीसदी कमी लाने वाला सोलन प्रदेश का पहला जिला:शांडिल

## स्वास्थ्य मंत्री बोले- ग्रामीण आर्थिकी के प्रोत्साहन के लिए काम कर रही सरकार

भास्कर न्यूज़ | सोलन /नालागढ़ /सुबाथू/रेणुकाजी/

स्वास्थ्य कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण, ग्रामीण आर्थिकी को प्रोत्साहन और स्वरोजगार व्र रोजगार के बेहतर अवसर सृजित करने के लिए लगातार काम कर रही है। वे देश की स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित जिला समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने शहीद स्मारक पर असंख्य वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक संजय अवस्थी ने भी शहीद स्मारक पर देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

डॉ. शांडिल ने कहा कि देश की रक्षा में हिमाचल के वीर सपूतों ने सदैव योगदान दिया है। हिमाचल के वीर सपूतों के अदम्य साहस और समर्पण के लिए चार परमवीर चक्र, दो अशोक चक्र, 10 महावीर चक्र और 24 कीर्ति चक्र प्रदान किए हैं। ग्रामीण आर्थिकी की मजबूती के लिए जहां गाय और भैंस के दूध के समर्थन मूल्य में रिकॉर्ड वृद्धि की है। वहीं प्राकृतिक पद्धति से उगाई जा रही मक्की, गेहूं और कच्ची हल्दी की खरीद के लिए बेहतर समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से शिमला स्थित अटल सुपर स्पेशियलिटी संस्थान में रोबोटिक शल्य चिकित्सा शुरू कर दी है। प्रथम चरण में प्रदेश के 20 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में डायलिसिस सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में 185 चिकित्सकों, 130 स्टाफ नर्सों, 67 लैब तकनीशियन, 45 फार्मासिस्ट और 61 ऑपरेशन थियेटर सहायकों के पद भरे हैं। शीघ्र ही चिकित्सकों के 200 और पद भरे जाएंगे। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रत्येक जन के सहयोग से सोलन जिला में एनीमिया के मामलों में 75 फीसदी की कमी आई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान (एम्स) नई दिल्ली के सर्वेक्षण के अनुसार ऐसी उपलब्धि प्राप्त करने वाला सोलन जिला प्रदेश का पहला जिला है।



**यहां भी फहराया राष्ट्रीय ध्वज :** उधर ददाहू में स्वतंत्रता दिवस में ददाहू के तहसीलदार जय सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व पुलिस टुकड़ी द्वारा सलामी दी गई। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गान गाया। तहसीलदार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस सबका आजादी से जुड़ा कार्यक्रम है, इसे मिलजुल कर मनाए। उन्होंने देश की आजादी के लिए मर मिटने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। उधर सुबाथू के साथ लगती ग्राम पंचायत रणों में 79वें स्वतंत्रता दिवस मनाया। पूर्व सैनिक अमर सिंह ठाकुर व उनकी पत्नी पुष्पा देवी ने पंचायत भवन में तिरंगा फहराया। सैन्य कर्मचारियों के परिवार के लोगों को भी सम्मानित किया। पंचायत प्रधान संजीव ठाकुर ने सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब रणो पंचायत बनी थी तब से हमने एक नई पहल शुरू की थी की हर 15 अगस्त को पंचायत में सेवानिवृत्त सैनिक द्वारा ही झंडा फहराया जाएगा।

**बेहतरीन सेवा करने वाले नवाजे:** स्वास्थ्य मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर बेहतरीन सेवाएं देने वालों को सम्मानित किया। नरिन्द्र सिंह को बड़ी संख्या में रक्तदान शिविर आयोजित करने समेत अन्य कार्यों को लेकर सम्मानित किया। इसके अलावा ग्राम राजस्व अधिकारी के पद पर कार्यरत प्रतीक शर्मा को भी सम्मानित किया। महिला पुलिस थाना प्रभारी सोलन निरीक्षक कविता को नवाजा गया । थाना प्रभारी धर्मपुर उप निरीक्षक दलीप सिंह को एनडीपीएस अधिनियम के तहत 6 मामलों में 3.82 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त करने एवं अन्य मामलों में सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। नालागढ़ पुराना छात्र विद्यालय प्रांगण में 79वें स्वतंत्रता दिवस मनाया। नालागढ़ कोर्ट परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज पंकज गुप्ता ने कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जिसके उपरांत राष्ट्रगान किया।

दैनिक भास्कर

17 AUG 2025

## रिकांगपिओ में मंत्री जगत सिंह नेगी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



भास्कर न्यूज | रिकांगपिओ

रिकांगपिओ में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। राजस्व बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। नेगी ने प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने कहा कि 15 अगस्त का दिन देश के उन सभी वीरों के नाम होता है जिन्होंने हमे आज़ादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुति दी । कैबिनेट मंत्री ने कहा की मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सहित जनजातीय जिलों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर आईटीबीपी, पुलिस व महिला बल, पुरुष तथा महिला होम-गार्ड, एन.सी.सी. एन.एस.एस, स्काउट एण्ड गाईड, गृह-रक्षा बैंड के जवानों ने परेड में भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कोठी तथा कल्पा के विद्यार्थियों ने भी बैंड शो के माध्यम भव्य परेड में भाग लियाइस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। राजस्व मंत्री ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव की बात है कि हिमाचल आज दूसरे पहाड़ी राज्यों के लिए विकास का आदर्श राज्य बनकर उभरा है। वर्ष 2023 में हिमाचल ने गम्भीर प्राकृतिक आपदा का सामना किया। इससे उबरने के लिए प्रदेश सरकार अपने संसाधनों से आपदा राहत पैकेज वितरित किया।

## शहरी विकास मंत्री ने नाहन में किया ध्वजारोहण,मार्च पास्ट की सलामी ली

**नाहन** | 79वें स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह में लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन चौगान में ध्वजारोहण कर जिला वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस व स्काउट व गाइड की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली। इससे पूर्व उन्होंने डॉ. वाईएस परमार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद चौक पर उन्होंने शहीदों को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि आजादी से आज तक हमने एक लंबा सफर तय किया है। समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलां व संस्थानों के प्रतिभागियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश व जिला का नाम उज्वल करने वाले पैरा धावक वीरेंद्र सिंह को वर्ष व एवं कब्बडी के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने के लिए कृतिका शर्मा व उत्कृष्ट कार्य कर रहे 35 पुलिस जवानों को सम्मानित किया।

**भास्कर खास** कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान, जिला प्रेसिडेंट का होगा चयन

# कांग्रेस ने ऑब्जर्वर किए नियुक्त, आरएस बाली व सुरेश को पंजाब की जिम्मेदारी

अश्वनी वालिया | हमीरपुर

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महत्वपूर्ण संगठन सृजन अभियान के तहत जमीनी स्तर पर पार्टी को सशक्त करने के लिए ऑब्जर्वरों की नियुक्तियां हो रही है। इसी क्रम में पार्टी ने पंजाब झारखंड, उड़ीसा, उत्तराखंड में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं। राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणू गोपाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की अप्रूवल के आधार पर यह नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। इसमें कांग्रेस विधायक एवं हिमाचल टूरिज्म कॉर्पोरेशन के उपाध्यक्ष आरएस बाली व भोरंज विधायक सुरेश कुमार को भी पंजाब की जिम्मेदारी मिली है। पार्टी के इस अभियान के तहत जिला स्तर पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रेसिडेंट के चयन होने हैं। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि राजनीतिक क्षेत्र में विपक्षी पार्टियों के साथ लड़ाई लड़ने को लेकर एक ऐसी टीम तैयार करने की योजना है जो आम लोगों के साथ-साथ पार्टी की नीतियों को हर घर तक पहुंचाने में सक्षम हो। यह ऑब्जर्वर दिए क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ बैठकें आयोजित कर रिपोर्ट भी तैयार करेंगे जिसे पार्टी आलाकमान को सौंपा जाना है। विधायक सुरेश कुमार का कहना है कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उसके तहत जो भी रिपोर्ट होगी उसे आलाकमान को भी सौंपा जाएगा। उनका कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे।



आरएस बाली और सुरेश कुमार।

### कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की कवायद

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के महत्वपूर्ण संगठन सृजन अभियान को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त किए जाने वाले ऑब्जर्वर पार्टी के नियुक्ति वाले क्षेत्रों में जाकर बड़े नेताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन की वर्तमान स्थिति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करेंगे, इस आधार पर एक रिपोर्ट भी तैयार होगी। कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सशक्त करने के लिए कांग्रेस के नेता इस अभियान को महत्वपूर्ण मानते हैं।

73

दैनिक भास्कर 17 AUG 2025

# राजपुर सेक्शन को शिलाई लोक निर्माण विभाग से पांवटा में किया जाएगा शामिल: विक्रमादित्य

## लोनिवि मंत्री बोले- आंज भोज क्षेत्र की मुख्य सड़क को डिस्ट्रिक्ट मेजर रोड का दिया जाएगा दर्जा



**पांवटा साहिब** | पांवटा साहिब विधानसभा के आंज भोज के क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग के राजपुर सेक्शन को शिलाई लोक निर्माण विभाग डिविजन से पांवटा डिविजन में शामिल किया जाएगा। आंज भोज क्षेत्र की मुख्य सड़क को डिस्ट्रिक मेजर रोड़ का दर्जा दिया जाएगा।

इससे इस क्षेत्र की सड़कों का सुधार और चौड़ीकरण होगा। ये बात लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आंज भोज क्षेत्र के टोरु गांव में आयोजित जनसभा में कही। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। क्षेत्र की मुख्य सड़क को डिस्ट्रिक मेजर रोड बनाया जाएगा ताकि सीआरएफ के तहत विकसित किया जा सके। लोनिवि के राजपुर सेक्शन को शिलाई डिविजन से पांवटा डिविजन में मिलाने की घोषणा की।

टोरु के सामुदायिक भवन की ऊपरी मंजिल पर शेड के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। विक्रमादित्य सिंह ने जिला सिरमौर के दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के दौरान पांवटा में 11 करोड़ 48 लाख राशि से निर्माणाधीन कॉलेज भवन का निरीक्षण किया व इसके जल्द निर्माण के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए ताकि जल्द इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर विधायक सुखराम चौधरी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआरवर्मा, चीफ इंजीनियर सुरेश कपूर, डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर, तहसीलदार ऋषभ शर्मा, अवनीत सिंह, नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा निर्मल कौर, ओम प्रकाश कटारिया, तपेन्द्र सैनी, अनिंदर सिंह नोटी, गुरजीत सिंह सैनी, गुरविंदर आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व मंत्री विक्रमादित्य सिंह पांवटा कॉलेज भी निरीक्षण के लिए पहुंचे। गुरु नानक मिशन स्कूल में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और भंगानी-विकासनगर पुल और राजपुर अस्पताल का निरीक्षण भी किया।

**नशा रोकने के लिए आगे आएं सभी लोग :** 46वीं राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ पर मंत्री कहा कि मिशन स्कूल में लगभग 6500 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जो भविष्य में देश के विकास में अपना सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि आज ड्रग्स का प्रचलन युवा पीढ़ी के लिए अभिशाप बना हुआ है जो हम सबके लिए चिंता का विषय है जिसे रोकने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। लोक निर्माण मंत्री ने मिशन स्कूल हरिपुर टोहाना में इंटरलॉकिंग टाइलों के लिए व बास्केटबॉल ग्राउंड नाहन में लाइटिंग की सुविधा के लिए दो लाख देने की घोषणा की।

# ददाहू-बेचड़, जमटा-महीपुर व बिरला सड़क का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा करवाएं अधिकारी

## 10 सड़कों के निर्माण पर 81 करोड़ की राशि होगी खर्च: विक्रमादित्य सिंह

**रेणुकाजी** | लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रेणुका विधानसभा क्षेत्र के गांव बेचड़ का बाग में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले के समापन पर कहा कि प्रदेश का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका अदा करती है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि रेणुका विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 5 सड़क परियोजनाओं पर 59 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है, जिसके तहत ददाहू-बेचड़ का बाग सड़क के अपग्रेडेशन कार्य पर 18 करोड़ की राशि व जमटा-महीपुर सड़क के अपग्रेडेशन कार्य पर लगभग 6 करोड़ की राशि व जमटा-बिरला सड़क के अपग्रेडेशन का कार्य 18 करोड़ से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग को भी निर्देश दिए गए है कि इन तीनों सड़क का निर्माण कार्य मार्च, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के संगड़ाह-पालर सड़क के अपग्रेडेशन कार्य पर 11 करोड़ व पालर-पीडियाधार सड़क निर्माण पर 6 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है। इन सड़क मार्गो का निर्माण दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र में नाबार्ड के अंतर्गत बन रही भराड़ी-भ्रूण सड़क के निर्माण पर 6 करोड़, नौहराधार-चूड़धार वाहन मार्ग निर्माण पर 5 करोड़, चाड़ना-गुदगधार सड़क के निर्माण पर 6 करोड़, रामपुर-पलाऊ सड़क निर्माण पर 3 करोड़ जबकि गेहल-डीमाइना सड़क निर्माण पर 2 करोड़ 50 लाख की राशि व्यय की जा रही है।

**बेचड़ का बाग स्कूल में सांइस लैब के लिए 40 लाख देने की घोषणा :** लोक निर्माण मंत्री ने विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार व विधायक अजय सोलंकी द्वारा रखी गई मांगों को स्वीकार करते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेचड़ का बाग में सांइस लैब के लिए 40 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने बेचड़ का बाग में लोक निर्माण विभाग का विश्रामगृह व भगाडा-मानरिया तक सड़क निर्माण का भी आश्वासन दिया। विक्रमादित्य सिंह ने मेला आयोजन समिति को 51 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। इस मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, पूर्व विधायक कंवर अजय बहादुर, आनंद परमार, योगेश रोल्टा, एसडीएम राजीव सांख्यान, अरविंद शर्मा, तपेंद्र चौहान, मित्र सिंह तोमर, राजेन्द्र ठाकुर , अनिल ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 17 AUG 2025

संडे ) बिग स्टोरी एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीनें बार-बार हो रही खराब

# आईजीएमसी में बिल्डिंग हाईटेक, मशीनें लोटेक, मरीजों को डेट पर डेट

हेल्थ रिपोर्टर | शिमला

आईजीएमसी में मरीजों के इलाज के लिए लगाई मशीनें लगातार खराब हो रही हैं। ऐसे में अस्पताल प्रशासन ने पुरानी मशीनों के अलावा नई मशीनों को दिलाने के लिए सरकार को पत्र भी लिखा है, लेकिन ये सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। जब तक पुरानी मशीनों को बदलने के लिए कोई आदेश नहीं आते, तब तक मरीजों को पुरानी मशीनों पर निर्भर रहना पड़ेगा। मशीनें खराब होने से मरीजों को डेट पर डेट दी जाती है। इन दिनों भी बीच- बीच में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीनें खराब हो रही हैं। इसके अलावा कॉर्डियोलोजी विभाग में इको करने वाली मशीनें भी काफी पुरानी है। हालात इतने खराब है कि एक खराब इको मशीन तो कॉर्डियोलोजी के डॉक्टरों को खुद बार-बार ठीक करनी पड़ रही है। आईजीएमसी में इन दिनों करीब चार हजार से अधिक की ओपीडी हो रही है। आईजीएमसी में सीटी स्कैन और अन्य तरह के टेस्ट करवाने के लिए मरीजों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग में रोजाना सैकड़ों की तादाद में मरीज सिर, छाती और पीठ का सीटी स्कैन करवाने के लिए आते हैं,लेकिन इन मरीजों को डॉक्टरों द्वारा डेट देकर टेस्ट के लिए बुलाया जाता है। मरीजों को एक से डेढ़ महीने तक की डेट मिलती है।

## प्रशासन कई बार बदलने की मांग कर चुका, पर बात नहीं बनी

### ये मशीनें हैं पुरानी

• **लिथोट्रिप्सी मशीनः शॉव वेव जेनरेटर में खराबी...** इस मशीन में जो शॉक वेव जेनरेटर खराब होता रहता है। यह पार्ट स्टोन को तोड़ने का काम करता है। बार-बार इसी पार्ट में खराबी आती है। अस्पताल में लिथोट्रिप्सी मशीन 27 नवंबर 2015 में लगाई गई थी, जिसके बाद से अब तक मशीन कुल 10 से 12 बार खराब हो चुकी है। यही नहीं कई बार तो काम करते करते ये मशीन बीच में रुक जाती है।



• **एक्सरे मशीनःबार-बार होती है हैंग...** आईजीएमसी में रोजाना 500 से अधिक एक्सरे होते हैं। आपातकाल से लेकर अन्य सभी ओपीडी में डॉक्टर रोगियों को एक्सरे के लिए लिखते हैं। ऐसे में आईजीएमसी में एक्सरे मशीन पर काफी भार पड़ता है। इस कारण ये कई बार हैंग हो जाती है। जहां आईजीएमसी में 150 रुपए में एक्सरे हो जाता है, वहीं निजी लैब में 700 रुपए तक वसूले जाते हैं।

• **अल्ट्रासाउंड मशीनःगर्म होते ही बंद...** यहां पर अल्ट्रासाउंड मशीन भी पुरानी हैं। केएनएच और रिपन अस्पताल से भी मरीजों को यहां पर इलाज के लिए भेजा जाता है। जिससे मरीजों की तादाद बढ़ जाती है। ऐसे में बीच-बीच में अल्ट्रासाउंड मशीन गर्म होकर खराब हो जाती है। इससे लोगों को प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ता है।

• **सीटी स्कैनः मरीज ज्यादा कैपेसटी कम...** यही हाल सीटी स्कैन मशीन के हैं। प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल होने के बावजूद लोगों को सिर्फ एक ही सीटी स्कैन मशीन से इलाज हो रहा है। सीटी स्कैन करवाने के आईजीएमसी में 800 रुपए लिए जाते हैं, जबकि प्राइवेट क्लीनिक में 5 हजार रुपए देने पड़ते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर किसी मरीज के पास पैसे नहीं होंगे तो वह कैसे अपना इलाज करवाएगा। सरकार हेल्थ सेक्टर में बेहतर सुविधा देने का दावा तो करती है, लेकिन हकीकत कुछ और ही हैं।

• **आईजीएमसी में लगातार बढ़ रही भीड़ः** आईजीएमसी में लोग सुबह से ही टेस्ट करवाने के लिए कतारों में खड़े हो जाते है। लेकिन लैब में 12 बजे के बाद टेस्ट होते है। सरकारी लैब में 12 बजे तक ही टेस्ट होते है। अधिक सुविधाएं ना होने के कारण मरीजों को निजी लैब में जाकर टेस्ट करवाने पड़ते है। इसके कारण मरीजों पर और ज्यादा बोझ पड़ता है। लैब के कभी मरीजों की रिपोर्ट समय पर नहीं देते है। इसके कारण मरीजों के इलाज करवाने में देरी हो जाती है।

**हम पुरानी मशीनों की जगह नई मशीनें चाहते हैंः एमएसः** आईजीएमसी के एमएस डॉ. राहुल रॉव का कहना है कि हम पुरानी मशीनों से तो काम कर ही रहे हैं, लेकिन इसकी जगह नई मशीनें भी चाहिए। ताकि, मरीजों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हों। इसके लिए हमने सरकार को भी लिखा है। उम्मीद है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान होगा।

75

दैनिक भास्कर 17 AUG 2025

# यूथ कांग्रेस में घमासान, निष्क्रियता के चलते सोलन जिला अध्यक्ष सस्पेंड

## अनु मराठा को किन्नौर जिला युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया

भास्कर न्यूज़|नालागढ़

हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस (युकां) में गुटबाजी से मचा सियासी घमासान इंडियन यूथ कांग्रेस की जांच रिपोर्ट के बाद थम गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के निर्देशों पर की गई जांच में पूर्व सोलन प्रभारी अनु मराठा को क्लीन चिट दी है। वहीं सोलन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष सचिन चौधरी को निष्क्रियता के चलते तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया, जबकि नालागढ़ ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय राणा को अंतिम चेतावनी देकर छोड़ा है। सोलन में दूसरे सबसे ज्यादा वोट हासिल करने वाले गुरुदास चौधरी को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

**नई जिम्मेदारी मिली:** जांच रिपोर्ट आने के बाद अनु मराठा की पार्टी में वापसी हुई है। उन्हें युवा कांग्रेस के रिसर्च विभाग का प्रदेश प्रभारी व किन्नौर जिला युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया है। अनु वर्तमान में युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं।

**विवाद की वजह:** सोलन जिला प्रभारी रहते हुए अनु मराठा ने नालागढ़ में विधायक बाबा हरदीप सिंह के करीबी पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष उदय राणा को शामिल नहीं किया गया। इसी बात को लेकर आपसी तनाव बढ़ा और विवाद गहराया।

### अनु को धमकी प्रकरण से राहत

जुलाई में नगरोटा बगवां में हुई स्टेट एग्जीक्यूटिव मीटिंग के दौरान अनु मराठा को धमकियां मिली थी। उन्होंने पुलिस को शिकायत भी दर्ज कराई थी। इसके बाद अनु को अचानक सोलन जिला प्रभारी पद से हटा दिया गया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। एआईसीसी के निर्देश पर इंडियन यूथ कांग्रेस ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की, जिसने अनु को क्लीन चिट दी।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में बोले पूर्व मुख्यमंत्री

# पीएम विकसित भारत रोजगार योजना सराहनीय कदमः जयराम



मंडी| पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नाम जो संबोधन दिया, उसमें देश के विकास का नया विजन प्रस्तुत हुआ है। सर्किट हाउस मंडी में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुनने के बाद और स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में तिरंगा ध्वजारोहण के बाद जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा को लेकर केंद्र सरकार राज्यों के साथ खड़ी है। निजी क्षेत्र में 3.5 करोड़ रोजगार मिलने पर युवाओं को 15 हजार रुपए की राशि पहली पगार पर देने का निर्णय स्वागत योग्य है। उन्होंने यह भी कहा कि दीपावली से देश में जीएसटी सुधारों को लेकर जो न्यू जेनेरेशन जीएसटी की नई पहल होने जा रही है।

### अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को शिफ्ट करना गलत

जयराम ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य स्तरीय समारोह में पहले से स्थापित अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को नेरचौक से सरकाघाट स्थानांतरित करने की घोषणा कर दी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस फैसले को सरकार की संकीर्ण सोच करार दिया।

# राजनीतिक संरक्षण से पनप रहा अवैध खननः अनुराग

## ऊना में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे थे सांसद

भास्कर न्यूज़|ऊना



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि अवैध खनन राजनीतिक संरक्षण के कारण खनन माफिया के लिए बेखौफ सौदा हो गया है। दो साल पहले रामपुर पुल बाढ़ में क्षतिग्रस्त होने के बाद यहां राज्य सरकार स्थायी पुल निर्माण करने में असमर्थ साबित हुई है। इससे क्षेत्र सहित यहां से गुजरने वाले हजारों लोग परेशान हैं। ठाकुर बीते रोज शुक्रवार को ऊना दौरे के दूसरे दिन ऊना विधानसभा क्षेत्र में बारिश से प्रभावित इलाकों का दौरा करने के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान उनके साथ ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती भी मौजूद रहे। सांसद ने रामपुर, कुठार कलां और जनकौर में जाकर प्रभावित लोगों से मुलाकात की और नुकसान का जायजा लिया। सांसद ने कहा पता चला है कि रामपुर पुल के लिए राज्य सरकार ने अपने बजट में एक लाख मंजूर किया है, जबकि इसका निर्माण 16 करोड़ की लागत से होगा। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से शुरू की जाने वाली वोटर अधिकार यात्रा व वोट चोरी के आरोपों पर सांसद अनुराग ने कहा कि राहुल गांधी यात्रा करें उन्हें कोई नहीं रोकता, राहुल गांधी पहले यह बताएं की वायानाड और रायबरेली में क्या हुआ था। वोटों में घुसपैठ कांग्रेस पार्टी ही करती आई है। चुनाव आयोग सफाई अभियान चलाता है तो इससे किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है।

हिमाचल दस्तक 17 AUG 2025

## राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सीएम ने की घोषणा

# बीच सत्र में रिटायर नहीं होंगे शिक्षक 200 सीबीएसई स्कूल खोले जाएंगे



**हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▌मंडी**

79वां राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह मंडी जिला के सरकाघाट में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यहां ध्वजारोहण किया। उन्होंने ओपन जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और मार्च-पास्ट की सलामी ली। इस मौके पर सीएम ने घोषणा की कि सरकारी शिक्षण संस्थानों से शिक्षक बीच सत्र में रिटायर नहीं किए जाएंगे। ये फरमान स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेजए आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आयुर्वेदिक कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के शिक्षकों पर लागू होंगे। उन्होंने युवाओं के लिए भी नौकरियों का पिटारा खोलते हुए कहा कि सरकार विभिन्न सरकारी संस्थानों में नौकरियां प्रदान करेगी। इसके अलावा उन्होंने राज्य में 200 सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित स्कूल खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पिछले अढ़ाई वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्र में 23,191 युवाओं को नौकरियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि पटवारी के 600 पद, जेबीटी के 600 पद, डॉक्टर के 200 पद और पंचायत सचिव के 300 पद भी भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोगों को पारदर्शी शासन प्रदान कर रही है। गत अढ़ाई वर्षों के कार्यकाल के दौरान हर स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए कार्य किए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने राज्य चयन आयोग की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मैरिट आधारित चयन को बढ़ावा देने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। इसके दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है कि जो लोग नकल करेंगे या नकल करवाने में मदद करेंगे उन्हें तीन साल तक का कारावास होगा और इसके लिए सरकार अगले विधानसभा सत्र में विधेयक भी लाएगी। सीएम सुक्खू ने घोषणा की कि अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी नेरचौक को सरकाघाट विस क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा। इस घोषणा के बाद अब अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के कैंपस निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया।

**● 200 डॉक्टरों, 300 पंचायत सचिवों के पद भरेगी सरकार**

### 2000 ई-थ्री व्हीलर परमिट जारी करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल को देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने का संकल्प लिया है। जनजातीय क्षेत्रों में 100 किलोवाट से एक मेगावॉट तक के सोलर प्रोजेक्ट के लिए 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी और गैर जनजातीय क्षेत्रों में 4 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए 61 करोड़ रुपये तथा बेरोजगार युवाओं के 2000 ई-थ्री व्हीलर टैक्सी के परमिट जारी करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला जिला के चम्याणा अस्पताल में रॉबोटिक सर्जरी शुरू की गई है और इसे शीघ्र ही अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों में भी आरंभ कर दिया जाएगा।

### एंटी चिट्टा वालंटियर योजना शुरू करने की घोषणा

मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए अतिरिक्त 100 करोड़ रुपये जारी करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त आपदा न्यूनीकरण और आजीविका की सुरक्षा के उद्देश्य से 3,000 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की। नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं को चिट्टे से बचाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम लागू किया है और ड्रग तस्करों की 42 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की है। राज्य सरकार ने पुलिस भर्ती में चिट्टा परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने एंटी चिट्टा वालंटियर योजना शुरू करने की भी घोषणा की। योजना के तहत स्वयंसेवकों को पुलिस और आम जनता के मध्य सेतु का काम करने के लिए तैयार किया जाएगा।

हिमाचल दस्तक 17 AUG 2025

# वीसी नियुक्ति को लेकर राजभवन और सरकार के बीच बढ़ी तकरार

## विज्ञापन वापस लेने को कहा तो राजभवन ने बढ़ा दी आवेदन करने की तिथि : सीएम

हिमाचल दस्तक ■ शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वे राज्यपाल का सम्मान करते हैं। विधानसभा से उनके पास कृषि और बागवानी विश्वविद्यालयों के वीसी की नियुक्ति का विधेयक पारित कर मंजूरी को भेजा गया था। उन्होंने कहा कि यह विधेयक काफी समय तक उनके पास लंबित रहा। अब उन्होंने आपत्तियों के साथ इसे वापस भेजा है। सीएम ने कहा कि कैबिनेट ने राजभवन को वीसी नियुक्ति का विज्ञापन वापस लेने को कहा, बावजूद इसके राजभवन ने आवेदन की तिथि को बढ़ा दिया। अब इस पर हाई कोर्ट ने भी संज्ञान लिया है। सीएम सुक्खू ने कहा कि राज्यपाल को कुलाधिपति अर्थात चांसलर की शक्तियां राज्य विधायिका ने प्रदत्त की है। जब सरकार कोई निर्देश देती है तो उस पर अमल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति का पद संवैधानिक नहीं है, राज्यपाल का पद संवैधानिक है। उन्होंने कहा कि कई विश्वविद्यालयों में राज्यपाल को कुलाधिपति की शक्तियां नहीं हैं। दोनों विश्वविद्यालयों में वीसी की नियुक्तियों के मामले में कैबिनेट फैसला करती है कि राज्यपाल से बात की जाए। कैबिनेट ने राज्यपाल को चिट्ठी लिखी। इसके बाद सचिव कृषि ने सरकार के निर्देशों का हवाला देते हुए पदों को विज्ञापित नहीं करने के लिए राजभवन को अवगत करवाया। कैबिनेट ने राजभवन को वीसी नियुक्ति का विज्ञापन वापस लेने को कहा, बावजूद इसके राजभवन ने आवेदन की तिथि को बढ़ा दिया। अब इस पर हाई कोर्ट ने भी संज्ञान लिया है। सीएम ने कहा कि इस पूरे मामले पर राज्यपाल से मिलकर बातचीत के जरिए समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल हमेशा ही हिमाचल के हितों के बात करते हैं और मुझसे चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि सुखाश्रय योजना के साथ साथ भ्रष्टाचार पर नकेल कसने बारे पारित विधेयक राजभवन में लंबित पड़े हैं।

**● मुख्यमंत्री बोले- राज्य विधायिका ने दी हैं चांसलर को शक्तियां**



**चौधरी सरवन कुमार कृषि विवि पालमपुर और बागवानी एवं वानिकी विवि नौणी में वीसी की नियुक्ति को लेकर राजभवन और सरकार के बीच ठन गई है। इन नियुक्तियों को लेकर सरकार व राजभवन दोनों ही अपने आप को सही बता रहे हैं।**

## विश्वविद्यालयों के हित में मैंने जो कुछ किया वह बिलकुल सही था : राज्यपाल

हिमाचल दस्तक ■ शिमला

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालयों के हित में जो कुछ किया है वह सही था। हाई कोर्ट ने उस पर स्टे दिया है वह उसका आदर करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि वह फैसला जनता पर छोड़ेंगे। नौणी और पालमपुर विवि के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है। जनता सोच विचार करे, समझ में अपने आप ही आ जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला में भारत रतन अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए यह बात कही कही। राज्यपाल ने कहा कि वह स्वयं भारत रतन अटल का अनुयायी हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल को अटल जी अपना दूसरा घर मानते थे। राजनीति में अटल बिहारी वाजपेयी ने एक कीर्तिमान स्थापित किया था। जब उनकी सरकार अल्पमत में हो रही थी तो उन्होंने संसद में कहा था कि अगर चिमटे से भी सरकार बचाने के लिए कुछ भ्रष्टाचार करना पड़े तो अटल बिहारी वाजपेयी नहीं करेगा। सरकार चली गई, लेकिन फिर देश की जनता ने उनको भारी बहुमत से प्रधानमंत्री बनाया। आज हम उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आज हम एकत्रित हुए है कि अटल के बताए हुए मार्गों पर हम सब चल सकें, राजनीति कर सकें। लोकतंत्र में राजनीति होती है लेकिन उन्हें लगता है कि उस राजनीति की पूरी तौर पर श्रेष्ठता बनाए रखना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल की जनता का साहस देख मुझे अत्यंत खुशी हुई, जिन सड़कों पर मुझे चलते हुए डर लग रहा था वहां हिमाचल की जनता बहुत तेज चल रही थी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा व अन्य उपस्थित रहे।

**● बोले-हाई कोर्ट के स्टे का आदर, फैसला जनता पर छोड़ेंगे**

